# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com रायपुर, सोमवार 29 जून 2026


## मेस्सी ने रचा इतिहास

- लगातार सात विश्व कप मैचों में मेस्सी के गोल
- तोड़ा जस्ट फॉन्टेन और जैरजिन्हो का रिकॉर्ड



*न्यूयार्क।* अर्जेंटीना के कप्तान लियोनल मेस्सी ने एक बार फिर फीफा विश्व कप के रिकॉर्ड बुक में अपना नाम सुनहरे अक्षरों में दर्ज करा दिया है। 2026 फीफा विश्व कप के ग्रुप जे के आखिरी मुकाबले में जॉर्डन के खिलाफ शानदार फ्री-किक पर गोल दागकर मेस्सी विश्व कप इतिहास में लगातार सात मैचों में गोल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। इस गोल से पहले मेस्सी लगातार छह विश्व कप मैचों में गोल करने के मामले में फ्रांस के दिग्गज जस्ट फॉन्टेन और ब्राजील के महान खिलाड़ी जैरजिन्हो की बराबरी पर थे। लेकिन जॉर्डन के खिलाफ गोल करते ही उन्होंने दोनों को पीछे छोड़ते हुए नया विश्व रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया।

### ऐतिहासिक गोल

मेस्सी की यह ऐतिहासिक गोल करने की लय 2022 फीफा विश्व कप के राउंड ऑफ 16 से शुरू हुई थी। 2026 विश्व कप तक लगातार जारी है। फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर उनकी यह निरंतरता और शानदार प्रदर्शन उन्हें बाकी खिलाड़ियों से अलग बनाता है।

---

### गिरावट से उठा सराफा बाजार, शादियों की खरीदारी से 50 फीसदी कारोबार पटरी पर लौटा

*सोने और चांदी के दाम में लगातार गिरावट ने निवेशकों को निराश कर रखा है। खासकर, चांदी में भारी भरकम निवेश करने वालों को झटका लगा है। अलबत्ता सराफा की रौनक धीरे-धीरे लौट रही है।*

# निवेशकों की नहीं रही 'चांदी', गोल्डन चांस भी कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पखवाड़े भर पहले सराफा की हालत बहुत ज्यादा खराब थी। करीब 80 फीसदी कारोबार चौपट हो गया था। लेकिन दाम कम होने के कारण अब 50 फीसदी तक कारोबार हो रहा है।

सोने और चांदी के दाम में इस सप्ताह अच्छी गिरावट आई है। जो सोना इस सप्ताह सोमवार को 151500 रुपए था, वह शनिवार को बाजार बंद होने पर 147000 रुपए रहा। यानी एक सप्ताह में 45 सौ रुपए दाम ▶▶|शेष पेज 7 पर

### निवेशकों ने खड़े किए हाथ

*सराफा कारोबारियों के मुताबिक दाम कम होने कारण आम खरीदारी हो रही है, लेकिन बड़े निवेशक अब भी बाजार से दूर हैं। सोने-चांदी के दाम को देखते हुए अब कोई भी इसमें निवेश नहीं करना चाहता है। बड़े निवेशकों ने भी निवेश लगभग बंद कर दिया है। प्रदेश में सामान्य समय में रोज जो 50 करोड़ का कारोबार होता है, उसमें से 30 करोड़ तो निवेशकों के ही होते हैं। लेकिन निवेशक अब निवेश बहुत सोच समझकर कर रहे हैं।*



### चांदी के दाम बढ़े नहीं, घटे

*चांदी के आयात पर 16 मई से प्रतिबंध लगा है। इसके एक दिन पहले चांदी के दाम 287600 रुपए थे। चांदी कारोबारी लक्ष्मी नारायण लाहोटी के मुताबिक ऐसी संभावना जताई जा रही थी कि चांदी का आयात बंद होने से निवेशकों की चांदी बाहर आएगी तो दाम बढ़ेंगे। लेकिन दाम बढ़ने के स्थान पर कम हो गए हैं। इस समय चांदी के दाम 230600 रुपए हैं। यानी चांदी के दाम आयात पर प्रतिबंध लगने के बाद 57 हजार रुपए कम हुए हैं।*

### शादियों की हो रही खरीदारी

*सोने और चांदी के दाम कम होने कारण इस समय शादियों की खरीदारी हो रही है। इसके कारण बाजार में थोड़ी रौनक लौटी है। लेकिन कारोबार अभी 50 फीसदी ही हो रहा है।*

*हरख मालू, सराफा कारोबारी*

---


सोने का सच्चा भाव
आनंद का सच्चा भाव
18 कैरेट रेट* (75.00%) = ₹105540/-
22 कैरेट रेट* (91.60%) = ₹128900/-
24 कैरेट रेट* (99.99%) = ₹140706/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
*Conditions apply
aNAND Jewels
Pandri, Raipur


### खबर संक्षेप

**250 अफसरों की 15 साल बाद पदोन्नति**

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े अर्धसैनिक बल केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 250 से अधिक अधिकारियों को आखिरकार 14-15 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद पहली पदोन्नति मिली। वरिष्ठता और रिक्त पदों से जुड़े लंबित सेवा मामलों की अदालतों में सुनवाई के बाद यह बहुप्रतीक्षित पदोन्नति संभव हो सकी। मुख्यालय ने सहायक कमांडेंट (एसी) रैंक के 263 अधिकारियों को पदोन्नत कर उप कमांडेंट (डीसी) बनाया।

## पीएम मोदी को सेशेल्स में 'गार्जियन ऑफ द ब्लू होराइजन' की मानद उपाधि

**प्रधानमंत्री ने सेशेल्स की संसद को किया संबोधित, कहा- अवसरों का सागर बनेगा हिंद महासागर**

# रक्षा और समुद्री सुरक्षा को मिली नई ताकत, यूपीआई-अंतरिक्ष पर डील

*सेशेल्स दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिंद महासागर को 'अवसरों का महासागर' बनाने की बात कही। राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी के साथ वार्ता में दोनों देशों ने समुद्री सुरक्षा, आर्थिक सहयोग और डिजिटल कनेक्टिविटी को मजबूत करने पर जोर दिया। भारत और सेशेल्स के बीच रक्षा, यूपीआई डिजिटल पेमेंट, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य और शिक्षा समेत 19 अहम समझौते हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'गार्जियन ऑफ द ब्लू होराइजन' की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया।*

एजेंसी ▶▶| विक्टोरिया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सेशेल्स के राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी के बीच हुई वार्ता के बाद भारत और सेशेल्स ने रविवार को 19 महत्वपूर्ण समझौतों की घोषणा की, जिससे रक्षा और समुद्री सुरक्षा से लेकर डिजिटल भुगतान, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य देखभाल, कृषि और शिक्षा सहित कई क्षेत्रों में सहयोग का विस्तार किया जाएगा। ये समझौते हिंद महासागर में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण द्वीपीय देश सेशेल्स के साथ सुरक्षा, संपर्क, क्षमता निर्माण और विकास साझेदारी के क्षेत्रों में भारत की बढ़ती ▶▶|शेष पेज 7 पर

### समुद्री सुरक्षा को प्राथमिकता

विदेश मंत्रालय के अनुसार, इस बैठक में दोनों देशों ने रक्षा और समुद्री सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। भारत ने सेशेल्स को एक तेज गश्ती जहाज उपहार में दिया है। इसके साथ ही, सेशेल्स रक्षा बल को 10 उपयोगिता वाहन और पांच लेजर रेडियल क्लास नावें सौंपी गई हैं।



### यूपीआई और अंतरिक्ष में साझा उड़ान

भारत की डिजिटल ताकत अब सेशेल्स में भी दिखेगी। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड और सेंट्रल बैंक ऑफ सेशेल्स के बीच एक बड़ा समझौता हुआ है।

### सेहत का ख्याल

स्वास्थ्य क्षेत्र में भी दोनों देशों ने बड़े कदम उठाए हैं। सेशेल्स में नए राष्ट्रीय अस्पताल के निर्माण की शुरुआती तैयारियों के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इसके साथ ही, भारत की कंपनी एचएलएल लाइफकेयर लिमिटेड और सेशेल्स के स्वास्थ्य मंत्रालय के बीच जन औषधि योजना को लेकर समझौता हुआ है।

### पांच बड़ी बातें

- **साझा घर की सुरक्षा :** दोनों देशों ने माना कि हिंद महासागर हमारा साझा घर है।
- **महासागर विजन:** यह दृष्टिकोण भारत की 'महासागर' नीति का मुख्य हिस्सा है।
- **अटूट रक्षा संबंध:** रक्षा और सुरक्षा एक-दूसरे से पूरी तरह जुड़ी हुई है।
- **आर्थिक मजबूती:** दोनों देशों के आर्थिक सहयोग को और अधिक लचीला बनाया जाएगा।
- **डिजिटल इंडिया की मदद**

---

**नातिन को बचाते डसा सांप**

## सर्पदंश से नानी-नातिन की मौत, गांव में पसरा मातम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजपुर

ग्राम पंचायत कोटा गहना में उस समय हड़कंप मच गया जब देर रात जहरीले सांप ने नानी-नातिन को डस लिया। नानी की घर में ही जबकि बालिका की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि देर रात जब जहरीले सांप ने बालिका को डसा तो नानी उसे सांप से बचाने लगी तभी सांप से उसे भी कई जगह डस लिया था। एक ही परिवार के दो सदस्यों की एक साथ मौत हो जाने से गांव में शोक का माहौल है।

जानकारी के अनुसार ग्राम घोरघड़ी ▶▶|शेष पेज 7 पर

### मौके पर पहुंची पुलिस

*घटना की सूचना मिलने पर राजपुर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद दोनों लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है। स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन ने ग्रामीणों से घरों के आसपास साफ-सफाई बनाए रखने, जमीन पर सोने से बचने तथा सांप काटने की स्थिति में झाड़-फूंक के बजाय बिना देरी किए तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचने की बात कही है।*

---

**इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए अब आयु सीमा समाप्त**

## 30 वर्ष से अधिक आयु वाले भी अब कर सकेंगे इंजीनियरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

प्रदेश के इंजीनियरिंग महाविद्यालयों में दाखिले के लिए इस बार आयु सीमा की बाध्यता नहीं रहेगी। अब तक 30 वर्ष तक ही छात्रों को इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में दाखिले की पात्रता थी, लेकिन अब कोई भी आयु वर्ग का व्यक्ति इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकेगा। तकनीकी शिक्षा संचालनालय द्वारा काउंसिलिंग शेड्यूल जारी कर दिया गया है। इसके साथ ही नए नियम भी उनके द्वारा घोषित कर दिए गए हैं। काउंसिलिंग प्रक्रिया 30 जून से प्रारंभ होगी।

बीते कई सत्रों से इंजीनियरिंग सीटें पूर्ण रूप से नहीं भर पा रही हैं। बीते सत्रों में ▶▶|शेष पेज 7 पर

### 30 से काउंसिलिंग



### ऐसा है शेड्यूल

- **प्रथम चरण :** प्रथम चरण के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 30 जून से 6 जुलाई तक होगा। मेरिट सूची 7 जुलाई को जारी की जाएगी। 8 जुलाई तक दावा-आपत्ति पेश कर सकेंगे। आवंटित सीटों की सूची 10 जुलाई को जारी होगा। चयनित अभ्यर्थियों को 11 से 15 जुलाई के बीच संबंधित कॉलेज में प्रवेश लेना होगा।
- **द्वितीय चरण :** इसके लिए पंजीयन 17 से 21 जुलाई तक होंगे। 22 जुलाई को मेरिट सूची जारी की जाएगी। दावा आपत्ति के लिए सिर्फ 23 जुलाई तक का समय मिलेगा। दूसरे चरण की चयन सूची 25 जुलाई को जारी होगी। जिन छात्रों के नाम इस सूची में होंगे, उन्हें 30 जुलाई तक प्रवेश लेना होगा।
- **संस्थागत काउंसिलिंग :** दो चरणों की काउंसिलिंग के बाद भी यदि सीटें रिक्त रह जाती हैं तो इन्हें संस्थास्तर पर काउंसिलिंग के माध्यम से भरा जाएगा। इसके लिए पृथक रूप से पंजीयन की आवश्यकता होगी। 1 से 6 अगस्त तक संस्था स्तर पर होने वाली काउंसिलिंग के लिए पंजीयन होंगे। मेरिट सूची 9 अगस्त को जारी होगी।

---

**भारत माला सड़क पर हादसा**

## सैर पर निकले तीन ग्रामीणों को रौंदा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर-चांपा

भारत माला सड़क पर तेज रफ्तार वाहन ने तीन ग्रामीणों को रौंद दिया। हादसे में तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों को टक्कर मारने के बाद वाहन समेत चालक फरार हो गया। घटना बलौदा थाना क्षेत्र के कोरबी की है। जानकारी के अनुसार डोंगरी और कोरबी के रहने वाले तीन ग्रामीण रविवार 28 जून की सुबह सैर के लिए निकले थे। सुबह करीब 6 बजे 62 वर्षीय दिलहरण दास वैष्णव, 52 वर्षीय केदार बरेठ और 70 ▶▶|शेष पेज 7 पर

### अधूरा है काम

दरअसल भारत माला परियोजना का काम अभी पूरा नहीं हुआ है। ऐसे में इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही कम है। जो वाहन इस मार्ग पर चलते हैं वो सड़क खाली होने के कारण तेज रफ्तार से दौड़ते हैं। यही वजह है कि इस मार्ग पर हादसे सामने आ रहे हैं। रविवार को हुआ हादसा भी तेज रफ्तार के कारण ही हुआ। तीनों ग्रामीण सड़क किनारे पैदल टहल ▶▶|शेष पेज 7 पर

---

**पद्मश्री डॉ. बुधरी ताती से डॉ. हिमांशु द्विवेदी की खास मुलाकात**

# जीवन अध्यात्म की राह पर था, फिर खुद को समाज के लिए समर्पित कर दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

डॉ. बुधरी ताती बहुत चर्चित नाम नहीं हैं, लेकिन उनका काम अगर आप जानेंगे तो हैरत में पड़ जाएंगे। सुदूर बस्तर, जो अरसे तक नक्सल हिंसा से प्रभावित रहा, उस खतरनाक दौर में भी डॉ. बुधरी ताती अपनी जान हथेली पर लेकर महिलाओं के जीवन में बदलाव लाने के लिए प्रयासरत रहीं। तकरीबन 35 साल उन्होंने इस क्षेत्र में लगा दिए। अभी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें एक भव्य समारोह में प्रतिष्ठित पद्मश्री से सम्मानित किया। सम्मान प्राप्ति के बाद वह छत्तीसगढ़ वापस लौटी, उनके साथ खास मुलाकात की हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने। डॉ. बुधरी ताती का कहना है, उन्होंने आध्यात्मिक जीवन से सामाजिक जीवन में आकर सामाजिक काम करना पसंद किया और महिलाओं को साक्षर करने के अलावा छोटे बच्चों के लिए भी काम किया।




- आपकी पहली प्रतिक्रिया क्या थी, जब आपको पता चला कि इस साल सरकार ने आपको पद्मश्री के लिए चुना है?
- बहुत गौरव की बात है, सुदूर गांव में रहने वाली ऐसी हमारी जैसी बहनों के लिए। कभी नहीं सोचा थे जीवन में कि ऐसा भी कभी समय आएगा। मैं तो सबसे पहले शासन-प्रशासन, केंद्र सरकार को बहुत-बहुत धन्यवाद और बधाई देना चाहती हूं कि हम जैसे लोगों को चिन्हित किया और पद्मश्री से सम्मानित किया।
- जीवन कहां से शुरू होता है बुधरी दीदी का?
- अपने जीवन के बारे में मैं क्या बोलूं, मैं इरानार गांव की हूं। यहां मेरा जन्म हुआ है। जब मैं 8-9 साल की छोटी बच्ची थी, तब से मैं एक आध्यात्मिक जगह दिव्य जीवन संघ, गुमरगुंडा जो ऋषिकेश से ▶▶|शेष पेज 7 पर

---

# श्री अनंत अंबानी ने तिरुमला में केश समर्पित किए सुप्रभात सेवा में लिया भाग

**तिरुमला, 28 जून:** रिलायंस इंडस्ट्रीज़ के कार्यकारी निदेशक श्री अनंत अंबानी ने रविवार तड़के तिरुमला स्थित भगवान श्री वेंकटेश्वर के पवित्र धाम में दर्शन एवं पूजा-अर्चना कर अपनी गहरी आस्था और श्रद्धा का परिचय दिया।

श्री अनंत अंबानी रविवार प्रातः लगभग 1 बजे तिरुमला पहुंचे और भगवान श्री वेंकटेश्वर स्वामी के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हुए प्राचीन परंपरा के अनुसार अपने केश समर्पित किए। यह समर्पण श्रद्धा, विनम्रता और पूर्ण आत्मसमर्पण का प्रतीक माना जाता है, जिसका पालन प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालु करते हैं।

उनकी यह यात्रा इस बात का प्रतीक रही कि समय और परिस्थितियाँ चाहे जितनी बदल जाएँ, आस्था और अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ाव सदैव कायम रहता है।

प्रातः लगभग 3:30 बजे श्री अनंत अंबानी ने भगवान के जागरण के पावन अनुष्ठान सुप्रभात सेवा में भाग लिया। दर्शन के उपरांत मंदिर के वैदिक आचार्यों ने उन्हें वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आशीर्वाद प्रदान किया। वहीं, तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के कार्यकारी अधिकारी ने उन्हें मंदिर का पवित्र स्मृति-चिह्न एवं प्रसाद भेंट किया।

अपनी यात्रा के दौरान श्री अनंत अंबानी ने मंदिर की गोशाला का भी दौरा किया, जहाँ उन्होंने गौमाता एवं मंदिर के हाथियों के प्रति श्रद्धा व्यक्त की तथा उनके साथ समय बिताया।

इसके पश्चात वे तिरुपति स्थित श्री पद्मावती अम्मावारी मंदिर पहुंचे और वहां दर्शन-पूजन कर अपनी आध्यात्मिक यात्रा का समापन किया। वे प्रातः लगभग 6:30 बजे तिरुपति से रवाना हुए।









श्री अनंत अंबानी की यह यात्रा भारत की आध्यात्मिक परंपराओं एवं समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रति उनकी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है। देश के सबसे प्रतिष्ठित तीर्थस्थलों में से एक तिरुमला में आयोजित प्रातःकालीन धार्मिक अनुष्ठानों के दौरान हजारों श्रद्धालुओं ने उनकी इस आध्यात्मिक यात्रा का साक्षी बनने का सौभाग्य प्राप्त किया।

रिलायंस इंडस्ट्रीज के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनंत अंबानी एक बार फिर अपनी धार्मिक आस्था को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने आंध्र प्रदेश के प्रसिद्ध तिरुपति बालाजी मंदिर में भगवान वेंकटेश्वर स्वामी के दर्शन किए और परंपरा के अनुसार अपना मुंडन (केश दान) कराया। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं।

**भगवान के चरणों में केश दान**

तिरुपति बालाजी मंदिर में हर साल लाखों श्रद्धालु भगवान वेंकटेश्वर स्वामी के दर्शन के बाद अपने बाल दान करते हैं। इसे केश दान की परंपरा कहा जाता है। अनंत अंबानी ने भी इसी परंपरा का पालन करते हुए मंदिर परिसर में अपना मुंडन कराया।

**क्या है केश दान की मान्यता?**

हिंदू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, केश दान अहंकार के त्याग और भगवान के प्रति पूर्ण समर्पण का प्रतीक माना जाता है। श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूरी होने या भगवान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए भी अपने बाल अर्पित करते हैं। माना जाता है कि भगवान के सामने सभी भक्त समान होते हैं और आस्था सबसे बड़ी होती है।

**सोशल मीडिया पर वायरल हुईं तस्वीरें**

अनंत अंबानी के मुंडन की तस्वीरें सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर लोग उनकी सादगी और धार्मिक आस्था की सराहना कर रहे हैं। कई यूजर्स ने इसे सनातन परंपरा और भगवान के प्रति समर्पण का प्रतीक बताया।

**अंबानी परिवार की गहरी आस्था**

अंबानी परिवार लंबे समय से देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर दर्शन करता रहा है। मुकेश अंबानी, नीता अंबानी, आकाश अंबानी, ईशा अंबानी और अनंत अंबानी कई बार अयोध्या राम मंदिर, तिरुपति बालाजी, द्वारकाधीश, बद्रीनाथ, केदारनाथ और अन्य प्रसिद्ध मंदिरों में पूजा-अर्चना करते नजर आ चुके हैं।

**क्यों खास है तिरुपति बालाजी?**

आंध्र प्रदेश स्थित तिरुपति बालाजी मंदिर देश के सबसे प्रसिद्ध और सबसे अधिक दर्शन किए जाने वाले मंदिरों में से एक है। यहां हर दिन हजारों श्रद्धालु भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन करने पहुंचते हैं और बड़ी संख्या में भक्त केश दान की परंपरा निभाते हैं।

'सराफा महासम्मेलन 2026' के आयोजन में प्रदेशभर के व्यापारी पहुंचे

# बिलासपुर को भी मिलेगी जेम्स एंड ज्वेलरी पार्क की सौगात, स्वर्णकला बोर्ड के गठन पर भी मंथन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के वर्तमान कार्यकाल की तृतीय आमसभा के अवसर पर मंगला स्थित रामदेव लॉन में भव्य 'सराफा महासम्मेलन 2026' सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। 2 साल बेमिसाल , तीसरा साल बनेगा नई मिसाल के दूरदर्शी संकल्प के साथ आयोजित इस महासम्मेलन में समूचे छत्तीसगढ़ राज्य से हजारों की संख्या में सराफा व्यापारी 'बिलासपुर चलो...' के आह्वान पर एकत्रित हुए। कार्यक्रम का संयोजन जिला बिलासपुर सराफा एसोसिएशन एवं समस्त क्षेत्रीय इकाइयों द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि उप-मुख्यमंत्री अरुण साव, उप-मुख्यमंत्री विजय शर्मा, बिल्हा विधायक धर्मलाल कौशिक, तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, पूर्व विधायक कृष्ण कुमार बांधी सहित बड़ी संख्या में सराफा पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कमल सोनी ने छत्तीसगढ़ शासन को जेम्स एंड ज्वेलरी पार्क की भूमि आवंटन हेतु आभार व्यक्त करते हुए जल्द ही इसे क्रियान्वित करने की बात कही गई। इसके साथ ही बिलासपुर में भी जेम्स एंड ज्वेलरी पार्क व स्थानीय कारीगरों के संरक्षण और पारंपरिक व्यापार को बढ़ावा देने के लिए 'स्वर्णकला बोर्ड' के तत्काल गठन की मांग की। इस पर मंच में आसीन उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बिलासपुर में जेम्स एंड ज्वेलरी पार्क की फाइल तत्काल निगम कमिश्नर प्रकाश सर्वे को आगे बढ़ाने की बात कही। धारा 317 BNS/ 411 IPC के दुरुपयोग को रोकने और सराफा व्यापारियों के हितों की रक्षा हेतु नियमों के सरलीकरण पर विस्तृत चर्चा होने के बाद उप मुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा ने धारा 317 से जुड़े व्यापारियों के परेशानियों पर आज ही इस विषय में विभाग से चर्चा करने की बात कही हैं। जिससे सराफा व्यापारियों को व्यापार करने में किसी तरह की दिक्कत ना हो। समापन अवसर में पहुंचे केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने कहा कि बिलासपुर के विकास के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर रक्तदान शिविर लगा।

### वरिष्ठों व सराफा की सभी इकाइयों का हुआ सम्मान

कार्यक्रम में सराफा रत्न से संस्थापकों, पूर्व अध्यक्षों तथा सक्रिय वरिष्ठ सदस्यों सहित सभी जिले के इकाइयों का सम्मान किया गया। इसी सत्र में बीआईएस एवं जीएसटी के शीर्ष अधिकारियों द्वारा एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें नए नियमों, हॉलमार्किंग और टैक्स प्रक्रियाओं के संबंध में व्यापारियों की शंकाओं का समाधान किया गया।

### इनका भी रहा योगदान

इस विशाल आयोजन को सफल बनाने में जिला बिलासपुर सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कल्याण सिंह, सचिव दीपक सोनी, कोषाध्यक्ष आलोक सोनी और कार्यकारी अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय की मुख्य भूमिका रही। प्रांतीय टीम से प्रदेश सचिव प्रकाश गोलछा, प्रदेश कोषाध्यक्ष हर्षवर्धन जैन, प्रदीप घोरपड़े चेयरमैन, संजय कुमार कानूनगो, उत्तम चंद भंडारी, मदन अग्रवाल, राजू डुग्गड, राजेश सोनी, सुनील सोनी और मीडिया प्रभारी आलोक सोनी ने पूरे कार्यक्रम का कुशल प्रबंधन किया। अंत में सभी आगंतुक अतिथियों एवं आभार प्रदर्शन के साथ इस ऐतिहासिक महासम्मेलन का समापन हुआ।

# एक ट्रेक पर आई ट्रेन-मालगाड़ी, रेलवे ने कहा-कोई खतरा नहीं

**हरिभूमि न्यूज/बिलासपुर।** रेल प्रशासन ने डिवीजन और जोन के सभी सेक्शन में आटो सिग्नलिंग का कार्य 90 फीसदी से अधिक कर दिया है, जिसमें एक ट्रेक पर तीन से चार ट्रेनों का परिचालन 60 से 70 मीटर तक एक साथ किया जा सकता है। आटो सिग्नलिंग में एक ही ट्रेक पर मालगाड़ियां, यात्री गाड़ियों का परिचालन एक साथ शुरु कर दिया गया है। इस सिग्नल में ट्रेन परिचालन से किसी प्रकार के खतरे और दुर्घटना की आशंका नहीं है। रेल प्रशासन के इस आटोमैटिक सिग्नलिंग पर ट्रेनों के परिचालन पर कुछ लोग सोशल मीडिया में वीडियो डालकर भ्रांतियां फैलाने की कोशिश करते हुए यात्रियों को भयभीत करने का कार्य कर रहे हैं। रविवार को छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस और मालगाड़ी के एक ही पटरी पर आने का वीडियो डाला गया है। यह वीडियो कब का है,स्पष्ट नहीं है।



### ट्रेनों को कोई खतरा नहीं: सिंह

इस संबंध में बिलासपुर रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह का कहना है कि रेलवे सारे कार्यों को पूरी जांच परख करने के बाद ही पूरा करती है। इसमें आटोमैटिक सिग्नलिंग भी है, जिसमें एक ही ट्रेक पर ट्रेनों का परिचालन 60 से 100 मीटर की दूरी पर किया जा सकता है। इससे ट्रेनों को कोई भी खतरा नहीं है। कुछ लोग इसमें भ्रांतियां फैलाने की कोशिश कर रहे हैं, जिससे यात्रियों को सावधान रहना चाहिए।






रायपुर
सोमवार 29 जून 2026
ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा
वर्ष : 24, अंक : 339
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 31.5
न्यून. 24.6

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

5 काम के प्रति ईमानदार होने...



विचार पेज
4 लोकतंत्र का एंकाउंटर हो रहा है

*राज्य अतिथि का सम्मान प्राप्त आचार्य सुधांशु जी महाराज ने साक्षात्कार में बेबाकी से दिए जवाब*

# राममंदिर केस पर सुधांशु महाराज ने कहा-चढ़ावा और चंदा चोरी करने वालों को मिलनी चाहिए सजा

*देश, समाज में बढ़ते अपराध के पीछे की वजह सोशल मीडिया में दिखाई जा रही हिंसा*

लवकुश शुक्ला ▶▶| रायपुर

रामंमदिर चढ़ावा चोरी केस पर आचार्य सुधांशु जी महाराज का कहना है, अयोध्या के राम मंदिर से लोगों की आस्था और समपर्ण जुड़ा है। चढ़ावा और चंदा की राशि की चोरी धर्म प्रेमियों के लिए बड़ी चोट है। ऐसा घृणित कृत्य करने वालों को सजा मिलनी चाहिए। इसके लिए संविधान में प्रावधान है। कानून उन्हें सजा देगा।

खास खबर

## हरिभूमि से खास मुलाकात में कई मुद्दों पर आचार्य से हुई बात



### धर्म के प्रति अडिग रहने की जरूरत

आचार्य ने एक सवाल के जवाब में कहा कि चर्च के साथ कॉन्वेंट स्कूल, मस्जिदों के साथ मदरसा संचालित किए जा रहे हैं। राम-कृष्ण और श्रवण कुमार की धरा पर माता-पिता और संत-महंतों के घृणित कार्य आहत करते हैं। लेकिन इससे डर और भय से बचते हुए धर्म के प्रति अडिग रहने की जरूरत है।

चढ़ावा और चंदा चोरी के मामले में ब्राह्मण ही नहीं दूसरे जाति के लोग भी शामिल है। बुराई के लिए कोई जाति विशेष नहीं होती, जब भी कही इस तरह के हालात बनते हैं, वहां नैतिकता और लालच के प्रभाव से इस तरह की स्थितियां निर्मित होती है। इससे धर्म प्रेमी आहत हैं, लेकिन आस्था अडिग है।

उन्होंने समाज में बढ़ती हिंसा पर कहा कि देश, समाज और परिवार में बढ़ते अपराध के पीछे बड़ी वजह सोशल मीडिया पर दिखाए जाने वाले हिंसा के दृष्य प्रमुख कारण है। इसके लिए संस्कारों के अभाव में बढ़ता नशे का सेवन भी बड़ा कारण है।

हरिभूमि से साक्षात्कार में बेबाकी से सवालों का जवाब देते हुए आचार्य सुधांशु जी महाराज ने कहा कि अब संस्कार केन्द्रों से बच्चों और युवाओं को जोड़ने की जरूरत है। विश्व जागृति मिशन के संस्थापक एवं आचार्य सुधांशु जी महाराज शनिवार और रविवार को ▶▶|शेष पेज 7 पर

### लोगों की नजर में गिरना बड़ी सजा

कतिपय संतों के अशोभनीय आचरण से जुड़े सवाल का जवाब देते हुए महाराज ने कहा कि कुछ लोग धर्म का चोला पहनकर अनैतिक कार्य में संलिप्त होते हैं, चंपत राय जैसे स्वच्छ छवि वाले व्यक्ति की छवि भी धूमिल हुई हैं। दो चार संत और महंत अगर गलत निकल जाते हैं, तो इससे सबसे बड़ा नुकसान संतो को भुगतना पड़ता है। कई बार संत सही होते हुए भी साजिश का शिकार हो जाते हैं। जिन लोगों ने ऐसे संतो को सम्मान दिया, उनकी नजर में गिरना उनके लिए बड़ी सजा है। भारत जिस प्रकार प्रगति कर रहा है। वह एक अच्छा संकेत हैं, आने वाले समय में निश्चित रूप से हम विश्व गुरु बनेंगे।

## एक्शन में सरकार, एक साथ आठों आरोपियों के ठिकानों पर छापेमारी

# चढ़ावा चोरी के 'सबूत' तलाशने के घरों तक पड़ताल, बैंक खाते-दस्तावेजों को टटोला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अयोध्या

*अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावा चोरी को लेकर पुलिस ने अब ताबड़तोड़ छापेमारी शुरू कर दी है। चोरी के मामले में 80 लाख रुपए से ज्यादा की बरामदगी और रुपयों की गिनती से जुड़े आठ लोगों की गिरफ्तारी के बाद इनके घरों पर छापेमारी की गई है। सभी आरोपियों के खिलाफ तगड़ा एक्शन लेने के लिए पुलिस की टीमें साक्ष्य जुटाने की कोशिश में जुटी हैं।*

पुलिस की टीम सभी आठ आरोपियों के आवासों पर रविवार को एक साथ छापेमारी की। यह कार्रवाई मामले की जांच के सिलसिले में की गई। स्थानीय मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पुलिस दलों ने लव कुश मिश्रा, अविनाश शुक्ला और रामाशंकर यादव समेत सभी आरोपियों के घरों की तलाशी ली। सूत्रों के मुताबिक, तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपी मनीष यादव के घर से आधार कार्ड, पैन कार्ड और बैंक खातों से संबंधित दस्तावेज बरामद किए। इसके लिए पुलिस ने उसके परिजनों से बंद मकान खुलवाया। अन्य आरोपियों के घरों की भी तलाशी ली गई, जहां परिजनों से पूछताछ की गई और दस्तावेजों की जांच की गई। सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने कुछ आरोपियों की संपत्ति, उनके पिछले रिकॉर्ड और गतिविधियों के बारे में जानकारी जुटाने के लिए उनके पड़ोसियों और रिश्तेदारों से भी पूछताछ की। अयोध्या ▶▶|शेष पेज 7 पर

खास खबर

- चंपत के करीबी के घर पर भी दी गई दबिश, हुई पड़ताल
- 80 लाख रुपए मिलने के बाद ताबड़तोड़ छापेमारी
- कई लोगों के घर खुलवाने में पुलिस को करनी पड़ी मशक्कत



### इधर, महासचिव के लिए नृपेंद्र मिश्रा समेत 3 नामों पर मंथन

सूत्रों के अनुसार, राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव पद पर संघ का दबदबा बना रहेगा। इस पद पर संघ का ही कोई पदाधिकारी बैठेगा। इस पदाधिकारी का संतों के बीच लोकप्रिय, मिलनसार के साथ ईमानदार रिकॉर्ड का खोजा जा रहा है। इस पद के लिए भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा का भी नाम चल रहा है। इस पद के लिए ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंददेव गिरि और ट्रस्टी कृष्णमोहन के नाम की भी चर्चा है। स्वामी गोविंददेव के लिए कोषाध्यक्ष का पद पहले से ही महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हालांकि, नृपेंद्र मिश्रा के नाम पर सहमति ट्रस्ट के सदस्यों के बीच नहीं बन पा रही है। ऐसे में संघ यहां पर हस्तक्षेप कर सकता है।

### आठों आरोपी भेजे गए जेल

यह बड़ी कार्रवाई उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बनाई गई तीन सदस्यों की एसआईटी की शुरुआती रिपोर्ट के बाद शुरू हुई है। कोर्ट ने दो दिन पहले ही सभी आठ आरोपियों को 29 जून तक के लिए जेल भेजा था। पुलिस सोमवार को इन सभी आरोपियों को दोबारा कोर्ट में पेश करेगी। मामले की कड़ियों को जोड़ने और आगे की पूछताछ के लिए पुलिस अदालत से इन सभी की कस्टडी रिमांड मांगेगी, ताकि बाकी की रकम और संपत्ति का भी पता लगाया जा सके।

### परिजनों और पड़ोसियों से पूछताछ

कार्रवाई के दौरान स्थानीय मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पुलिस आरोपियों के परिजनों से पूछताछ की, साथ ही आसपास रहने वाले लोगों से भी इन आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस यह जानने की कोशिश कर रही है कि आरोपियों की गतिविधियां पिछले कुछ समय में कैसी थीं और क्या मामले से जुड़ा कोई अहम सुराग मिल सकता है।

# 2 देश, 2 हादसे और 25 की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶|नई दिल्ली

रविवार को फ्रांस और सऊदी अरब में दो बड़े विमान हादसे हुए। इसमें करीब 25 लोगों की मौत हो गई है। सुबह नैन्सी के पास फ्रांस के शहर टॉम्ब्लेन में स्काईडाइवर्स को ले जा रहा एक सिविलियन एयरक्राफ्ट क्रैश हो गया, जिसमें सवार सभी 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि रविवार को सऊदी अरब के रास तनुरा में एक हेलीकॉप्टर क्रैश होने से कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई। नैन्सी के पास फ्रांस के शहर टॉम्ब्लेन में स्काईडाइवर्स के पास एयरक्राफ्ट लोकल टाइम के हिसाब से सुबह करीब 11 बजे क्रैश हुआ, जिसमें सवार सभी 11 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में पायलट और 10 पैसेंजर शामिल थे इनमें पांच स्टूडेंट स्काईडाइवर्स और पांच इंस्ट्रक्टर थे। अधिकारियों ने रिस्पॉन्स ऑपरेशन शुरू किया और इमरजेंसी सर्विस क्रैश साइट पर पहुंच गईं। क्रैश के समय एयरक्राफ्ट में स्काईडाइवर्स का एक ग्रुप था।

**फ्रांस-सऊदी अरब में प्लेन क्रैश**

### फ्रांस में पांच छात्रों समेत 11 की गई जान

उत्तर-पूर्वी फ्रांस में रविवार को 'स्काइडाइविंग' में इस्तेमाल होने वाला एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे इसमें सवार सभी 11 लोगों की मौत हो गई। हादसे के तुरंत बाद राहत और बचाव टीमें मौके पर पहुंच गईं, लेकिन किसी को बचाया नहीं जा सका। हादसे में विमान के पायलट समेत सभी 10 यात्री मारे गए। मृतकों में पांच छात्र और पांच इंस्ट्रक्टर शामिल थे।




### सऊदी अरब में हेलीकॉप्टर क्रैश

सऊदी अरब के रास तनुरा शहर में सऊदी अरामको का एक हेलीकॉप्टर क्रैश होने से कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई। क्रैश में मारे गए सभी लोग सऊदी नागरिक थे। रास तनुरा में हेलीकॉप्टर क्रैश का कारण अभी पता नहीं चला है, और जांच चल रही है। एक बयान में, सऊदी अरब के एनर्जी मंत्रालय ने कहा कि संबंधित अधिकारियों द्वारा क्रैश के पीछे के कारण का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है।


## खबर संक्षेप

### चंबा में कार नदी में गिरने से चार की मौत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में नकरोड़-हिमगिरी मार्ग पर एक कार बैरा सिउल नदी में गिर गई, जिससे उसमें सवार चार लोगों की मौत हो गई। यह घटना नदी पर बने एक बांध के पास हुई। चुराह उपमंडल में शनिवार देर रात हुए इस हादसे में कार में सवार चारों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इस दुर्घटना की जानकारी सुबह मिली, जिसके बाद पुलिस और स्थानीय प्रशासन की टीम घटनास्थल पर पहुंचीं।

### 3.7 टन से अधिक जब्त मादक पदार्थ नष्ट

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के सांबा जिले में एक निस्तारण केंद्र पर पुलिस द्वारा उधमपुर में जब्त की गई 1.318 किलोग्राम हेरोइन सहित 3.7 टन से अधिक मादक पदार्थों को नष्ट कर दिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की अगुवाई में मादक पदार्थों को सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया।



### खड़े ट्रक से टकराने से कार सवार दंपति की मौत

**मिर्जापुर।** मिर्जापुर में राष्ट्रीय राजमार्ग-135 पर खड़े एक ट्रक से कार के टकरा जाने के कारण दंपति की मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए। घटना शनिवार और रविवार की दरमियानी रात करीब दो बजे ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र की है, जब मध्यप्रदेश में पंजीकृत एक कार राजमार्ग पर खड़े ट्रक के पिछले हिस्से से टकरा गई।

## रीक्रिएट हुआ क्राइम सीन

# केतन का बनाया पुतला फिर चेतन ने दिया धक्का

एजेंसी ▶▶| पुणे

महाराष्ट्र के चर्चित केतन अग्रवाल मर्डर केस में रविवार को पुणे ग्रामीण पुलिस ने लोहागढ़ किले पर अपराध के सीन को रीक्रिएट किया। पुलिस केतन का पुतला लेकर पहुंची। इस दौरान सिया गोयल का सामना केतन को क्यों मारा? सवाल से हुआ। पुलिस सिया गोयल को अब सोमवार को कोर्ट में पेश करेगी। सिया गोयल की रिमांड 29 जून को पूरी हो रही है। कोर्ट ने कुल सात दिन की रिमांड दी थी। पुलिस ने दावा किया है कि सिया जांच में सहयोग कर रही है। अपराध सीन को री-क्रिएट किए जाने पर पर पूरे वाकए की जानकारी दी। सिया ने बताया कि कैसे चेतन ने केतन को धक्का दिया और वह खाई में गिर गया। पुलिस के अनुसार, इस प्रक्रिया का उद्देश्य 18 जून के सटीक घटनाक्रम का पता लगाना है। आरोप है कि 20 वर्षीय सिया और उसके 'प्रेमी' चेतन चौधरी (22) ने अग्रवाल को किले से धक्का देकर उनकी हत्या कर दी थी।

- 10 दिन बाद लोहागढ़ किले पर पहुंची सिया



### ऐसा नाटक और चल बसा केतन

सिया के मुताबिक, तय प्लान के तहत सिया को लोहगढ़ किले की ऊंचाई पर जाकर अपने जूतों के फीते (लेस) बांधने का नाटक करना था। जैसे ही सिया फीते बांधने के बहाने झुकी, पीछे से चेतन को आकर केतन पर हमला करना था। चेतन ने योजना के मुताबिक पीछे से आकर केतन को अचानक धक्का दे दिया, जिससे वह संतुलन खो बैठा और सीधे 400 फीट गहरी खाई में जा गिरा। इस दर्दनाक हादसे में केतन की मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस ने सिया के इस कबूलनामे और रीक्रिएशन की पूरी वीडियो रिकॉर्डिंग की है, जिसे कोर्ट में पुख्ता सबूत के तौर पर पेश किया जाएगा। मामले की आगे की कार्रवाई जारी है।

### शादी तोड़ने से बदनामी का था डर

सिया ने पुलिस को कथित तौर पर बताया कि वह अग्रवाल से शादी नहीं करना चाहती थी और उसे लगा कि शादी तोड़ने से परिवार की बदनामी होगी इसलिए उसने चौधरी के साथ मिलकर अग्रवाल की हत्या की साजिश रची। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जांचकर्ता मामले के विभिन्न पहलुओं की जांच कर रहे हैं। इनमें कथित अपराध की साजिश, घटना से पहले और बाद में आरोपियों की गतिविधियां, उनके डिजिटल रिकॉर्ड और हत्या का मकसद शामिल हैं।

## 22 राज्यों में पहुंचा मानसून

**चार दिनों में छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों में झमाझम**

**नई दिल्ली।** अरुणाचल में बादल फटने के बाद अब भी बाढ़ दक्षिण-पश्चिम मानसून आगे बढ़ रहा है और अब तक देश के 22 राज्यों में पहुंच चुका है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले तीन-चार दिनों के दौरान दक्षिण-पश्चिम मानसून के उत्तरी अरब सागर, गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और बिहार के बाकी हिस्से और उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड में प्रवेश के लिए अनुकूल परिस्थितियां हैं। मौसम विभाग ने बताया कि बिहार, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली, पूर्वी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर भीषण उमस और लू का प्रकोप अभी जारी रहने की संभावना है।



### पूर्वोत्तर में जमकर बरसात

पूर्वोत्तर और दक्षिण भारत में जमकर बरसात हो रही है। मौसम विभाग का कहना है कि इस हफ्ते के दौरान पूर्वोत्तर भारत और उप हिमालयी पश्चिम बंगाल व सिक्किम में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। इसके अलावा 28 जून को असम और मेघालय में कहीं-कहीं बहुत भारी बारिश हो सकती है।

**बच्चियों की बुआ भी घायल**

# दीवार ढहने से दो सगी बहनों की गई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बेमेतरा जिले के ग्राम राउरपुर में कच्ची दीवार ढहने से रविवार को दो सगी बहनों की मौके पर ही मौत हो गई है। दीवार के पास बर्तन धो रही बुआ भी घायल हो गई है। घर के समीप बर्तन साफ कर रही दो सगी बहनें अचानक जर्जर कच्ची दीवार गिरने से मलबे में दब गईं। हादसे में वंशिक कोशले (12 वर्ष) और राधिका कोशले (10 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार दोनों बच्चियां घर के पास बर्तन मांज रही थीं। इसी दौरान वर्षों पुरानी कच्ची दीवार अचानक भरभराकर गिर पड़ी। हादसे की आवाज सुनकर ▶▶|शेष पेज 7 पर

### बुआ प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रिफर

हादसे में बच्चियों की बुआ सशिकला खंडेलवाल भी गंभीर रूप से घायल हो गईं। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए रायपुर रेफर किया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी।

## मानसून सत्र के पहले फेरबदल के लग रहे कयास

# मोदी सरकार के मंत्रिमंडल में फेरबदल की अटकलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶|नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की मंत्रिपरिषद में जल्द फेरबदल होने की संभावना प्रतीत हो रही है। सत्तारूढ़ दल के शीर्ष स्तर से मिल रहे संकेतों के अनुसार, यह फेरबदल अब कभी भी- संभवतः संसद का मानसून सत्र शुरू होने से पहले किया जा सकता है। इस संबंधी विचार-विमर्श की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिपरिषद में फेरबदल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष नितिन नवीन के नेतृत्व में पार्टी की नयी टीम की घोषणा के साथ ▶▶|शेष पेज 7 पर

खास खबर



### चुनावी राज्यों के साथ बंगाल पर नजरें

उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पंजाब में अगले वर्ष विधानसभा चुनाव होने हैं इसलिए इन तीन राज्यों के और प्रतिनिधियों को मोदी मंत्रिपरिषद में जगह मिलने की संभावना है। पश्चिम बंगाल में भाजपा की भारी जीत के बाद राज्य से भी पार्टी के कुछ सांसदों को केंद्रीय मंत्रिपरिषद में शामिल किया जा सकता है।

### राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद से ही अटकलें

प्रधानमंत्री मोदी की 23 जून को राष्ट्रपति भवन में पद्म पुरस्कार समारोह के इतर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात के बाद मंत्रिमंडल में फेरबदल की अटकलें तेज हो गईं। इसके दो दिन बाद 25 जून को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की राष्ट्रपति से मुलाकात से इन अटकलों को और बल मिला।

### दो मंत्रियों का पूरा हो रहा कार्यकाल


दो केंद्रीय मंत्रियों हरदीप पुरी और बी एल वर्मा का राज्यसभा में कार्यकाल नवंबर में समाप्त होगा। अब यह देखना होगा कि उच्च सदन के लिए उन्हें फिर से उम्मीदवार बनाए जाने के संबंध में शीर्ष नेतृत्व क्या फैसला करता है।

### राज्यपाल बनाए जाने की भी चर्चा

तीन राज्यपालों-कर्नाटक के थावर चंद गहलोत, मध्य प्रदेश के मंगुभाई पटेल और उत्तराखंड के लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह-का कार्यकाल पूरा होने वाला है। सरकार से हटाए जाने वाले कुछ मंत्रियों को राज्यपाल पद की जिम्मेदारी दिए जाने की भी संभावना है।

### डाटा चोरी को लेकर जारी की एडवाइजरी

**नई दिल्ली।** व्हाट्सऐप वेब और डेस्कटॉप उपयोगकर्ताओं को मैलवेयर के जरिए बड़े पैमाने पर निशाना बनाया जा रहा है, जिससे लोगों के उपकरणों तक अनधिकृत पहुंच बनाने तथा संवेदनशील जानकारी चुराने की कोशिश की जा रही हैं। राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा एजेंसी भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल (सीईआरटी-आईएन) ने यह जानकारी दी। सीईआरटी-आईएन ने व्हाट्सऐप वेब और डेस्कटॉप उपयोगकर्ताओं को किसी भी फाइल को लेकर सावधान रहने की चेतावनी दी है, भले ही वे किसी दोस्त, सहकर्मी या परिवार के सदस्य की तरफ से ही क्यों न प्राप्त हुई हों।



डीआरडीओ ने भारतीय वायुसेना को सौंपा

# बाज की निगाहें, चीते जैसी फुर्ती, भारत के 'नेत्रा' एयरबोर्न अर्ली वॉर्निंग सिस्टम जंग-ए-मैदान में जाने तैयार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आखिरकार डीआरडीओ यानी डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन ने भारतीय वायुसेना को बाज की निगाह और चीते जैसी फुर्ती वाला नेत्रा एयरबोर्न अर्ली वॉर्निंग सिस्टम पूरी तरह से सौंप दिया। पूरी तरह से इसलिए, क्योंकि इस स्वदेशी सिस्टम का फाइनल ऑपरेशनल क्लीयरेंस अब तक बाकी था। ये सर्टिफिकेट ट्रायल और वैलिडेशन पूरा होने के बाद ही दिया जाता है। अब ये सर्टिफिकेट भी एयरफोर्स को मिल गया है, जिसके बाद नेत्रा अब जंग के मैदान में जाने के लिए तैयार है।

### लगा होता है एईएसए रडार

नेत्रा एईडब्ल्यू एंड सी अपने प्लेटफॉर्म के तौर पर ब्राजील के एम्ब्रेयर -145 एयरफ्रेम का इस्तेमाल करता है, जिसके ऊपरी हिस्से (डॉर्सल फिन) में एक एक्टिव इलेक्ट्रॉनिकली स्कैन्ड ऐरे रडार लगा होता है। ऐसे तीन विमान पहले शुरुआती ऑपरेशनल मंजूरी के साथ आईएएफ को सौंपे गए थे। इन्होंने फरवरी 2019 में बालाकोट एयरस्ट्राइक में आईएएफ को गाइड करने वाले 'ऑपरेशनल ब्रेन' के तौर पर अहम भूमिका निभाई थी।



**रडार लंबी दूरी के खतरे पता करने में सक्षम :** नेत्रा के अलावा भारत रूस के आईएल-76 विमान पर आधारित तीन फाल्कन एयरबोर्न वार्निंग एंड कंट्रोल सिस्टम का भी इस्तेमाल करता है। बेहतर इंजन वाले रूसी आईएल-76 विमान पर लगे फाल्कन सिस्टम में एडवांस्ड रडार लगा है। यह रडार लंबी दूरी से हवा और जमीन से जुड़े खतरों–जैसे क्रूज मिसाइल और विमान का पता लगाने में सक्षम है।


### चुनौतियों और फैसले का जिक्र

वीडियो मैसेज में इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ के चीफ, एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने कहा कि तेजी से बदलते जियोपॉलिटिकल माहौल में यह उपलब्धि और भी अहम हो जाती है। दीक्षित ने छह और एयरक्राफ्ट शामिल करके 'नेत्रा' प्रोग्राम के प्रस्तावित विस्तार का भी स्वागत किया और भरोसा जताया कि भविष्य के प्रोजेक्ट्स भी स्वदेशी एयरबोर्न अर्ली वार्निंग सिस्टम जैसी ही सफलता हासिल करेंगे।

**इन अधिकारियों की रही मौजूदगी :** बेंगलुरु में एफओसी सर्टिफिकेट सेरेमनी के दौरान रक्षा सचिव और डीआरडीओ के चेयरमैन राजेश कुमार सिंह ने भी डीजी (एरो) और एईडब्ल्यूएंडसी टीम को बधाई दी। सर्टिफिकेट सौंपने वाले समारोह में आईएएफ के पूर्व चीफ एयर चीफ मार्शल आरकेएस भदौरिया (रिटायर्ड), डीआरडीओ के पूर्व चेयरमैन एस क्रिस्टोफर सहित अन अधिकारी मौजूद थे।

### मजबूती से होगी निगरानी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि एफओसी की उपलब्धि न केवल एक तकनीकी मील का पत्थर है, बल्कि भारत की हवाई निगरानी और कमांड-एंड-कंट्रोल क्षमताओं को मजबूत करने की दिशा में एक रणनीतिक प्रगति भी है।



### 'नेत्रा' की 10 खासियत

- 300 से 360 डिग्री तक रडार कवरेज देता है
- रियल-टाइम बैटलफील्ड मैनेजमेंट कर सकता है
- दोस्त और दुश्मन की पहचान कर लेने की भी क्षमता है
- 250 से 500 किलोमीटर तक की डिटेक्शन में माहिर है
- खुद के फाइटर जेट्स को रियल टाइम निर्देश दे सकता है
- लंबी दूरी से आने वाले प्रोजेक्टाइल का पता लगा लेने में सक्षम है
- दुश्मन के विमानों-ड्रोन और क्रूज मिसाइल को ट्रैक कर सकता है
- फाइटर जेट या कोई भी विमान के अलावा जहाजों का पता लगाता है
- नेत्रा बेहद खास तरह का एयरबोर्न रडार और कमांड सेंटर है
- इसकी तकनीक बेहतरीन है, जिससे दुश्मन का बच पाना मुश्किल है

## खबर संक्षेप

### यूक्रेन के हमले में दो बड़ी रूसी तेल रिफाइनरी में लगी आग



**कीव।** यूक्रेन के ड्रोन हमले में दक्षिणी रूस की दो बड़ी तेल रिफाइनरी में आग लग गई। इस घटना में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई। रूसी अधिकारियों के मुताबिक इस अभियान ने रूस की ईंधन और सैन्य साजो-सामान की आपूर्ति को बाधित किया है। जानकारों के मुताबिक, इसने युद्ध के मैदान में मॉस्को की कोशिशों को भी धीमा कर दिया है, जिससे क्रेमलिन पर बातचीत की मेज पर आने का दबाव बढ़ गया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, ''आज शनिवार रात रूस की दो तेल रिफाइनरी हमारी लंबी दूरी के ड्रोन हमले की जद में आ गईं।

### भाभी व भतीजी की हत्या का आरोपी गिरफ्तार



**चाईबासा (झारखंड)।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में नशे की हालत में अपनी भाभी और 10 साल की भतीजी की कुल्हाड़ी से हत्या करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधिकारी दिलीप मांझी ने बताया कि रमाई बिरुआ उर्फ लुगुन नामक आरोपी को रविवार को मंझारी थाना क्षेत्र में तिरलो गांव में उसके घर के पास से पकड़ा गया और हत्या में इस्तेमाल हथियार भी जब्त कर लिया गया।

मिडिल ईस्ट में फिर बढ़ा तनाव, अमेरिका ने ईरान के 10 सैन्य ठिकानों पर किए हमले

# ट्रम्प बोले- ईरान नहीं सुधरा तो उसका अस्तित्व नहीं बचेगा, ईरान ने कहा- जीवन नरक बना देंगे

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन

पश्चिम एशिया में एक बार फिर तनाव बढ़ गया है। अमेरिका ने शनिवार को ईरान पर एक और सैन्य हमला किया। यह कार्रवाई स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के पास पनामा के झंडे वाले एक तेल टैंकर पर हुए हमले के बाद की गई। अमेरिका का कहना है कि ईरान ने युद्धविराम समझौते का उल्लंघन किया, जबकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी है कि अगर ईरान नहीं माना तो उसका अस्तित्व खत्म हो सकता है। अमेरिका द्वारा की गई चेतावनी पर ईरान ने कहा कि खाड़ी में मौजूद अमेरिकी सैनिकों का जीवन नरक बना देंगे। अमेरिका द्वारा की गई सैन्य कार्रवाई के बावजूद ईरान ने बहरीन और कुवैत में अमरीकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया।



### हम और संयम नहीं बरत पाएंगे : ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अगर ईरान नहीं सुधरा तो उसका अस्तित्व नहीं बचेगा। ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर उन्होंने कहा लगता है ईरान कभी नहीं सुधरेगा, लेकिन हम और संयम नहीं बरत पाएंगे। एक समय ऐसा भी आ सकता है जब हमें उस सैन्य अभियान को पूरा करना पड़ेगा, जिसकी शुरुआत हमने बहुत सफल तरीके से की थी। अगर ऐसा हुआ तो ईरान का अस्तित्व ही नहीं बचेगा।

### ईरान ने कई अमेरिकी ठिकानों को बनाया निशाना

आईआरजीसी ने कहा है कि नेवी और वायु सेना ने सुबह 2 से 3 बजे के बीच एक संयुक्त मिसाइल और ड्रोन ऑपरेशन लॉन्च किया। उसने कुवैत में अली अल-सलेम एयर बेस और सलमान पोर्ट, बहरीन में नौसैनिक अड्डे को निशाना बनाया है। यह दक्षिणी ईरान पर अमेरिका की हालिया आक्रामकता का निर्णायक जवाब है।

### चार जुलाई से शुरू होगा खामेनेई का अंतिम संस्कार

ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के अंतिम संस्कार समारोह 4 जुलाई से शुरू होगा। अंतिम संस्कार समिति के प्रवक्ता ने कहा कि इससे जुड़ी तैयारियां कई बार पूरी कर ली गई थीं, लेकिन युद्ध की वजह से समारोह को बार-बार स्थगित करना पड़ा। उन्होंने बताया कि 8 जुलाई को इराक के पवित्र शहरों नजफ और करबला में भी अलग श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किए जाएंगे।

### अमेरिकी हमलों के बाद ईरान ने दी प्रतिक्रिया

*अमेरिका के हमलों के जवाब में ईरान ने धमकी दी है कि खाड़ी क्षेत्र में स्थित अमेरिकी ठिकानों को आने वाले दिनों में नरक का सामना करना पड़ेगा। इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड कोर के नौसेना कमांडर ने कहा, होर्मुज जलडमरूमध्य पर हमारे नियंत्रण में है और वहां से गुजरने के नियमों के उल्लंघन करने वालों पर हमारी कार्रवाई जारी रहेगी। ईरान ने कहा होर्मुज पर हमारा नियंत्रण है इसमें किसी और का दखल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ईरान ने होर्मुज को 30 दिन के भीतर खोलने पर सहमति व्यक्त की है।*

### ईरान-इराक के विदेश मंत्रियों ने मुलाकात की

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने इराक की राजधानी बगदाद में इराकी विदेश मंत्री फुआद हुसैन से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने बैठक के बाद संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की। अल जजीरा के मुताबिक, दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय हालात और द्विपक्षीय संबंधों समेत कई मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में अयातुल्ला अली खामेनेई के अंतिम संस्कार से जुड़े कार्यक्रमों के लिए इराक के धार्मिक स्थलों पर आपसी समन्वय पर भी बातचीत हुई।

कराची आतंकी हमला

# 'दूसरों पर नहीं, अपने गिरेबान में झांको', भारत का पाक को करारा जवाब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कराची में हुए आतंकी हमले को लेकर पाकिस्तान की ओर से भारत पर लगाए गए आरोपों पर भारत ने कड़ा जवाब दिया है। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पाकिस्तान के आरोप पूरी तरह निराधार हैं और भारत उन्हें सिरे से खारिज करता है। उन्होंने कहा कि दूसरों पर उंगली उठाने के बजाय पाकिस्तान को अपने भीतर झांकने और अपनी जमीन पर सक्रिय आतंकी ढांचे के खिलाफ विश्वसनीय कार्रवाई करनी चाहिए। वहीं इस बीच, पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा ने रविवार को जारी बयान में दावा किया कि हमला जमात-उल-अहरार से जुड़े आतंकियों ने किया था। जमात-उल-अहरार, प्रतिबंधित संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से अलग हुआ गुट है।



### 'आतंकी ढांचे पर कार्रवाई करे पाक'

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि पाकिस्तान को दूसरे देशों पर आरोप लगाने के बजाय अपनी धरती पर मौजूद आतंकवादी ढांचे के खिलाफ ठोस और विश्वसनीय कार्रवाई करनी चाहिए। पाकिस्तान को राज्य की नीति के एक साधन के रूप में आतंकवाद पर निर्भर रहने की अपनी प्रवृत्ति से भी बाहर निकलना होगा।

### क्या है पूरा मामला?

पाकिस्तान के कराची में पाकिस्तान रेंजर्स (सिंध) के गुलिस्तान-ए-जौहर कैंप पर हुए आतंकी हमले में तीन सुरक्षाकर्मी मारे गए हैं, जबकि तीन हथियारबंद हमलावरों की भी जान गई है और एक घायल हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### पाकिस्तान के आरोप पूरी तरह बेबुनियाद

मीडिया के सवालों के जवाब में रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत ने कराची की हालिया घटना को लेकर पाकिस्तान की मीडिया रिपोर्ट्स देखी हैं, जिनमें भारत पर आरोप लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि भारत इन सभी आरोपों को स्पष्ट रूप से खारिज करता है और इनका कोई आधार नहीं है।

### पांच करोड़ की हेरोइन व टैबलेट' सहित दो गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम के कछार जिले में सुरक्षा बलों के एक संयुक्त अभियान में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से करीब पांच करोड़ रुपये का मादक पदार्थ जब्त किया गया है। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बताया कि देर रात इस संयुक्त अभियान में लगभग पांच करोड़ रुपये मूल्य की 942 ग्राम हेरोइन और 10,000 याबा गोलियां जब्त की गईं। दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।'' भारत में 'याबा' गोलियां अवैध हैं क्योंकि इनमें 'मेथामफेटामाइन' होता है, जो 'नियंत्रित पदार्थ अधिनियम' के तहत एक अनुसूची दो का मादक पदार्थ है।

HMS साईटिका तेल
शिव सायटिका
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है
HMS देखकर खरीदें 94060-21769
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुढमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
नकली माल से सावधान

सरकार की एडवाइजरी

# कैलाश मानसरोवर जा रहे हैं तो पूरे कागजातों को रखें दुरुस्त



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

क्या आप कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर जाने की सोच रहे हैं? अगर हां, तो विदेश मंत्रालय ने उन लोगों के लिए एक अहम चेतावनी जारी की है जो प्राइवेट टूर ऑपरेटरों के जरिए अपनी यात्रा बुक कर रहे हैं। यह चेतावनी इसलिए आई है क्योंकि हाल ही में ऐसी खबरें मिली थीं कि कई भारतीय तीर्थयात्री नेपाल में फंस गए। उनके पास चीन का सही वीजा और यात्रा के लिए जरूरी परमिट नहीं था। विदेश मंत्रालय का सीधा संदेश है कि भारत छोड़ने से पहले सभी यात्रियों को अपने पूरे कागजात तैयार रखने चाहिए।

### पंजीकृत टूर ऑपरेटर बुक करें, वीजा समय पर करवाएं

विदेश मंत्रालय ने यात्रियों से खास तौर पर कहा है कि वे चीन का वीजा और एंट्री परमिट पहले से ही बनवा लें। यात्रा शुरू होने के बाद कागजात बनवाने या ठीक कराने की कोशिश बिल्कुल न करें। ऐसा करने पर आपको बीच रास्ते में ही परेशानी उठानी पड़ सकती है। मंत्रालय यह भी सलाह देता है कि अपनी बुकिंग केवल उन्हीं टूर ऑपरेटरों के साथ करें जो रजिस्टर्ड हों। इससे आपकी यात्रा में कोई रुकावट नहीं आएगी और आप बिना किसी परेशानी के अपनी तीर्थयात्रा पूरी कर पाएंगे। जीवन में एक बार मिलने वाले इस पवित्र अवसर के लिए सही और पूरी तैयारी करना बहुत जरूरी है।

### ओडिशा-आंध्र सीमा से 70 किलो आईईडी और हथियार बरामद

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मलकानगिरि जिले में पुलिस ने रविवार को नक्सलियों के एक ठिकाने का भंडाफोड़ करते हुए भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। पुलिस अधीक्षक विनोद पाटिल एच ने बताया कि आत्मसमर्पण कर चुके नक्सलियों से मिली खुफिया सूचना के आधार पर ओडिशा-आंध्र प्रदेश सीमा क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान आंध्र-ओडिशा बॉर्डर स्पेशल जोनल कमेटी के नक्सलियों का संदिग्ध हथियार भंडार मिला। जिसमें दो सेल्फ-लोडिंग राइफल, कई देशी बंदूकें और लगभग 70 किलोग्राम आईईडी सहित अन्य विस्फोटक सामग्री बरामद की गई।

- सेल्फ लोडिंग व कई देशी बंदूकें बरामद

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं स्पेशलिस्ट : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी, खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
पता :- 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटिक क्लीनिक
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सिंघानिया स्किन केयर
सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत नि:शुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130



# बेटियों के साथ भेदभाव के मुद्दे को उजागर करेगी 'रेवा'

**मुंबई।** 'रेवाः द अनसीन वुंड' एक ऐसी शॉर्ट फिल्म है। यह फिल्म समाज में लड़कियों के साथ होने वाले भेदभाव के गंभीर मुद्दे को सामने लाती है। निर्देशक पराग चापेकर एक शॉर्ट फिल्म लेकर आए हैं। इस फिल्म का नाम 'रेवा' है। यह फिल्म सच्ची घटना पर आधारित बताई जा रही है। इसमें रावी कौर लुबाना ने रेवा का किरदार निभाया है। फिल्म के निर्माताओं ने बताया कि यह कहानी सच्ची घटनाओं से प्रेरित है। यह एक ऐसी मासूम लड़की की दर्दनाक कहानी है, जिसे उसके अपने ही परिवार ने भेदभाव की वजह से मार डाला था। कई साल बाद, एक आध्यात्मिक जुड़ाव के जरिए उसका सच सबके सामने आता है, जो न्याय और पुनर्जन्म को दर्शाता है।

लाइफ Style



# ईशा

## काम के प्रति ईमानदार होने की जरूरत

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री ईशा सिंह ने अपनी फिल्म 'आब्सेस' में सभी एक्शन सीन खुद किए और अब और एक्शन फिल्में करने को तैयार हैं। हिंदी सिनेमा में इन दिनों अभिनेत्रियों को भी केंद्र में रखकर कई बड़ी एक्शन फिल्में बनाई जा रही हैं।

आगामी दिनों में प्रदर्शन की कतार में शामिल अल्फा तथा शक्ति शालिनी जैसी फिल्में इसका प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। इस चलन को हिंदी सिनेमा की अभिनेत्रियां एक सकारात्मक बदलाव की तरफ देख रही हैं। साल 2022 में फिल्म मिडिल क्लास लव से फिल्मों में कदम रखने वाली अभिनेत्री ईशा ने अपनी हालिया प्रदर्शित फिल्म आब्सेस के लिए सारे एक्शन सीन स्वयं किया। आगे वह और भी एक्शन फिल्में करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि उसे अपनी बेवकूफी की वजह से चोट लगी थी। ईशा ने टीवी धारावाहिकों से शुरुआत के बाद फिल्मों में अपनी राह बनाई। टीवी से फिल्मों के लिए प्रयासरत कई कलाकारों की शिकायत होती है कि टीवी कलाकार वाली छवि पीछा नहीं छोड़ती है। ईशा कहती हैं, 'मैंने तो टीवी में काम करने के बाद अनुभव सिन्हा के साथ एक फिल्म (मिडिल क्लास लव) की। फिर टीवी धारावाहिक किया और उसके बाद फिर फिल्म की। मुझे छवि जैसी कोई बात नहीं लगती है। बस कलाकार को अपने काम के प्रति ईमानदार होने की आवश्यकता है। मैंने अब तक अपनी तरफ से कठिन परिश्रम करने में कुछ भी बाकी नहीं छोड़ा है, बाकी तो ऊपरवाला देख ही रहा है।'

टीवी मसाला



# सुनीता ने खटपट की खबरों के बीच गोविंदा पर फिर कसा तंज

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'लॉकअप 2' के पहले ही एपिसोड में टीवी एक्ट्रेस आकांक्षा चमोला ने अपने अलगाव की खबर सुनाईं। वहीं, हर्षद चोपड़ा ने गर्लफ्रेंड से मिले धोखे की कहानी को बयां किया। इनके अलावा गोविंदा की पत्नी सुनीता ने भी इस शो पर ऐसी बातें कहीं, जो सुर्खियों में आ गई हैं। लॉकअप 2 के होस्ट फराह खान और रितेश देशमुख ने सुनीता के सामने एक खबर पढ़कर सुनाई। यह बयान सुनीता का ही था। खबर में लिखा था, 'जब तक पति पत्नी साथ हों तो अंखियों से गोली मारे। जब थर्ड पार्टी आ जाए तो घुटनों पर गोली मारे।' इस पर सुनीता ने जवाब दिया, 'सुन रहे हो चीची (गोविंदा) तो सुन लेना। घुटनों पर गोली तभी लगती है जब कोई लाइफ में आ जाती है। वो भी मैंने झूठ नहीं बोला।' वह आगे कहती हैं, 'वैसे मेरा निशाना मिस नहीं होता है।' इस बात पर फराह भी कहती हैं कि सुनीता ने कहा था कि वह घुटनों पर नहीं सीने पर गोली मारती। बता दें कि गोविंदा को घर पर बंदूक साफ करते हुए घुटनों पर गोली लग गई थी। वह कई दिन हॉस्पिटल में रहे। इसी बात पर अब सुनीता ने तंज कसा है। कुछ महीने पहले सुनीता आहूजा ने एक पॉडकास्ट में अपने और गोविंदा के रिश्ते को लेकर खुलकर बात की है। इस बातचीत में उन्होंने गोविंदा पर धोखा देने का आरोप लगाया। पत्नी सुनीता के आरोपों पर गोविंदा ने खुलकर बात की है। अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को गलत बताया था।

## तलाक की खबर को लेकर ट्रोल्स के निशाने पर गौरव-आकांक्षा

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 19' विनर और टीवी के चर्चित एक्टर गौरव खन्ना की पत्नी आकांक्षा ने रियलिटी शो 'लॉकअप 2' में अपने अलगाव की बात सामने रखी। इस खबर को सुनकर फैंस चौंक गए। इस वजह से गौरव और आकांक्षा को ट्रोल भी कर रहे हैं। रियलिटी शो 'लॉकअप 2' के शुरुआती एपिसोड में आकांक्षा चमोला ने बताया कि वह लगभग एक साल से पति गौरव खन्ना से अलग रह रही हैं। दोनों अलग होने की सोच रहे हैं। बीते दिनों इस कपल को जिस तरह से फैंस ने एक साथ देखा था, उससे अंदाजा लगाना मुश्किल था कि इनका डिवोर्स होने वाला है। वहीं, कुछ यूजर्स इस पूरे मामले को एक पब्लिसिटी स्टंट करार दे रहे हैं। एक यूजर ने गौरव और आकांक्षा के डिवोर्स की खबर पर कमेंट करते हुए लिखा, 'कोई डिवोर्स नहीं हो रहा है, टीआरपी और लाइमलाइट में आने के लिए हो रहा है। एक अन्य यूजर ने कमेंट में लिखा, 'एक साल से अलग रहते हैं तो बिग बॉस में ज्यादा ड्रामा क्यों किया। बेबी होने के बारे में क्यों पूछा। यूट्यूब पर पार्टी करते हुए वीडियो क्यों डालें। वो सब नाटक था।'




# भगवान राम व हनुमान से प्रेरित हैं रोल



मुंबई। 'मुन्नाभाई' फ्रैंचाइजी को दर्शकों का काफी प्यार मिला। इसकी दोनों फिल्में हिट रहीं। सर्किट और मुन्नाभाई की जोड़ी खूब पसंद की गई। हाल ही में राजकुमार हिरानी ने खुलासा किया कि ये दोनों किरदार भगवान राम और प्रभु हनुमान से प्रेरित हैं। मशहूर फिल्म निर्माता राजकुमार हिरानी का कहना है कि मुन्ना और सर्किट के किरदारों के बीच का रिश्ता ही उनकी 'मुन्नाभाई' फ्रैंचाइजी की लोकप्रियता की वजह है। राजू हिरानी ने हाल ही में तीसरे पार्ट पर बात की और कहा कि तीसरी फिल्म तभी आएगी, जब उन्हें कोई जबर्दस्त आइडिया मिलेगा। बता दें कि राजकुमार हिरानी ने साल 2003 में 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' से बतौर डायरेक्टर डेब्यू किया। साल 2006 में इसका सीक्वल 'लगे रहो मुन्नाभाई' आया। दोनों फिल्मों को दर्शकों से खूब प्यार मिला। दोनों ही फिल्मों में संजय दत्त ने मिलनसार गुंडे मुन्ना का किरदार निभाया। वहीं, अरशद वारसी ने उनके वफादार साथी सर्किट का रोल किया। हाल ही में राजकुमार हिरानी ने एक इंटरव्यू में कहा, 'सर्किट हमेशा से था और वह एक मजेदार किरदार था, लेकिन जाहिर है कि अरशद ने उसमें जान डाल दी। फिर दूसरी फिल्म के लिए उसे और मजबूत बनाना जरूरी हो गया, इसलिए आप देखेंगे कि दूसरी फिल्म में सर्किट के पास करने के लिए ज्यादा चीजें हैं'।

# उर्वशी पर चढ़ा फुटबॉल वर्ल्ड कप का बुखार



**मुंबई।** इन दिनों देश और दुनिया भर के फुटबॉल फैंस खुशी से झूम रहे हैं। फीफा वर्ल्ड का खुमार उनके सिर चढ़कर बोल रहा है। बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला भी फीफा वर्ल्ड कप के रंग में रंग गई है। एक्ट्रेस ने डांस वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें वह फुटबॉल के दिग्गज खिलाड़ियों को अपना सपोर्ट दिखा रही हैं। उर्वशी ने रविवार को एक डांस वीडियो पोस्ट किया, इसमें वह कई चर्चित फुटबॉलर के सिग्नेचर स्टेप्स को डांस फॉर्म में कर रही हैं। जहां तक सपोर्ट की बात है तो उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट के कैप्शन में लिखा, 'यूआर7 (उर्वशी रौतेला) की तरफ से रोनाल्डो यूआर 7 के लिए।' इस तरह उर्वशी ने बता दिया कि उनके पसंदीदा फुटबॉल प्लेयर क्रिस्टियानो रोनाल्डो हैं। उनका जर्सी नंबर 7 हैं। उर्वशी रौतेला पिछले दिनों कान फेस्टिवल में अपने अलग-अलग लुक के लिए चर्चा में रहीं।
इसके अलावा रणदीप हुड्डा स्टारर सीरीज में वह उनकी पत्नी के रोल में नजर आईं। इन दिनों वह फिल्म 'कसूर 2' की शूटिंग भी कर रही हैं। फीफा विश्वकप 2026 का रोमांच फैंस के सिर चढ़कर बोल रहा है।




**Authorized Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Raipur:** Ashram Chowk (GE Road) VANDANA BAJAJ 7714083955,9713540079, Telibandha 7714083955 •Devpuri Raipur ARUN BAJAJ 9770420235, Fafadih 7400654116 Mowa 7400654117 • **Balod** 9039097311• **Baloda Bazar** ARUN BAJAJ 9009399506 • **Bhatapara** ARUN BAJAJ 7828353259 • **Bhilai** AVN BAJAJ 7771844400, 9201645550 • **Durg** VENKATESH BAJAJ 4060122,8982005707 • **Dhamtari** TIRUPATI BAJAJ 9516872343, 7987872343 • **Kanker** TIRUPATI BAJAJ 7587841176 • **Bhanupratappur** TIRUPATI BAJAJ 9977911298 • **Jagdalpur** T M BAJAJ 9986433880, 9425592466 • **Mahasamund** BHAWANI BAJAJ 9424205048, 224789 •**Saraipali** BHAWANI BAJAJ 9424211576 • **Rajnandgaon** KAKKAD BAJAJ 9301111111 **Dongargarh** KAKKAD BAJAJ 9028597766 • **Kawardha** CHANDRAYAN BAJAJ 8435158906 **Pandatarai** CHANDRAYAN BAJAJ 8435158906 • **Khariagarh** 9993988333.

## चिंतन

# अब देश में ही पूरा होगा विदेशी डिग्री का सपना

देश में उच्च शिक्षा के नए दौर की शुरूआत हो रही है। केंद्र सरकार द्वारा 15 प्रतिष्ठित विदेशी विश्वविद्यालयों को भारत में अपने कैंपस स्थापित करने की मंजूरी देना केवल एक प्रशासनिक फैसला नहीं, बल्कि शिक्षा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक बदलाव की शुरुआत है। लंबे समय से लाखों भारतीय छात्र बेहतर शिक्षा और अंतरराष्ट्रीय डिग्री के लिए विदेश जाने को मजबूर रहे हैं। अब वही अवसर देश के भीतर उपलब्ध होंगे। इससे न केवल छात्रों और अभिभावकों पर आर्थिक बोझ कम होगा, बल्कि भारत को वैश्विक शिक्षा केंद्र बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम माना जाएगा। हर वर्ष लाखों भारतीय छात्र अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और यूरोप के अन्य देशों में उच्च शिक्षा के लिए जाते हैं। इस प्रक्रिया में करोड़ों डॉलर की विदेशी मुद्रा देश से बाहर जाती है। विदेश में पढ़ाई का कुल खर्च कई बार 80 लाख रुपये से लेकर एक करोड़ रुपये से अधिक तक पहुंच जाता है, जो अधिकांश परिवारों की पहुंच से बाहर होता है। ऐसे में यदि वही डिग्री, वही पाठ्यक्रम, वही मूल्यांकन प्रणाली और अंतरराष्ट्रीय फैकल्टी भारत में ही उपलब्ध हो जाए, तो यह लाखों छात्रों के लिए सुनहरा अवसर होगा। सरकार ने जिन विश्वविद्यालयों को मंजूरी दी है, उनमें यूनिवर्सिटी ऑफ एबरडीन, ब्रिस्टल, यॉर्क, लिवरपूल, इलिनोइस टेक और विक्टोरिया यूनिवर्सिटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थान शामिल हैं। इन विश्वविद्यालयों में पढ़ाई का स्तर उनके मूल कैंपस के अनुरूप होगा। पाठ्यक्रम, परीक्षा, मूल्यांकन और डिग्री में कोई अंतर नहीं रखा जाएगा। यही नहीं, छात्रों को एक या दो सेमेस्टर विदेशी कैंपस में पढ़ने का अवसर भी मिलेगा। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की उस सोच को भी मजबूत करती है, जिसमें भारतीय उच्च शिक्षा को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। हालांकि इस फैसले के साथ कुछ महत्वपूर्ण चुनौतियां भी जुड़ी हैं। सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि क्या विदेशी विश्वविद्यालय भारत में भी अपने मूल कैंपस जैसी गुणवत्ता बनाए रख पाएंगे? इसलिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) और अन्य नियामक संस्थाओं को नियमित निगरानी सुनिश्चित करनी होगी। फैकल्टी, शोध सुविधाएं, प्रयोगशालाएं, प्लेसमेंट और शैक्षणिक मानकों पर किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। दूसरी चुनौती फीस को लेकर भी है। भले ही विदेश की तुलना में पढ़ाई का खर्च 30 से 40 प्रतिशत कम होगा, लेकिन यह अभी भी देश के अनेक विद्यार्थियों के लिए महंगा हो सकता है। इसलिए छात्रवृत्ति, शिक्षा ऋण और वित्तीय सहायता की मजबूत व्यवस्था जरूरी होगी। सरकार और विश्वविद्यालयों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली छात्र केवल फीस के कारण इन संस्थानों से वंचित न रहें। इस निर्णय का एक बड़ा सकारात्मक प्रभाव भारतीय अर्थव्यवस्था पर भी पड़ सकता है। यदि आने वाले वर्षों में बड़ी संख्या में छात्र विदेश जाने के बजाय भारत में ही पढ़ाई करेंगे, तो विदेशी मुद्रा की बड़ी बचत होगी। भारत केवल छात्रों का सबसे बड़ा स्रोत देश नहीं रहेगा, बल्कि अंतरराष्ट्रीय शिक्षा का आकर्षक गंतव्य भी बन सकता है। विदेशी विश्वविद्यालयों के भारत में कैंपस खुलना भारतीय शिक्षा व्यवस्था के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। इससे लाखों छात्रों का विदेशी डिग्री हासिल करने का सपना अपने ही देश में पूरा हो सकेगा। साथ ही ब्रेन ड्रेन में कमी, विदेशी मुद्रा की बचत, वैश्विक स्तर की शिक्षा और रोजगार के बेहतर अवसर जैसे अनेक सकारात्मक परिणाम सामने आ सकते हैं।

## दिवस विशेष

बाल मुकुन्द ओझा



# सांख्यिकी संख्याओं का खेल नहीं, विकास का आईना है

भारत में हर साल 29 जून को राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य रोजाना की जिंदगी और योजना एवं विकास की प्रक्रिया में सांख्यिकी के महत्त्व के प्रति लोगों को जागरुक करना है। यह दिन भारत के प्रख्यात सांख्यिकीविद प्रशांत चंद्र महालनोबिस की जन्मतिथि के अवसर पर मनाया जाता है। वे आंकड़ों के जादूगर थे। भारत सरकार ने वर्ष 2007 में आधिकारिक तौर पर प्रत्येक वर्ष 29 जून को राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। पहला सांख्यिकी दिवस 29 जून 2007 को मनाया गया था। वर्ष 2026 का राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस भारत के लिए और भी महत्वपूर्ण है क्योंकि देश विकसित भारत @2047 के विजन की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहा है, जहां डेटा-संचालित नीतियां देश की प्रगति का मुख्य आधार हैं। किसी भी योजना और परियोजना की सफलता उसके सांख्यिकीय महत्त्व पर निर्भर करती है। आंकड़े हमें नियोजित विकास की राह प्रदर्शित करते है। भारत सरकार सांख्यिकीय आंकड़ों के जरिये समय समय पर विकास का आइना दिखती है। यही हमारी प्रगति का अहसास कराती है। बाधाओं का ज्ञान भी कराती है। बिना आंकड़ों के हम किसी योजना की सफलता का अनुमान नहीं लगा पाते। सांख्यिकी केवल संख्याओं का खेल नहीं है, बल्कि यह देश के विकास की कहानी कहने वाली भाषा है। जैसा कि प्रोफेसर पी. सी. महालनोबिस ने कहा था, सांख्यिकी का उद्देश्य केवल डेटा एकत्र करना नहीं है, बल्कि उसके आधार पर सही निष्कर्ष निकालकर समाज का कल्याण करना है। पीसी महालनोबिस बंगाली साइंटिस्ट और अप्लाइड स्टैटिस्टीशन थे, जिनका जन्म 29 जून 1893 को कोलकाता में हुआ था। उन्हें पॉप्युलेशन स्टडीज की सांख्यिकी माप महालनोबिस डिस्टेंस देने के लिए जाना जाता है। वह स्वतंत्र भारत के पहले योजना आयोग के सदस्य भी थे। महालनोबिस ने इंडियन स्टैटिस्टिकल इंस्टिट्यूट की नींव रखी और बड़े पैमाने पर सैंपल सर्वे को तैयार करने में भी योगदान दिया। उनके इस योगदान के चलते उन्हें भारत में मॉडर्न स्टैटिस्टिक्स का पिता माना जाता है। प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने उन्हें स्वतंत्रता के बाद नवगठित केंद्रीय मंत्रिमंडल का सांख्यिकी सलाहकार भी नियुक्त किया था। पंडित जवाहरलाल नेहरू के काफी नजदीक रहने के बावजूद उन्होंने कभी कोई पद आधिकारिक तौर पर स्वीकार नहीं किया। सरकार ने महालनोबिस के विचारों का उपयोग करके कृषि और बाढ़ नियंत्रण के क्षेत्र में कई अभिनव प्रयोग किए। उनके द्वारा सुझाए गए बाढ़ नियंत्रण के उपायों पर अमल करते हुए सरकार को इस दिशा में अप्रत्याशित सफलता मिली। स्वतंत्र भारत में औद्योगिक उत्पादन की बढ़ोतरी तथा बेरोजगारी दूर करने के प्रयासों को सफल बनाने के लिए महालनोबिस ने ही योजना तैयार की थी। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत में राष्ट्रीय आय का अनुमान लगाने के उद्देश्य के लिए वर्ष 1949 में महालनोबिस की अध्यक्षता में ही एक श्राष्ट्रीय आय समितिश का गठन किया गया था। जब आर्थिक विकास को गति देने के लिए योजना आयोग का गठन किया गया तो उन्हें इसका सदस्य बनाया गया। महालनोबिस चाहते थे कि सांख्यिकी का उपयोग देशहित में हो। उन्होंने देश को आंकड़ा संग्रहण की जानकारी दी। साथ ही भारत सरकार की दूसरी पंचवर्षीय योजना का मसौदा तैयार करने में उन्होंने अपनी अहम भूमिका निभाई। पीसी महालनोबिस बहुआयामी प्रतिभा के धनी थे। एक वैज्ञानिक होने के साथ ही साहित्य में भी उनकी जबरदस्त रुचि थी। उन्होंने रवीन्द्रनाथ टैगोर की कृतियों पर अनेक लेख लिखे थे। शांति निकेतन में रहकर महालनोबिस ने टैगोर के साथ करीब 2 महीने का समय बिताया। इस दौरान टैगोर ने उन्हें आश्रमिका संघ का सदस्य बना दिया। बाद में जब टैगोर ने विश्व भारती की स्थापना की, तो महालनोबिस को संस्थान का सचिव भी नियुक्त किया। आज जब भारत विकसित भारत के लक्ष्य की ओर अग्रसर है, तब सटीक, पारदर्शी और समयबद्ध सांख्यिकीय आंकड़े नीति निर्माण, संसाधनों के बेहतर उपयोग और जनकल्याणकारी योजनाओं की सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। महालनोबिस का जीवन इस बात का प्रमाण है कि विज्ञान और सांख्यिकी का उद्देश्य केवल संख्याओं का संग्रह करना नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के हित में उनका सार्थक उपयोग करना है। डिजिटल युग में डेटा ही नई शक्ति बन चुका है और यही शक्ति भारत को आत्मनिर्भर व विकसित राष्ट्र बनाने में निर्णायक भूमिका निभाएगी। इसलिए सांख्यिकी को केवल विषय नहीं, बल्कि सुशासन, पारदर्शिता व राष्ट्र निर्माण के सबसे प्रभावी उपकरण के रूप में स्वीकार करने की आवश्यकता है।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# लोकतंत्र का एनकाउंटर हो रहा है



करवट
कुमार प्रशांत

> हैदराबाद का 2019 का वह मामला याद कीजिए जब वहां की पुलिस ने 4 लोगों का दिन-दहाड़े एनकाउंटर किया था और कारण यह बताया था कि ये अपराधी पुलिस से उसका हथियार छीन कर, उस पर हमला करने की कोशिश में थे। पुलिस ने बड़ी वाहवाही लूटी कि उसने ऐसे दुर्दांत अपराधियों का काम तमाम कर दिया। बाद में इस कहानी के दूसरे पन्ने खुले और खुलते चले गए। आखिरी पन्ना यह कहता है कि जिस तरह इन 4 अपराधियों का काम तमाम किया गया, उसे पुलिसिया गुंडागर्दी कहना चाहिए। आंध्रप्रदेश हाईकोर्ट की यह टिप्पणी किसी भी पुलिस संगठन को सर उठा कर चलने देगी क्या जिसमें वह कहती है कि पुलिस वर्दीधारी गुंडों की जमात है ?

बिहार की राजधानी पटना; पटना भोजपुर; और भोजपुर का नया चर्चित चेहरा भरत तिवारी! कहानी की तरह जो बात हर कहीं कही व छापी जा रही है, वह कुछ यूं है कि कुछ लोग भरत तिवारी को अपराधी करार दे रहे हैं, कुछ उन्हें रॉबिनहुड का अवतार बता रहे हैं. लेकिन इन सारी आवाजों व शोर के बीच जो बात उभर ही नहीं पा रही है वह है राज्य द्वारा नागरिकों का शिकार..'! इसे एनकाउंटर कहिए या फेंक एनकाउंटर कहिए, हत्या कहिए या शिकार कहिए, सच्ची व ठोस हकीकत यह है कि एक कोई भरत तिवारी नाम का युवक था कि जो पुलिस के काबू में नहीं आ रहा था। पुलिस ने आत्मसमर्पण के बाद उसे घेर कर, खुले आसमान के नीचे गोली मार कर काबू में कर लिया। पुलिस के मुताबिक जो अपराधी था, वह नहीं रहा तो कहानी तमाम होती है. लेकिन क्या सच में कहानी तमाम होती है ?

2005 का गुजरात ! सारा देश सोहराबुद्दीन शेख नाम के आतंकी के एंकाउंटर की कहानी से गूंज रहा था। तब आलम ऐसा बनाया गया था मानो आतंकियों का कोई अंतरराष्ट्रीय गैंग है जिसने गुजरात में अपनी तमाम ताकत झोंक दी है, वहां से पुलिस-आतंकवादियों के मुठभेड़ की रोज एक-न-एक कहानी सामने आती ही थी, और कमाल यह था कि हर कहानी के अंत में 'आतंकवादी' मारे जाते थे, पुलिस को खरोंच तक नहीं आती थी. ऐसा कैसे होता है कि जान देने की पूरी तैयारी से आए आतंकवादी ताश के पत्तों से ढह जाते थे ? पुलिस लाशें गिनती थी, प्रशासन उनका प्रदर्शन करता था और कहता था कि सत्ता की सबसे ऊंची कुर्सी इनके निशाने पर थी। हमने उसका काम तमाम कर दिया। आज सोहराबुद्दीन शेख व एनकाउंटर के ऐसे तमाम मामले अदालतों में गहरे शक के घेरे में हैं; और कई मामले ऐसे भी हैं कि जिनमें अदालत ने तथाकथित अपराधियों को निर्दोष बता दिया है।

आतंकी कार्रवाईयों का चरम था मुंबई बमब्लास्ट ! उस केस में भी सालों मुकदमे के बाद भी पुलिस-प्रशासन अदालत को संतुष्ट नहीं कर सका कि वह जिन्हें आतंकवादी या आतंकी षड्यंत्र का सफरमैना कह रहा है, उसमें सत्य व तथ्य हैं। वर्षों जेल में रहने के बाद एक-एक कर वे सभी निरीह लोग रिहा होते गए जिनका जीवन बर्बाद हो चुका था। क्या ये सब निर्दोष थे ? कौन कहे ? पुलिस ने किसी को ऐसा कहने लायक़ नहीं छोड़ा! लेकिन यह बात दिन के उजाले की तरह साफ है कि पुलिस की अपनी भूमिका पर अदालत को गहरा संदेह है।

हैदराबाद का 2019 का वह मामला याद कीजिए जब वहां की पुलिस ने 4 लोगों का दिन-दहाड़े एनकाउंटर किया था और कारण यह बताया था कि ये अपराधी पुलिस से उसका हथियार छीन कर, उस पर हमला करने की कोशिश में थे। पुलिस ने बड़ी वाहवाही लूटी कि उसने ऐसे दुर्दांत अपराधियों का काम तमाम कर दिया। बाद में इस कहानी के दूसरे पन्ने खुले और खुलते चले गए। आखिरी पन्ना यह कहता है कि जिस तरह इन 4 अपराधियों का काम तमाम किया गया, उसे पुलिसिया गुंडागर्दी कहना चाहिए। आंध्रप्रदेश हाईकोर्ट की यह टिप्पणी किसी भी पुलिस संगठन को सर उठा कर चलने देगी क्या जिसमें वह कहती है कि पुलिस वर्दीधारी गुंडों की जमात है ?

हमारा संविधान कहता है कि आप इस तरह किसी की




कहानी तमाम नहीं कर सकते ! फिर संविधान आगे कहता है कि पुलिस का काम अपराध की रोकथाम करना है और जो अपराधी बेकाबू हो जाए उसे गिरफ्तार कर, न्यायालय में ला खड़ा करना है ताकि न्यायालय उसे संविधान के मुताबिक सजा दे सके. अदालत ने जो सजा दी, उसके साथ उस व्यक्ति को जेल तक पहुंचा देना पुलिस का काम है। संविधान इससे अधिक या इससे आगे पुलिस की किसी भूमिका को मान्य नहीं करता है। लेकिन यहीं एक पेंच खड़ा होता है कि संविधान ही यह भी कहता है कि आत्मरक्षा में किसी की जान चली जाए, तो उसे सामान्य अपराध नहीं माना जाएगा है। संविधान की इसी धारा की आड़ में वह सारी मनमानी चलती है कि जिसे हम यहां एंकाउंटर या फेंक एनकाउंटर या पुलिस-अपराधी मुठभेड़ कह रहे हैं।

ऐसा जाली मुकाबला सरकार व नागरिकों के बीच, संविधान व उसकी बनाई एजेंसियों के बीच भी इन दिनों ख़ूब चल रहा है। एसआईआर इसका सबसे ख़तरनाक उदाहरण है। संविधान को बाजू कर, जब आप निहत्थे नागरिकों को घेर कर, उनका तमाम कर देते हो तब इसे लोकतंत्र का एनकाउंटर कहते हैं। आप देखिए कि यहां बंदूक़ चुनाव आयोग के हाथ में है, ट्रिगर पर अंगुली सत्ताधारियों की है और संविधान न्यायपालिका के काले लबादे की जेब में धरा घुट रहा है।

संविधान या ऐसे तमाम दस्तावेजों की एक दिक्कत है- उनके शब्द और उनके हेतु के बीच एक खाई है। शब्द व अर्थ के बीच ऐसी खाई हर जगह है और यह एकदम स्वाभाविक भी है, क्योंकि शब्द हमेशा बेजान होते हैं। शब्द जो कहना चाहते हैं, वे तभी पूरी तरह कह पाते हैं जब कोई उन शब्दों को आचरण में उतारता है। शब्द आचरण में उतरते ही बला के शक्तिवान हो उठते हैं। लेकिन जब आप शब्दों को आचरण से दूर कर देते हैं तो वे बेजान व अर्थहीन हो जाते हैं। मसलन, संविधान ने कहा कि पुलिस अपराधी को पकड़कर अदालत के सामने खड़ा करे, यही उसका काम है। न आगे, न पीछे। अब पुलिस भी जानती है और हम भी जानते हैं कि अपराधी हाथ बांध कर तो सामने आएगा नहीं कि लो पुलिस भाई, हम यहां खड़े हैं, आओ और अपनी संवैधानिक जिम्मेवारी पूरी कर लो! वह भागेगा, धोखा देगा, धमकी देगा, कभी हमला भी कर सकता है लेकिन पुलिस को अपनी संवैधानिक भूमिका यदि याद है, तो वह ऐसी तमाम कोशिशें को नाकाम करते हुए, बगैर उत्तेजित होते हुए उसे घेरती रहेगी, बांधती-साधती, निरुपाय करती रहेगी। चूहा-बिल्ली का यह खेल लंबा नहीं चल सकता है, क्योंकि अपराधी या आतंकी हमेशा कमजोर पिच पर खेलता होता है व उसका बल्ला भी खोखला होता है। नियमतः चलने वाली पुलिस के पीछे सारा देश, पूरे-का-पूरा संविधान खड़ा होता है. तो अंततः वह अपराधी टूटेगा ही। इधर वह टूटा, उधर पुलिस को अपना काम पूरा करने का मौका मिला. इसमें जितना वक्त लगेगा, पुलिस को जितना धैर्य रखना पड़ेगा, वह संविधान के पालन की कीमत है। लोकतंत्र की यह कम-से-कम क़ीमत है जिसे सबको अदा करनी चाहिए. पुलिस अपनी विफलता, भ्रष्ट आचरण, अपने ऊपर के अधिकारियों के अहं की तुष्टि याकि सत्ताधीशों के स्वार्थ को पूरा करने का औजार बन जाती है तब एनकाउंटर वाला रास्ता खुलता है।

वह स्वर्णाक्षरों में लिखी जाने वाली हिदायत याद रखें हम कि भले कई अपराधी छूट जाएं लेकिन एक निरपराध को सजा नहीं मिलनी चाहिए. यह हिदायत अपराधियों को नजरंदाज करने या उन्हें किसी तरह की छूट देने की बात नहीं करती है। यह बताना चाहती है कि अपराधी व निरपराधी के बीच एक अत्यंत पतली लकीर होती है जिसे कोई पार न कर जाए, इसकी सावधानी प्रशासन को, सरकार को रखनी ही चाहिए. ऐसा नहीं हुआ तो समाज एक ऐसे जंगल में बदल जाएगा जिसमें हर शक्तिवान अपने से कम शक्तिवान का शिकार खेलेगा. हम ऐसे जंगल में रहना चाहते हैं कि समाज में ? इसके जवाब में आप जो कहेंगे उससे निर्धारित होगा कि आप लोकतंत्र के नागरिक हैं या किसी के पोशीदा हेतु को पूरा करने के औजार ?

# शरणागति के संत 'गोस्वामी तुलसीदास'



संकलित
## दर्शन

भगवान शंकर जी ने भी विष पिया और गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी। दोनों ने समाज को रामकथामृत देकर धन्य कर दिया। संसार में और समुद्र में अमृत-मंथन करने पर विष अवश्य निकलेगा, पर उसमें राम को जोड़ दिया तो वह विष भी अमृत हो जाएगा। यही तुलसीदास जी ने किया- ***गरल सुधा रिपु करहिं मिताई, गोपद सिंधु अनल सित लाई। गरुड़ सुमेरु रेनु सम ताही, राम कृपा करि चितवा जाही।।*** राम नाम के प्रति गोस्वामी जी की आस्था तो सावन मास के अंधे की तरह थी, जिन्हें राम प्रेम में सब हरा ही हरा दिखाई देता था। राम की कृपा के प्रति गोस्वामी तुलसीदास जी की यह जो दीनता और शरणागति है, यही उनका चरम पुरुषार्थ है। कृपा के मूल में पुरुषार्थ नहीं होता है, अपितु पुरुषार्थ के मूल में कृपा होती है। रामचरितमानस कृपासाध्य ग्रंथ है, साधन साध्य नहीं। कर्म, उपासना, साधन, अनुष्ठानादि सब ठीक हैं, पर यह सब पाने के साधन हैं, किंतु जिसके जीवन में प्राप्तव्य ही कृपा से प्राप्त हुआ हो, वह क्या करे? रामचरितमानस में पुरुषार्थ के चरम आदर्श श्री लक्ष्मण जी और कृपा के चरम आदर्श श्री भरत जी दोनों के आदर्श और सर्वस्व श्रीराम हैं। इसका तात्पर्य यह है कि गोस्वामी तुलसीदास जी ने वाल्मीकि जी, व्यास जी और जितने भी श्रेष्ठतम पुराणकार हुए सबकी वंदना की है, पर उन्होंने अपने ग्रंथ में न तो इतिहास को उठाया, न किसी ग्रंथ से कुछ लिया। इसीलिए श्रीरामचरितमानस भक्तों के हृदय सिंहासन पर विराजमान हो सका।

# बहरुपियों से हमेशा सतर्क व सावधान रहें



संकलित
## प्रेरणा

एक कबूतर और एक कबूतरी एक पेड़ की डाल पर बैठे थे। उन्हें बहुत दूर से एक आदमी आता दिखाई दिया। कबूतरी के मन में कुछ शंका हुई और उसने कबूतर से कहा कि चलो जल्दी उड़ चले नहीं तो ये आदमी हमें मार डालेगा। कबूतर ने लंबी सांस लेते हुए आराम के साथ कबूतरी से कहाः भला उसे ध्यान से देखो तो सही, उसके कपड़े देखो, चेहरे से भोलापन टपक रहा है, ये हमें क्या मारेगा, बिलकुल सज्जन पुरुष लग रहा है। कबूतर की बात सुनकर कबूतरी चुप हो गई। जब वह आदमी उनके पास आया तो अचानक उसने अपने वस्त्र के अंदर से तीर कमान निकाला और झट से कबूतर को मार दिया। और बेचारे उस कबूतर के वहीं प्राण पखेरू उड़ गए। असहाय कबूतरी ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई और बिलखने लगी। उसके बाद वह कबूतरी रोती हुई अपनी फरियाद लेकर राजा के पास गई और राजा को उसने पूरी घटना बताई। राजा ने तुरंत अपने सैनिकों को उस शिकारी को पकड़कर लाने का आदेश दिया। तुरंत शिकारी को पकड़ कर दरबार में लाया गया। शिकारी ने डर के कारण अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। कबूतरी ने बहुत दुःखी मन से कहा किः हे राजन, मेरा जीवन साथी तो इस दुनिया से चला गया जो फिर कभी भी लौटकर नहीं आएगा, इसलिए मेरे विचार से इस क्रूर शिकारी को बस इतनी ही सजा दी जानी चाहिए कि अगर वो शिकारी है तो उसे हर समय शिकारी वाले कपड़े पहनना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### चढ़ावे की चोरी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई हो

चार माह पहले मुझे अयोध्या, प्रयागराज व काशी जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। मैंने नहीं सोचा था कि अयोध्या में राम मंदिर में चढ़ावे के पैसे पर ही डाका पड़ जाएगा। जो लोग चढ़ावे के नोट गिनते थे, उन्होंने ही हेराफेरी कर ली। बताया जाता है कि पिछले चार वर्षों में करोड़ों का घोटाला हो गया और यह हेराफेरी करने वालों के संबंध बड़े बड़े लोगों से हैं। लोगों द्वारा चढ़ाए गए करोड़ों रुपए के सोने-चांदी व हीरे के हार गायब हो गए हैं। इस संबंध में जनता चाहती है कि घोटाला करने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो। प्रचार किया जाता है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भ्रष्टाचार के प्रति सख्त रवैया रखने वाले मुख्यमंत्री हैं, तो क्यों न इस घोटाले के आरोपियों को बेनकाब किया जाए।

*- संजय साहू, दुर्ग*

## करंट अफेयर

### वॉशिंगटन में भारतीय आमों का स्वाद चखने उमड़ी भीड़

अमेरिका के वॉशिंगटन स्थित 'ड्यूपॉन्ट सर्कल' में हजारों लोग भारतीय आमों की मिठास और लजीज बिरयानी का स्वाद लेने के लिए उमड़े। भारतीय दूतावास ने शनिवार को यहां एक कार्यक्रम का आयोजन किया था जिसमें भारतीय मूल के अमेरिकी वर्जीनिया और मैरीलैंड से ड्यूपॉन्ट सर्कल पहुंचे। उन्होंने पुरानी यादें ताजा कीं और केसर, लंगड़ा एवं मालदा सहित विभिन्न किस्मों के रसीले आमों का स्वाद चखा। अमेरिका में रहने वाली भारतीय मूल की दिशा ने केसर आम का लुत्फ उठाते हुए कहा, 'मुझे याद है कि गर्मियों में मेरी दादी हमें आम खिलाया करती थीं। मैं बस भारतीय आमों का स्वाद लेने के लिए ही यहां आई हूं।' फुटबॉल विश्व कप देखने के लिए अमेरिका की यात्रा कर रहे एंड्रयू ने कहा, 'मैंने पहले कभी इतना स्वादिष्ट आम नहीं खाया।' 'टेस्ट द ट्रॉपिकल मैजिक' नामक यह कार्यक्रम पिछले कई वर्षों से वॉशिंगटन में गर्मियों के दौरान प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता रहा है और इसका दायरा हर साल बढ़ता जा रहा है। अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने कहा, 'यहां केवल आम का की एक फांक या भारत की झलक ही नहीं, बल्कि भारत के विविध स्वाद उपलब्ध हैं।'



## ऑफ बीट

### आहार की नई सिफारिश में अधिक सब्जियों पर जोर



ईएटी-लैंसेट आयोग का कहना है कि पिछले सप्ताह जारी उनके 'प्लैनेटरी हेल्थ डाइट' को अपनाने से दुनिया भर में प्रतिदिन 40,000 समयपूर्व मौतों को रोका जा सकता है और 2050 तक कृषि से होने वाले मीथेन उत्सर्जन में 15 प्रतिशत की कमी लाई जा सकती है। इस आहार में अधिक सब्जियों, फल, साबुत अनाज, दालें और मेवे शामिल करने की सिफारिश की गई है, जबकि मांस, मछली, मुर्गी और दुग्ध उत्पाद को सीमित मात्रा में रखा गया है। यदि आप एक थाली की कल्पना करें, तो उसका आधा हिस्सा सब्जियों और फलों (जिनमें सब्जियां अधिक हों) से भरा होना चाहिए। बाकी आधे हिस्से में साबुत अनाज और वनस्पति आधारित प्रोटीन हों। इसमें थोड़ी मात्रा में पशु उत्पाद और स्वस्थ वसा के लिए स्थान है, लेकिन अतिरिक्त चीनी बहुत कम रखी जानी चाहिए। विशेष रूप से मक्खन का कहीं जिक्र नहीं किया गया। सबसे विवादास्पद सिफारिश है-मांस की मात्रा : केवल 14 ग्राम प्रतिदिन लाल मांस और 29 ग्राम प्रतिदिन चिकन। न्यूजीलैंड का पारंपरिक आहार इस सिफारिश से काफी अलग है। लेकिन देश भर में किशोर लड़कियों पर किए गए एक हालिया अध्ययन से संकेत मिलता है कि अब एक बदलाव आ रहा है।

## ट्रेंड

### मतदाताओं से बातचीत करेंगे



मैं जम्मू-कश्मीर की खूबसूरत वादियों के विभिन्न हिस्सों में रहने वाले मतदाताओं के साथ बातचीत करूंगा, खासकर बडगाम जिले के जमीनी स्तर पर कार्यरत बूथ-स्तरीय अधिकारियों के साथ, जो आयोग की नींव हैं। बीएलओ और अन्य संबंधित पक्षों के साथ संवाद करेंगे।

**-ज्ञानेश कुमार**, सीईसी

### अपने अंदर झांके पाक



हमने कराची में घटना के संबंध में भारत के खिलाफ निराधार आरोप लगाने वाली पाकिस्तानी रिपोर्ट देखी हैं। 'हम इन आरोपों को स्पष्ट रूप से खारिज करते हैं। दूसरों पर उंगली उठाने के बजाय, पाक को अपने अंदर झांकना चाहिए।

**-रणधीर जायसवाल**, प्रवक्ता, विदेश मंत्रालय

### सख्त कार्रवाई होगी



मुझे जानकारी मिली है कि पान मसाला व गुटखा जैसे उत्पादों में भी नशा मिलाया जा रहा हैं। यदि कोई इन उत्पादों में थोड़ी-सी मात्रा में भी कोई नशीला पदार्थ मिलाता पाया गया, तो कर्नाटक में ऐसे उत्पादों पर प्रतिबंध लगाने और ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। **-डीके शिवकुमार**, सीएम, कर्नाटक

### सबसे यादगार पल



विश्व चैंपियनशिप मेरे करियर के सबसे खास टूर्नामेंट में से एक है। कुछ सबसे यादगार पल, सबसे मुश्किल सबक और सबसे फक्र करने वाली उपलब्धियां इसी मंच पर मिली हैं। 'भारत में अपने प्रशंसकों के सामने विश्व चैंपियनशिप में खेलने का मौका और भी विशेष बनाता है।

**-पीवी सिंधू**, बैडमिंटन खिलाड़ी

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### सैगोना के पास ट्रक की टक्कर से दो युवकों की मौत

**बेमेतरा।** रविवार दोपहर सैगोना के पास हुई। ग्राम कन्हेरा निवासी मुकेश चंद्राकर (21 वर्ष) और विनोद ध्रुव (28 वर्ष)



मोटरसाइकिल से बेमेतरा से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि मुकेश चंद्राकर ने घटना स्थल पर ही दम तोड़ दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल विनोद ध्रुव को जिला अस्पताल लाया गया। चिकित्सकों ने उसे बचाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन शाम करीब चार बजे उपचार के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। दोनों युवकों की असमय मौत से ग्राम कन्हेरा में शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### पीडीएस दुकान में चोरी चावल-चना ले उड़े चोर

**बालोद।** शासकीय राशन दुकान के ताला को तोड़कर चोरो ने राशन की चोरी कर ली एवं बड़े सफाई के साथ दूसरा ताला बंद कर रफूचक्कर हो गए। जिसे दुकान के संचालक ने



ग्रामीणो की उपस्थिति में तोड़कर राशन दुकान में प्रवेश किया। जहां उसे साढ़े एक क्विटल चना कम मिला। जिसके बाद दुकान संचालक ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 305(ई) 331(4) के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम धोबनी (ब) निवासी लिखन राम देवांगन ने पुलिस को बताया कि 25 जून को प्रातः 07 बजे से प्रातः 10 बजे तक राशन वितरण किया और स्टॉक रजिस्टर को पूर्ण कर जिसमें कुल बचत चावल 16 क्विंटल 68 किलोग्राम (कुल 33 कट्टा) एवं चना 01 क्विंटल 72 किलोग्राम (कुल 3 कट्टा) को स्टॉक पंजी में संधारण कर राशन दुकान के सामने दरवाजा में ताला लगाकर अपने घर चला गया 26 जून को प्रातः 07 बजे राशन दुकान खोलने के लिये आया तो दरवाजा में लगा ताला मेरा लगाया हुआ ताला नहीं था।

## अगले बिजली बिलों में उपभोक्ताओं को मिलेगा क्रेडिट

# ग्रिड में भेजी गई अतिरिक्त सोलर बिजली की निर्धारित दर पर की जाएगी खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत घरों की छतों पर रूफटॉप सोलर संयंत्र लगाने वाले उपभोक्ताओं के लिए एक अच्छी खबर है। सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान ग्रिड में भेजी गई अतिरिक्त सोलर बिजली की खरीदी दर तय कर दी है। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने इस दर को अपनाने की आधिकारिक प्रक्रिया भी शुरू कर दी है।

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज़ से मिली जानकारी के अनुसार, निर्धारित दर को अंतिम अनुमोदन और मंजूरी के लिए छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के पास भेज दिया गया है। आयोग से हरी झंडी मिलते ही उपभोक्ताओं को उनकी अतिरिक्त बिजली की राशि अगले बिजली बिलों में क्रेडिट के रूप में दिखाई देने लगेगी। पावर कंपनी ने इसकी पूरी प्रक्रिया को स्पष्ट करते हुए बताया। नेट मीटरिंग व्यवस्था के तहत, सोलर संयंत्र से जितनी बिजली बनती है, उसका सबसे पहले उपभोक्ता की मासिक बिजली खपत में समायोजन किया जाता है। उपभोक्ता की जरूरत से ज्यादा बिजली बनती है और वह ग्रिड में वापस जाती है, तो उसकी बची हुई यूनिट हर महीने उपभोक्ता के खाते में जुड़ती चली जाती है। वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर खाते में बची हुई अतिरिक्त यूनिटों का पावर कंपनी द्वारा बायबैक किया जाता है। तय दर के हिसाब से बनने वाली कुल राशि उपभोक्ता के खाते में जमा कर दी जाती है।

### नए वित्तीय वर्ष में शून्य से शुरू होता है लेखा-जोखा

उपभोक्ताओं के बीच भ्रम को दूर करते हुए कंपनी ने साफ किया है कि प्रत्येक नए वित्तीय वर्ष में यूनिट का लेखा-जोखा नए सिरे से शुरू होता है। यही कारण है कि पिछले वित्तीय वर्ष की बची हुई अतिरिक्त यूनिट नए बिजली बिल में यूनिट के रूप में दिखाई नहीं देती हैं। हालांकि, उनका मौद्रिक मूल्य उपभोक्ता के खाते में पूरी तरह सुरक्षित रहता है और आगामी बिजली बिलों में क्रेडिट के रूप में घटा दिया जाता है।

### हजारों उपभोक्ताओं को आर्थिक लाभ

प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत अधिशेष बिजली के समायोजन और बायबैक की यह पूरी प्रक्रिया छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के प्रचलित नियमों के तहत बेहद पारदर्शी ढंग से संचालित की जा रही है। जिससे राज्य के हजारों सौर ऊर्जा उपभोक्ताओं को सीधा आर्थिक लाभ मिलेगा।

**अपराध :** लौटते वक्त गोरेगांव के पास रोका रास्ता, इलाके में दहशत का माहौल

# मछली कारोबारी की हत्याः धारदार हथियार से किए 40 से अधिक वार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बोईरगांव (दर्रीपारा) निवासी मछली कारोबारी विप्लभ मंडल (55 वर्ष) की अज्ञात हमलावरों ने हत्या कर दी। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, विप्लभ मंडल पिछले 7-8 वर्षों से बोईरगांव में रहकर अपने साथी चुम्मन यादव के साथ धमतरी जिले के नगरी क्षेत्र में मछली का व्यवसाय करते थे। दोनों सिहावा रोड स्थित एमएम फिश नाम से दुकान संचालित करते थे और प्रतिदिन इसी मार्ग से आना-जाना था। बताया जा रहा है कि शनिवार को दुकान बंद कर दोनों गरियाबंद लौट रहे थे। इसी दौरान नगरी से आगे गोरेगांव के पास कुछ अज्ञात लोगों ने उनका रास्ता रोक लिया। आरोप है कि हमलावरों ने पहले विप्लभ मंडल पर हमला किया, जबकि उनके साथी की आंखों में मिर्च पाउडर फेंक दिया। साथी किसी तरह जान बचाकर वहां से निकल गया। इसके बाद हमलावरों ने विप्लभ मंडल पर धारदार हथियार से कई वार किए। पुलिस ने अभी आधिकारिक तौर पर घावों की संख्या की पुष्टि नहीं की है। स्थानीय लोगों के अनुसार, वारदात बेहद निर्मम थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

**साथी की आंखों में झोंकी मिर्च**

*पुरानी रंजिश या लूटपाट? हर एंगल से जांच में जुटी पुलिस*



*पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाने शुरू कर दिए हैं। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और हमलावरों की तलाश जारी है। इस घटना से गरियाबंद और धमतरी दोनों जिलों के व्यापारियों में चिंता का माहौल है।पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मामले की गंभीरता को देखते हुए हर एंगल से जांच की जा रही है। आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए आसपास के क्षेत्रों में भी जांच तेज कर दी गई है। पुलिस ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और जांच पूरी होने तक आधिकारिक जानकारी का इंतजार करने की अपील की है।*

# रामगढ़ महोत्सव आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा अंचल की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक धरोहर रामगढ़ में आषाढ़ के प्रथम दिवस 29 एवं 30 जून को दो दिवसीय रामगढ़ महोत्सव-2026 का आयोजन किया जाएगा। संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस महोत्सव में प्रदेश की समृद्ध लोक संस्कृति, इतिहास, पुरातत्व, साहित्य एवं पर्यटन का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा।

महोत्सव में जनप्रतिनिधि, साहित्यकार, इतिहासकार, कलाकार, पर्यटक तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक शामिल होंगे। महोत्सव का शुभारंभ 29 जून को प्रातः 10.30 बजे पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में होगा।

### दिल्ली के कलाकार करेंगे रामलीला का मंचन

इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। दिनभर छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति पर आधारित लोकनृत्य, लोकगीत एवं पारंपरिक प्रस्तुतियां आयोजित की जाएंगी। सायंकाल प्रदेश के सुप्रसिद्ध लोक एवं सांस्कृतिक कलाकार अपनी आकर्षक प्रस्तुतियों से महोत्सव की गरिमा बढ़ाएंगे। भव्य रामलीला का मंचन नई दिल्ली के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। महोत्सव के दौरान आगंतुकों को विश्व की प्राचीनतम रंगशाला के रूप में प्रसिद्ध सीताबेंगरा गुफा, ऐतिहासिक जोगीमारा गुफा, रामगढ़ पर्वत श्रृंखला तथा अन्य महत्वपूर्ण पुरातात्विक स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा।

### समापन समारोह में मुख्यमंत्री होंगे शामिल

रामगढ़ महोत्सव का समापन 30 जून को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होगा। समापन समारोह में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ उत्कृष्ट प्रतिभागियों, कलाकारों एवं सहयोगियों को सम्मानित किया जाएगा। मुख्यमंत्री महोत्सव को संबोधित करते हुए प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण एवं पर्यटन विकास से जुड़े विषयों पर अपने विचार भी व्यक्त करेंगे।

### जमीन दिलाने के नाम पर साढ़े 3 लाख ठगे

**राजनांदगांव।** सस्ते दाम में जमीन दिलाने का झांसा देकर प्रार्थी से 3.50 लाख रुपए की ठगी करने के मामले में पुलिस ने जांच पड़ताल करते आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी तरूण निषाद निवासी ग्राम धामनसरा पुलिस चौकी सुरगी ने थाना बसंतपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वर्ष 2021 में आरोपी दुर्गेश यादव अपने मौसा के घर ग्राम धामनसरा में जमीन की खरीद-फरोख्त का कार्य करता था। इसी दौरान दोनों के बीच परिचय एवं मित्रता हुई। बाइक व मोबाइल जब्तः आरोपी की निशानदेही पर धोखाधड़ी की रकम से खरीदी गई एसपी-125 मोटर साइकिल एवं एक मोबाइल फोन जब्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया गया।

# अंतर्जातीय विवाह के बाद समाज से बहिष्कार का आरोप, दो युवकों ने पुलिस से लगाई गुहार

- अर्थदंड वसूली, कार्यक्रम रोकने और धमकी देने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले के गंधर्व समाज के दो युवकों ने अंतर्जातीय विवाह के बाद समाज के कुछ पदाधिकारियों पर मानसिक प्रताड़ना, अर्थदंड की वसूली और सामाजिक बहिष्कार का आरोप लगाया है। पीड़ितों ने मामले की लिखित शिकायत कोतवाली थाना कवर्धा में देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम कुटेली निवासी दीपक गंधर्व ने शिकायत में बताया कि अंतर्जातीय विवाह के बाद उसने स्वयं समाज को इसकी जानकारी दी थी। इसके बाद समाज की ओर से उस पर 50 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया। आरोप है कि दंड की आधी राशि जमा करने के बावजूद उसके परिवार को लगातार प्रताड़ित किया गया और सामाजिक कार्यक्रमों में बाधा पहुंचाई गई। दीपक गंधर्व का आरोप है कि उसके पुत्र के जन्मोत्सव कार्यक्रम के दौरान समाज के कुछ लोगों ने शेष दंड राशि तत्काल जमा करने का दबाव बनाया। आरोप के अनुसार, राशि नहीं देने पर समाज के लोगों को कार्यक्रम में शामिल नहीं होने देने और परिवार का बहिष्कार करने की धमकी दी गई, जिसके कारण कार्यक्रम स्थगित करना पड़ा। शिकायत में दीपक गंधर्व ने कहा है कि भारतीय संविधान अंतर्जातीय विवाह को मान्यता और संरक्षण देता है तथा किसी भी व्यक्ति या परिवार पर ऐसे विवाह के कारण सामाजिक या आर्थिक दंड नहीं लगाया जा सकता। उन्होंने गंधर्व विवाह की ऐतिहासिक एवं धार्मिक अवधारणा का उल्लेख करते हुए समाज के कुछ पदाधिकारियों पर पद का दुरुपयोग करने का आरोप भी लगाया है। इस संबंध में कोतवाली पुलिस ने शिकायत प्राप्त होने की पुष्टि करते हुए प्रकरण की जांच की प्रक्रिया शुरू करने तथा आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के लिए प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किए जाने की सलाह दी है। मामले में समाज के पदाधिकारियों का पक्ष सामने आना शेष है।



### पेपर लीक और परीक्षा प्रणाली में सुधार की मांग

# जंतर-मंतर पर भूख हड़ताल पर बैठे वांगचुक-प्रधान इस्तीफा दें

## 20 जून से शुरू हुए इस प्रदर्शन में हर दिन नए घटनाक्रम सामने आ रहे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के जंतर मंतर पर नीट पेपर लीक, परीक्षा प्रणाली में सुधार और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का आंदोलन लगातार 9वें दिन भी जारी है। इस प्रदर्शन में हर दिन नए घटनाक्रम सामने आए हैं। पुलिस के साथ कई बार नोकझोंक हुई, सुविधाओं को लेकर आरोप लगे और अब सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक भी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। भूख हड़ताल शुरू करने से पहले उन्होंने अभिजीत दीपके के साथ राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। हरियाणा की खाप पंचायतों के प्रतिनिधि भी प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे।

### बिजली पानी को लेकर बढ़ा विवाद

आंदोलन के दौरान अभिजीत दीपके ने आरोप लगाया कि कुछ समय के लिए धरनास्थल पर बिजली और पानी की आपूर्ति रोक दी गई थी। हालांकि बाद में दोनों सेवाएं बहाल कर दी गईं। इस घटना के बाद प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन पर आंदोलन को कमजोर करने का आरोप लगाया।



### जब तक मांगें नहीं पूरी होंगी, धरना देंगे

सीजेपी नीट पेपर लीक की निष्पक्ष जांच, परीक्षा प्रणाली में सुधार और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर आंदोलन कर रही है। जब तक उनकी प्रमुख मांगें पूरी नहीं होंगी, जंतर मंतर से धरना समाप्त नहीं किया जाएगा। आंदोलन में बड़ी संख्या में छात्र, अभिभावक और युवा लगातार शामिल हो रहे हैं।

### 20 जून से शुरू हुआ प्रदर्शन

दिल्ली पुलिस से अनुमति मिलने के बाद 20 जून को दीपके समर्थकों के साथ जंतर मंतर पहुंचे। छात्र हाथों में पोस्टर और थाली चम्मच लेकर शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही की मांग करते नजर आए। अनुमति अवधि समाप्त होने के बाद पुलिस ने प्रदर्शन खत्म करने को कहा, लेकिन नहीं उठे। दीपके ने साफ कर दिया कि शिक्षा मंत्री के इस्तीफे तक धरना जारी रहेगा।

### बेंगलुरु में 'नशा मुक्त भारत सम्मेलन' को संबोधित किया

# उपराष्ट्रपति : नशा-मुक्त भारत बनाने के लिए लोगों का सामूहिक प्रयास जरूरी

## नशा उत्पादकता, परिवार कल्याण और विकास में बाधक

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने शिक्षण संस्थानों, परिवारों, स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों तथा कानून लागू कराने वाली एजेंसियों से नशा-मुक्त भारत बनाने के लिए मिलकर काम करने का रविवार को आह्वान किया। उन्होंने कहा यह अभियान सभी शैक्षणिक परिसरों, शहरों और पूरे देश में चलाया जाना चाहिए।बेंगलुरु में राजीव गांधी स्वास्थ्य विज्ञान विवि के स्थापना दिवस समारोह और 'नशा मुक्त भारत सम्मेलन' में राधाकृष्णन ने कहा कि मादक पदार्थों का सेवन न केवल व्यक्ति की सेहत के लिए, बल्कि शिक्षा, उत्पादकता, परिवार कल्याण का नाशक है और राष्ट्रीय विकास के लिए भी खतरा है।

### खात्मे के लिए इच्छाशक्ति को अहम बताया

उन्होंने कहा कि नशा मुक्त भारत का दृष्टिकोण सिर्फ मादक पदार्थों का न होना नहीं है। स्वस्थ विकल्प, सोच-समझकर लिए गए



फैसले, सहयोगी परिवार और मजबूत समुदाय। उपराष्ट्रपति ने कहा कि विश्वविद्यालय ने स्वास्थ्य शिक्षा को मजबूत करने और स्वास्थ्य सेवा पेशेवर तैयार करने में अहम है। छात्र उपचार, जन-जागरूकता, नीति-समर्थन और साक्ष्य-आधारित समाधानों के जरिए मादक पदार्थों के खतरे से निपटने की कोशिशों में अगुवाई करेंगे। माता-पिता अक्सर सामाजिक बदनामी के डर से परिवार में लत को मानने से हिचकिचाते हैं। उन्होंने कहा कि इस समस्या को खत्म करने के लिए इच्छाशक्ति सबसे जरूरी है।

### सीसीटीवी फुटेज चेक कर रही पुलिस

# गिरीबाला के बंगले में घुसे चोर, सायरन सुनकर भागे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित बागमुगलिया एक्सटेंशन में रिटायर्ड जज गिरीबाला सिंह के बंगले में घुसे बदमाश गश्त कर रही पुलिस का सायरन सुनकर भाग निकले। घटना शनिवार-रविवार की दरमियानी रात करीब दो बजे से चार बजे के बीच की है। घटना के समय गिरीबाला सिंह के भाई बंगले पर मौजूद थे। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक कर रही है।

एसीपी डॉ. रजनीश कश्यप ने बताया कि रणवीर सिंह सेना से



गिरीबाला सिंह का बंगला

रिटायर्ड अधिकारी हैं। उनकी बहन गिरीबाला सिंह बागमुगलिया एक्सटेंशन में रहती है। गिरीबाला सिंह और उनका बेटा समर्थ सिंह इस समय बहू ट्विशा शर्मा की मौत के मामले में जेल में हैं। बंगला खाली होने के कारण रणवीर सिंह बंगले में अकेले थे। वह ग्राउंड फ्लोर पर सोए हुए थे। रात करीब दो बजे के आसपास उन्हें घर में आहट सुनाई दी। वह कमरे से बाहर निकले। पुलिस का सायरन बज रहा था। वह ऊपर वाले फ्लोर पर पहुंचे तो कमरे में रखी अलमारी खुली मिली। साथ कमरे का सामान बिखरा पड़ा था। उन्होंने कटारा हिल्स थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही गश्त में मौजूद पुलिस उनके घर पहुंच गई। इसके बाद थाने से पुलिस को बुलाया गया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस को कमरे का सामान बिखरा पड़ा मिला है।

### अनुसूचित जनजातियों पर लागू नहीं होगा यूसीसीः सीएम सुवेंदु

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की बीजेपी सरकार वर्तमान विधानसभा सत्र के दौरान राज्य में यूनिफ़ॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) लागू करने के लिए एक बिल लाने की योजना बना रही है।




भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने साफ किया कि कोड में कुछ भी शेड्यूल्ड ट्राइब्स (एसटी) पर लागू नहीं होगा। समिक भट्टाचार्य ने कहा कि भाजपा का स्टैंड साफ है। यह पार्टी के इलेक्शन मैनिफेस्टो और राजनीतिक वादे का हिस्सा है।

### राहुल के कामों की आलोचना की पूर्व राष्ट्रपति प्रणब की बेटी शर्मिष्ठा ने कहा

# राजनीति 24 घंटे 365 दिन का काम, राहुल कुछ इवेंट्स के बाद लगातार गायब हो रहे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि राहुलजमीनी स्तर पर कुछ दिन सक्रिय रहने के बाद गायब हो जाते हैं। शर्मिष्ठा ने बताया कि 2014 से, लगभग उसी समय से जब राहुल कांग्रेस के चेहरे के रूप में उभरने लगे थे, पार्टी लगातार चुनाव हारती रही है। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा का अच्छा नतीजा मिला।



### कुछ रैलियां की और फिर भागे

शर्मिष्ठा ने कहा कि अफसोस की बात है कि राहुल गांधी कुछ इवेंट्स करते हैं और फिर गायब हो जाते हैं। राजनीति 24 घंटे, 365 दिन का काम है। आप आते हैं और फिर 2 दिन बाद चले जाते हैं। आप कुछ रैलियां करते हैं और फिर चले जाते हैं। तो, मेरे हिसाब से राजनीति ऐसी नहीं होती।

### दिल्ली में लगे राहुल के 'गुमशुदा' वाले पोस्टर

दिल्ली में कई जगहों पर राहुल गांधी के खिलाफ पोस्टर लगे हुए दिखाई दिए। ये मंडी हाउस, आईटीओ आदि इलाकों में लगे हुए थे। बड़े शब्दों में लिखा था- गुमशुदा। भाजपा के शहजाद पूनावाला ने सवाल उठाए थे। ये किसने लगाए हैं, इसका तो पता नहीं चल पाया है लेकिन भाजपा ने हाल ही में एक बार फिर राहुल के विदेश दौरों को लेकर सवाल उठाया है।



### शेट्टी को ऑडियो क्लिप भेज मांगी 20 करोड़ रुपए की रंगदारी

**मुंबई।** मशहूर बॉलीवुड फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी एक बार फिर लॉरेंस बिश्नोई गैंग के निशाने पर आ गए हैं। रोहित शेट्टी के स्टाफ को एक खौफनाक 90 सेकंड की ऑडियो क्लिप मिली है, जिसमें फिल्ममेकर से 20 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी गई है और ऐसा न करने पर सीधे जान से मारने की धमकी दी गई है। इस घटना के बाद मुंबई पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। धमकी देने वाले ने अपना नाम शुभम लोणकर (लॉरेंस बिश्नोई ग्रुप) बताया है। ऑडियो में बेहद आक्रामक लहजे में कहा गया है कि तुम्हें पुलिस सुरक्षा का जो वहम है, उसे छोड़ दो। मेरे शूटर तुम्हारे आसपास ही हैं।



### अमरनाथ यात्रा मार्ग के प्रमुख स्थानों पर की गई मॉक ड्रिल

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने रविवार को अमरनाथ गुफा मंदिर तक जाने वाले दोनों मार्गों पर व्यापक ऊंचाई वाले 18 महत्वपूर्ण स्थानों पर अभियानगत अभ्यास किए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इन अभ्यासों का उद्देश्य पर्वतीय बचाव दलों की तैयारियों का आकलन करना था। दक्षिण कश्मीर हिमालय में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित गुफा मंदिर की 57 दिनों की वार्षिक यात्रा तीन जुलाई से इन दोनों मार्गों पर शुरू होने वाली है।

### सिक्किम में भारी बारिश का तांडवः बेली ब्रिज ढहा

**नई दिल्ली।** शनिवार रात सिक्किम में हुई भारी बारिश के चलते डजोंगू में पी खोला के ऊपर बना एक बेली ब्रिज ढह गया। इसके साथ ही फिदांग और सांकलांग के बीच की मुख्य सड़क भी पूरी तरह बंद हो गई। स्थानीय अधिकारी फौरन घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने नुकसान का जायजा लिया। अब वे आगे की कार्रवाई की योजना बना रहे हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, आज सिक्किम में हल्की से मध्यम बारिश होने की उम्मीद है।

### कपड़ा कारोबारी की हत्या का आरोपी मुठभेड़ में ढेर

**पीलीभीत।** पीलीभीत जिले में एक कपड़ा व्यापारी की हत्या के मामले में वांछित 1.75 लाख रुपये का इनामी बदमाश पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में मारा गया। पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव मिश्रा ने संवाददाताओं को बताया कि बदमाश की पहचान शिवम उर्फ सर्वजीत (23) के रूप में हुई है। शनिवार देर रात करीब 10 बजे सूचना मिलने पर पुलिस ने जिला मुख्यालय से लगभग 58 किलोमीटर दूर शीतलपुर गांव के पास घेराबंदी कर दबिश दी।


epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

## एजूकेशन स्पेशल

**प्रवेश प्रारंभ**
**श्री बालाजी इंस्टीट्यूट**
ऑफ नर्सिंग, पैरामेडिकल एवं फार्मेसी

| Nursing Course | Duration |
|---|---|
| B.Sc. Nursing | 4 Years |
| P.B.B.Sc. Nsg | 2 Years |
| M.Sc. | 2 Years |
| **Paramedical Course** | **Duration** |
| Lab tech, OT tech, X-Ray tech, Ortho tech | 1 Year |
| **Pharmacy Course** | **Duration** |
| D Pharmacy | 2 Years |
| B Pharmacy | 4 Years |

Eligibility- B.Sc. Nursing-Biology (PBCE), P.B.B.Sc. Nursing-GNM Pass
M.Sc. Nursing-BSc., P.B.B.Sc. Pass,
Paramedical Course - 12th pass (Bio)
Pharmarcy - 12th pass , Maths, Bio

HOSTEL FACILITY AVAILABLE FOR GIRLS & BOYS

क्लीनिकल सुविधा
**श्री बालाजी हॉस्पिटल**
1500 बिस्तरों का एडवांस्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं 250 सीटो का मेडिकल कॉलेज
नर्सिंग प्रवेश हेतु : 7694016816, 6266631615, 7999665899
पैरामेडिकल एंड फार्मेसी प्रवेश हेतु 9201622400, 9201641200, 9201631200

### Appointment आवश्यकता

**आवश्यकता है-** रायपुर में सड्डू बंजरपारा में स्थित दाल मिल में कार्य हेतु 2 कर्मचारी अनाजलाईन दाल मिल अनुभवी प्राथमिकता वेतन 15000/- से आरंभ, एक दालमिल मिस्त्री जिसको सारटेक्स/कम्प्रेशर मशीन चलाने का अनुभवी वेतन योग्यतानुसार, 1 मिल इंचार्ज जो Account/ मिल का भी काम कर सके वेतन 18000से 20000 संपर्क 9826141178.(RO-872)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### हाउसकीपिंग/सुपरवाइजर

**आवश्यकता है-** हाउसकीपिंग- पुरुष उम्मीदवार (इन-हाउस रहने के लिए), ड्राइवर- केवल रायपुर लोकल के लिए, ऑफिस बॉय- केवल रायपुर लोकल के लिए, हाउस सुपरवाइजर, **संपर्क करे-** 6232022676.(आरो-460)

### पैकिंग/लोडिंग कार्य

**आवश्यकता है-** चायपत्ती में पैकिंग कार्य के लिए लेडिस व लोडिंग अनलोडिंग के लिए पुरुष की आवश्यकता है **संपर्क जैन ट्रेडर्स नियर SBI ATM आकृति विहार अमलीडीह रायपुर मोबाइल :-** 74699-80000, 0771-4075490.(RO-873)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### इलेक्ट्रीशिअन/वेल्डर

**आवश्यकता है-** स्पंज आयरन प्लांटों को हीटिंग साईकल हेतु छत्तीसगढ़ लेवल पर सर्विसेज देने हेतु *Jainaveer limited* को 5+ साल अनुभवी फिटर, इलेक्ट्रिशियन, वेल्डर, डिग्रीधारी आदि की *आवश्यकता है* **सम्पर्क** 9090207009, 7828827710. (RO-874)

### पंप कर्मी

**आवश्यकता है-** पेट्रोल पंप में कार्य करने हेतु युवक/युवतियों की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। इच्छुक व्यक्ति बायोडाटा सहित सम्पर्क करे, **डागा पेट्रोल पंप, फाफाडीह चौक, स्टेशन रोड, रायपुर,** 8109135400, 9179380728. (RO-756)

### टाइल्स शोरूम कार्य

**आवश्यकता है-** टाइल्स एवं सेनेटरी के शोरूम में कार्य करने हेतु युवकों की आवश्यकता है **संपर्क -मनन इंटरप्राइजेज, विधानसभा रोड, मोवा, थाने के सामने, रायपुर। मोबाइल** - 9827109679.(RO-166)

### मशीन ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** जे.सी.बी. 3DX टायर मशीन चलाने हेतु 2 ऑपरेटर की आवश्यकता हैं वेतन - योग्यतानुसार लायसेंस हैवी बैच अनुभवी को प्राथमिकता (रहने+गैस की सुविधा उपलब्ध) **जय हनुमान ट्रेडर्स ऊपरवारा नया रायपुर मो.** 9098515239, 9399440771. (RO-875)

### घरेलु कार्य

**आवश्यकता है-** बच्चा सँभालने हेतु एवं घर कार्य हेतु 24 घंटे की बाई (लड़की) चाहिये। रहना एवं ख़ाना दिया जाएगा। **स्थान तेलीबांधा, रायपुर संपर्क करें मोबाइल नंबर** 9575042814.(RO-40)

**आवश्यकता है-** रायपुर (सिविल लाइन्स) स्थित एक प्रतिष्ठित परिवार के लिए 12 घंटे एवं 24 घंटे कार्य हेतु अनुभवी, ईमानदार और जिम्मेदार घरेलू नौकर की तत्काल आवश्यकता है। अनुभवः कम से कम 5 वर्ष शिक्षा न्यूनतम 10वीं पास वेतन 20,000- 25,000 प्रतिमाह (अनुभवनुसार) सुविधाएं रहने की व्यवस्था है **स्थानः सिविल लाइन्स, रायपुर संपर्क:-** 9109972720, 9109125252. (RO-038)

**आवश्यकता है-** घरेलू महिला सहायक चाहिए (18–40 वर्ष)। 24 घंटे रहना होगा, रहना-खाना मुफ्त। खाना बनाना नहीं - घर के बाकी सभी काम। अनुभवी हों। महीने में 2 छुट्टी। **स्थानः न्यू चंगोराभाठा, रायपुर। संपर्कः** 8305037010. (RO-901)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** किराना दुकान में काम करने हेतु मेहनती लड़को की आवश्यकता हैं। पढ़ाई में बाधा नहीं। आकर्षक वेतन। **सम्पर्क करें- भगत किराना, गोल बाजार, रायपुर, मो.** 7828644611.(RO-094)

### अकाउन्टेंट/ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** हार्डवेयर दुकान और गोदाम में काम के लिए लड़के चाहिए। अकाउंट, कंप्यूटर और सेल्स वाले भी संपर्क करें। सैलरी 14,000 से शुरू। **जगह - नहरपारा & बॉम्बे मार्केट, राज टॉकीज के सामने। कॉल करें** - 9302702087.(RO-4146)

### लॉन्ड्री कार्य

**आवश्यकता है-** लॉन्ड्री शॉप के लिए कपड़े लेने और पहुंचाने (पिक एण्ड ड्रॉप) के लिए लड़को की आवश्यकता है। समय सुबह 9:30 से रात 09 बजे तक **युक्लीन लॉन्ड्री पचपेड़ी नाका रायपुर संपर्क:-** 7999519526. (RO-871)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** रायपुर स्थित प्रतिष्ठित कार्यालय के लिए 12 घंटे की ड्यूटी हेतु अनुभवी, अनुशासित एवं जिम्मेदार सिक्योरिटी गार्ड की आवश्यकता है। अनुभवः न्यूनतम 5 वर्ष शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं पास वेतन योग्यता एवं अनुभवनुसार आकर्षक वेतन **कार्य स्थल सिविल लाइन्स, रायपुर संपर्क:-** 9109972720, 9109125252. (RO-037)

### टेलीकॉलर

**आवश्यकता है-** टेलीकॉलिंग ऑफिस कार्य हेतु लड़की एवं महिलाओं की आवश्यकता है। सैलरी 7000+ कमीशन वीकली बोनस से कमाए 15,000 से 20,000 **पता - रामनगर भिलाई** Mo.no.- 8103147651 .(RO-876)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित युवकों की जो बाहर (उज्जैन इंदौर उदयपुर ) मे रह कर काम कर सके सैलरी 12000 + कमीशन + बोनस के साथ महीना 25000/ कमाए रहना खाना फ्री लिमिटेड सीट **संपर्क** - 7777800422, 9993044523. (Ro -366)

**शीघ्र आवश्यकता है-** जो बाहर रहकर कार्य कर सके इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु लड़के, आयु 18 से 30 वर्ष वेतन 12000+ कमीशन+ बोनस के साथ 20000 रहना फ्री +गाड़ी किराया +कोई शुल्क नहीं लगेगा **संपर्क,** 7880003160, 7880003190.(RO-528)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

### अन्य

**आवश्यकता है-** जिलास्तरीय कंपनी में भर्ती परमानेंट बेसेस पर पद- फॉरेस्टगार्ड, क्लर्क, वनपाल, चपरासी , हेतु ( 10वी+12वी) पास लड़के लड़कियां, उम्र सीमा (18 से 42) सैलरी- 26500/- से 45500/- आवेदन हेतु - मार्कसीट, आधारकार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो , व्हाट्सएप / **कॉल करे** - 8400406891. (RO-102)

### Property प्रापर्टी

**बेचना है -** केंद्री रेल्वे स्टेशन के पास, 37x76 स्क्वेयर फीट का कमर्शियल प्लॉट बिक्री हेतु उपलब्ध। हॉस्पिटल, होटल या किसी भी कमर्शियल सेटअप के लिए परफेक्ट जगह। जल्दी करें– सीमित ऑफर! **संपर्क करें:-** 9990440140, 9991118972. (RO-039)

### Services सर्विसेस

**हॉस्टल / भवन चाहिए -** रूंगटा आर 1 इंजीनियरिंग कॉलेज कोहका भिलाई को बॉयज के लिए 30 सीटर हॉस्टल/भवन की आवश्यकता है। **संपर्क करें।** 9229155526, 9229355523. (आरो न - 306)

### Finance फायनेंस

**फाइनेंस -** बंधना फाइनेंस द्वारा दुकानदार, होलसेल, कृषि लोन, ग्रुपलोन, बिजनेस लोन 2 प्रतिशत ब्याज में। 25. हजार से 30 लाख तक लोन वीकली या मंथली आसान किश्तों में। **संपर्क:-** 9770833099. (RO-4282)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।




विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

## CLASSIFIED RATE CARD

01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sq cm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sq cm |

SCHEME
1. Pick of the day 15% extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100Rs. EXTRA.

COLOUR 20% Extra Charge For Disply
5% GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE 10X1

| | | | |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

## Healthcare

**गुप्त रोगी स्वयं मिले**



शादी से घबराहट गुप्त रोग
- शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
- शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
- लिंग में ढ़ीलापन, छोटापन, पतलापन
- लिंग में टेढ़ापन
- वीर्य में शुक्राणु की कमी
- बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
- पेशाब में धातु जाना
- शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी

संपर्क जे.जे. अहमद दवाखाना
सरकारी आई.टी.आई. पॉवर हाऊस अंबेडकर चौक, सी मार्ट के सामने बस स्टैण्ड, भिलाई
प्रतिदिन - सोम से शनि समय - 9 बजे से 5 बजे तक
रविवार - 9 बजे से 2 बजे तक
9098889899

## जैकेट के शेष

### निवेशकों की नहीं ....

कम हुए। जहां तक चांदी का सवाल है तो चांदी के दाम सोमवार को दो लाख 45 हजार थे, इसके दाम कम होकर 230600 रुपए हो गए हैं। यानी चांदी के दाम 14400 रुपए कम हुए हैं। चांदी के आयात पर वैसे भी प्रतिबंध के कारण इसकी डिमांड कम हो गई है, लेकिन अब दाम कम होने के कारण कारोबार थोड़ा सा पटरी पर लौटा है।

### रक्षा और समुद्री .....

भागीदारी को दर्शाते हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार, इन परिणामों में प्रत्यर्पण संधि, बाह्य अंतरिक्ष के शांतिपूर्ण उपयोग में सहयोग संबंधी समझौता, सेशेल्स में यूपीआई आधारित डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने का समझौता तथा नए सेशेल्स राष्ट्रीय अस्पताल की प्रारंभिक तैयारियों से संबंधित समझौता शामिल है। दोनों देशों ने सेशेल्स को एक तेज गश्ती पोत उपहार में देने, सेशेल्स रक्षा बल को 10 यूटिलिटी वाहन और पांच लेजर रेडियल श्रेणी की नौकाएं सौंपने, सेशेल्स कोस्ट गार्ड के पोत 'पीएस जोरोस्टर' के पुनर्निर्माण कार्य के पूरा होने तथा डोर्नियर विमान को आधुनिक ग्लास कॉकपिट प्रणाली से उन्नत करने की भी घोषणा की। विदेश मंत्रालय ने 'एक्स' पर सिलसिलेवार पोस्ट में बताया कि अन्य विकासात्मक पहलों के तहत छह एम्बुलेंस, 500 मीट्रिक टन चावल और 8,500 मीट्रिक टन सीमेंट सेशेल्स को सौंपा गया।

**34वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता और लघु द्वीपीय विकासशील देशों की आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने में उनके योगदान के लिए सेशेल्स ने 'मार्जियन ऑफ द ब्लू होराइजन' की मानद उपाधि से सम्मानित किया। यह किसी विदेशी राष्ट्र से उन्हें मिला 34वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है। राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी ने यहां मोदी को यह सम्मान प्रदान किया।

### सर्पदंश से नानी-नातिन की ....

के फूलझींपारा निवासी 8 वर्षीय करिश्मा शुक्रवार को कोटागहना निवासी अपनी नानी नंदी पति सोना (56 वर्ष) के घर आई हुई थी। शनिवार रात दोनों घर के कमरे में जमीन पर सो रहे थे। रात लगभग 11 बजे एक जहरीले सांप ने पहले मासूम करिश्मा को डस लिया। सांप के डसने से बच्ची रोने लगी तो बगल में सो रही नानी बच्ची को बचाने और सांप को हटाने के प्रयास करने लगी तभी सांप ने नानी नंदी को भी सांप ने काट लिया। बच्ची की तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे तत्काल 108 एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजपुर लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने बालिका की हालत नाजुक होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर रेफर कर दिया। परिजन इलाज के लिए बालिका को लेकर रवाना हुए, लेकिन रास्ते में चंद्रनगढ़ के समीप तड़के करीब 4 बजे उसकी मौत हो गई। इधर नानी नंदी की घर पर ही तड़के करीब 3 बजे मौत हो गई थी।

### 30 वर्ष से अधिक ....

काउंसिलिंग के शुरुआती चरणों में पीईटी प्राप्तांकों के आधार पर प्रवेश देने के पश्चात अंतिम चरणों में बारहवीं के आधार पर भी प्रवेश दिए गए। अब आयु सीमा को भी समाप्त कर दिया गया है, ताकि अधिक से अधिक छात्र प्रवेश ले सकें। गौरतलब है कि इंजीनियरिंग जैसे प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों के इतर बीए, बीकॉम, बीएससी जैसे परंपरागत पाठ्यक्रमों में नियमित दाखिले के लिए आयु बाध्यता पहले ही समाप्त की जा चुकी है।

**डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की काउंसिलिंग प्रारंभ :** इंजीनियरिंग के डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए काउंसिलिंग पहले ही प्रारंभ हो चुकी है। डिग्री पाठ्यक्रम के लिए फिलहाल दो चरण का ही शेड्यूल जारी किया गया है। प्रत्येक चरण की काउंसिलिंग में हिस्सा लेने के लिए पृथक-पृथक रूप से आवेदन करना होगा। वहीं संस्थागत स्तर पर होने वाली काउंसिलिंग के दौरान कैंडिडेट्स किसी एक ही संस्था का चुनाव कर सकेंगे, जबकि अन्य चरण में उन्हें अधिक विकल्प दर्ज करने की सुविधा होगी।

### सैर पर निकले ....

वर्षीय संतु यादव भारत माला सड़क के किनारे टहल रहे थे। इसी दौरान तेज गति से आते वाहन ने कोरबी के पास तीनों को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना को अंजाम देकर वाहन समेत चालक फरार हो गया। ग्रामीणों को जब घटना की जानकारी मिली तो मौके पर भीड़ जुट गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां से पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### अधूरा है का काम....

रहे थे, लेकिन सड़क खाली होने के कारण तेज रफ्तार से आ रहा वाहन अनियंत्रित हो गया और तीनों को अपनी चपेट में ले लिया।

### जीवन अध्यात्म की ....

संबंधित है वहां जाने लगी। और वहां हमारे गुरुदेव, जो लक्ष्मू बाबा के नाम से प्रसिद्ध थे, उन्होंने हमको आध्यात्मिक जीवन की बातें बताना प्रारंभ किया। जब धीरे-धीरे हम बड़े होने लगे, तब हमारे मन में भी ऐसा होने लगा कि हमारे गुरु जो इस प्रकार से मार्गदर्शन करते हैं, हम भी कहीं जाएं तो हम क्या कर सकते हैं? ऐसा हमारे जीवन में एक प्रकार का रास्ता ढूंढने की इच्छा जागृत हुई।

0 गुरुजी आपको? साध्वी बनाना चाहते थे या समाज सेवा में लगाना चाहते थे? साध्वी तो आप बनी नहीं, पर समाज के लिए आपने अपना जीवन लगा दिया।

00 हमारे गुरुदेव ने कहा था, आपको यहां गुरुकुल में शिक्षा पाना है, और आप आध्यात्मिक जीवन में भी बहुत बड़ा काम कर सकते हैं। दूसरा यह है कि आप यहां रहकर भी समाज का काम कर सकती हैं।

0 आपको क्या भाया? अकेले में बैठकर भगवान का भजन करना या लोगों के बीच जाकर उनके जीवन में परिवर्तन लाने की कोशिश करना?

00 मुझे लगा कि मुझे आध्यात्मिक जीवन से सामाजिक जीवन में आकर काम करना चाहिए। हजारों बहनों को रास्ता बताना चाहिए और हजारों लोगों को अपनी आगे की पीढ़ी में जाने के लिए हम कैसे मार्गदर्शन कर सकते हैं, यह बात मेरे मन में बचपन से ही आई।

0 आपने बताया, हजारों बहनों के जीवन में शिक्षा का कोई स्थान ही नहीं था, यह देखकर आपको लगा कि इनके जीवन में शिक्षा की जगह बनानी चाहिए। पर आप खुद कितनी पढ़ाई कर पाईं?

0 हमने पहले पांचवीं, 8वीं और फिर दसवीं का पेपर दिया, पास हो गए। हम कभी स्कूल नहीं गए। मेरे जैसी बहनें हैं, उनके लिए कौन करेगा? हम करेंगे। ऐसा सोच के बहनों को लाने के लिए लगभग 555 गांवों की पैदल यात्रा की पूरे दक्षिण बस्तर, सब जगह। तो उसमें से 15, 20 साल, 35 साल, 40 साल की बहनों को लाकर हमने साक्षरता में चालू की। उनके साथ-साथ सिलाई है, बुनाई है, पढ़ाई है, ऐसा करके 500 से ऊपर बहनों को साक्षर बनाया। आठवीं, नौवीं, दसवीं, बारहवीं, आगे बढ़ते गए और उनको हिम्मत आई कि हम बहुत पढ़ सकते हैं। आज भी कई नर्स में हैं, कई और शिक्षित में हैं, कोई पुलिस विभाग में हैं; हर विभाग में आपको ऐसी बहनें मिलेंगी।

0 आरएसएस की राष्ट्रीय सेविका समिति से प्रशिक्षित होकर फिर अपने जीवन को समाज के लिए अर्पित किया? कॉलेज की पढ़ाई आपने नहीं की?

00 नहीं, कॉलेज की तो मैं नहीं कर पाई। क्योंकि मैं इतना समाज में काम में, इतना रम गई। छोटे-छोटे बच्चे हैं, जो गाय चराते हैं, या या कोई दूसरा काम करते हैं। ऐसे बच्चों के लिए बाल संस्कार केंद्र चालू किया। एक-एक केंद्र में 70-80 बच्चे आते थे। 10:00 बजे से 3:00 बजे तक उनके लिए समय देती थी और 4:00 बजे रिटर्न आती थी जहां छात्रावास होता है, वहां रुकती थी। ऐसे बच्चों को 4 से 5 साल तक तैयार करते है, और 6 साल में उनको शासकीय विद्यालय में, वहां पहुँचाते रहे। ऐसा संख्या बढ़ते गई।

00 आपने छात्रावास भी तैयार किए, बालवाड़ी कह सकते हैं इसको, संकुल जो आप बता रही थी छात्र संकुल। पैसे कहां से आए?

00 जन सहयोग से यह सब चल रहा है। अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम को यही सिखाया कि सहयोग से कैसे चलना चाहिए।

0 किस तरह की चुनौतियां थी काम करते वक्त?

00 फील्ड में जो काम करते हैं, आपको पानी पीने से लेकर खाना खाने तक की, जैसे उस समय तक हैंडपंप नहीं होता था 1986 में। झरने से, गड्ढा से पानी लेकर आते थे, ऐसे ही पीया जाता था। किसी की मौत भी होती थी, किसी को उल्टी-दस्त होता था। हमने उनके बीच में जाकर के एक महिलाओं के लिए विशेष करके मातृशक्ति सम्मेलन है, जागृति शिविर है, ऐसा सब लोगों को बुला करके हमने उनको साफ-सफाई में बताते थे। पानी लाना है, छान के लाना है; पानी गरम करके पीना है; और हाथ अच्छा से, सच्चाई से धोके खाना-पीना करना है। फिर हमारे पास जो मिलता है, हमारे शरीर में कमजोरी है, हम उसको अंकुरित करके उसको खाया जाना चाहिए, पौष्टिक चीज खाना है। दाल खाना है; पपीता खाना है; और हमें स्वस्थ कैसे रहना। जंगल के जो प्रकृति से जो बना है, तो उसके जैसा पौष्टिक कहीं भी नहीं है। हम उसके बारे में उनको पूरा जानकारी देते थे। दूसरा है कि हमारे पास ही कई लोग आते हैं पीलिया का बीमारी है, आपका कभी सांप काटता है, कभी सिर दर्द होता है; ऐसी कई बीमार को लेकर आते हैं। तो हमारी बहनें हैं। सब काम करती हैं।

0 आपने कॉलेज की पढ़ाई तो की नहीं, पर जब आपका नाम लिखा जाता है तो उसके आगे डॉक्टर लिखा रहता है। यह डॉक्टर कहां से आ गया?

00 हमने समाज के बीच में काम किए, उसके कारण डॉक्टर का उपलब्धि मिली है। पंडित सुंदरलाल शर्मा विश्वविद्यालय से सामाजिक कामों को देखकर दी गई है।

## पेज एक के शेष

### राममंदिर केस पर सुधांशु महाराज...

दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर रहे। उन्होंने जाने से पहले एयरपोर्ट पर चर्चा में कई सवालों के जवाब भी दिए। लोगों को धर्म और सनातन से जोड़ने के लिए प्रयास के बाद भी परिवार एवं समाज में बढ़ते हिंसा को लेकर कहा कि लोगों का धर्म और सनातन से जुड़ने की वजह जरूरत है। लेकिन परिवार और समाज में महिलाओं से किस तरह से आदर भाव होना चाहिए। यह संस्कार माता-पिता बच्चों को नहीं दे रहे है। इससे परिवार और समाज में कलह की स्थिति बन रही है। सोशल मीडिया भी इसके लिए बड़ी वजह है। अब संस्कार केन्द्र खोलने और बच्चों को उससे जोड़ने का प्रयास जरूरी है।मैने देश में 40 संस्कार केन्द्र स्थापित किए हैं, आगे 108 केन्द्र शुरू करने का संकल्प है, इसके लिए प्रयास किया जा रहा है।

### चढ़ावा चोरी के 'सबूत' तलाशने...

की एक अदालत ने दो दिन पहले सभी आठ आरोपियों को 29 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। अदालत में सोमवार को पेशी के दौरान पुलिस उनकी रिमांड का अनुरोध कर सकती है। गिरफ्तार आरोपियों अविनाश शुक्ला, अनुकल्प मिश्रा, लव कुश मिश्रा, मनीष कुमार यादव, करुणेश पांडे, रामशंकर मिश्रा, सुभाष श्रीवास्तव और रामाशंकर उर्फ टिन्नू यादव की ड्यूटी राम मंदिर में दान के रूप में प्राप्त नकदी और कीमती चीजों की गिनती से संबंधित कार्य में थी। अभियोजन पक्ष के अनुसार, जांचकर्ताओं ने अब तक 79.85 लाख रुपये बरामद किए हैं।

### दीवार ढहने से दो सगी बहनों...

ग्रामीण मौके पर पहुंचे और मलबा हटाकर बच्चियों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक दोनों की सांसें थम चुकी थीं। प्रारंभिक जांच में दीवार के अत्यधिक जर्जर होने के कारण उसके ढहने की आशंका जताई गई है।


### मोदी सरकार के मंत्रिमंडल में ...

किया जाएगा। भाजपा का शीर्ष नेतृत्व पदाधिकारियों की सूची को अंतिम रूप दे चुका है और 'नितिन नवीन की टीम' की घोषणा जल्द होने की संभावना है। पार्टी के युवा चेहरों को संगठन में प्रमुख पदों की जिम्मेदारी दिए जाने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार, भाजपा अध्यक्ष ने पिछले सप्ताह कुछ केंद्रीय राज्य मंत्रियों के साथ भी विचार-विमर्श किया था। इस बात की प्रबल संभावना है कि कुछ केंद्रीय मंत्रियों को भाजपा में संगठनात्मक भूमिकाएं संभालने के लिए भेजा जाएगा और पार्टी के पदाधिकारियों को मोदी मंत्रिमंडल में शामिल किया जाएगा। कुछ मंत्रियों के विभाग बदले जाने की भी अटकलें हैं।

## मन की बात में बोले मोदी

# भारत समुद्र से आकाश तक सुरक्षित आसमान में गरज रहे स्वदेशी विमान

एजेंसी ▶▶। नई दिल्ली



'मन की बात' में प्रधानमंत्री ने देश की आत्मनिर्भरता की यात्रा में कुछ बड़ी उपलब्धियों का जिक्र किया। उन्होंने कहा भारत समुद्र से लेकर आकाश तक सुरक्षित है। आज आसमान में भारत के स्वदेशी निर्मित लड़ाकू विमान गरज रहे हैं जिन्हें देखकर पूरी दुनिया में भारत के विकास की चर्चा हो रही है। मोदी ने भारत में बने सी-295 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट की पहली उड़ान और डीआरडीओ द्वारा किए गए एक सफल लॉन्ग-रेंज मिसाइल परीक्षण की सराहना की। इन दोनों ही घटनाओं को भारत के रक्षा और विमानन क्षेत्र में नवाचार के लिए बड़े कदम माना जा रहा है। पीएम मोदी ने कहा- जून के महीने में ही देश ने विमानन क्षेत्र में बड़ी सफलता हासिल की है। मेड इन इंडिया अभियान के तहत तैयार किए गए सी-295 विमान ने अपनी पहली सफल उड़ान पूरी कर ली है। वर्तमान में ऐसे 40 विमान भारत में ही बनाए जा रहे हैं।

### मेरी अपील का समर्थन व सहयोग किया

पीएम मोदी ने कहा कि मैंने बीते दिनों लोगों से कुछ समय तक सोना ना खरीदने, विदेश यात्रा टालने या कार पूलिंग की अपील की थी मैं देश के हर नागरिक का आभारी हूं कि मेरी अपील का उन्होंने न सिर्फ समर्थन किया बल्कि उसमें सहयोग कर रहे हैं। मुझे इस बात की खुशी है कि हम भारतीय इस संकट से मिलकर मुकाबला कर रहे हैं।

### अशुभ हरगिला पक्षी अब गांव की पहचान बना

पीएम मोदी ने कहा कि असम में एक पक्षी पाया जाता है। उसका नाम हरगिला है। हरगिला एक दुर्लभ पक्षी है। ये प्रकृति को स्वच्छ रखने में अहम भूमिका निभाता है लेकिन असम के कुछ इलाकों में लंबे समय तक इसे अशुभ माना जाता था। लोग इसे अपने आसपास देखना पसंद नहीं करते थे। कई बार उन पेड़ों को भी काट दिया जाता था जिन पर हरगिला के घोसले बने होते थे। इसी दौरान जीव-वैज्ञानिक पूर्णिमा देवी बर्मन ने जागरूकता फैलाई।

### मेघालयः रूट ब्रिज की कहानी

पीएम मोदी ने मेघालय के रूट ब्रिज का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि ये ब्रिज कुछ दिनों या कुछ सालों में नहीं बनते। इन्हें तैयार होने में कई दशक लगते हैं। रबर के पेड़ों की जड़ों को धीरे-धीरे दिशा दी जाती है। इन जड़ों को जल-धाराओं के पार ले जाया जाता है। समय के साथ वही जड़ें एक मजबूत ब्रिज का रूप ले लेती हैं। ये जीवित ब्रिज हैं।

### तीन भारतीय जहाजों की सराहना की

प्रधानमंत्री ने दुनागिरी, संशोधक और आईएनएस अग्रय जैसे 3 पूरी तरह से भारत में बने जहाजों की भी तारीफ की, जो अब नौसेना का अहम हिस्सा बन गए हैं। उन्होंने मुश्किल समय में लोगों द्वारा संसाधनों को बचाने के तरीकों की भी सराहना की, जैसे सोने का पुनर्चक्रण करना या कारपूलिंग करना।

### पीएम सुरक्षा बीमा योजना का लाभ उठाएं

इसके साथ ही, प्रधानमंत्री ने लोगों से 'प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना' के बारे में जानने और उसका लाभ उठाने का भी आग्रह किया। यह एक सरकारी बीमा योजना है जिसमें हर साल सिर्फ 20 रुपये के प्रीमियम पर 2 लाख रुपये तक का बीमा कवर मिलता है, जिससे परिवारों को आर्थिक सुरक्षा मिलती है।

# सीएम मान सहित आप विधायक आज श्री अकाल तख्त साहिब के सामने होंगे पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा है कि सभी आम आदमी पार्टी विधायक और मंत्री सोमवार 29 जून को सामूहिक रूप से श्री अकाल तख्त साहिब के सामने पेश होंगे। सीएम मान ने अकाल तख्त की सर्वोच्चता को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि जो भी फैसला आएगा, उसे सरकार और पार्टी सिर झुकाकर स्वीकार करेगी।



■ सरकार और पार्टी का पक्ष पूरी मजबूती व विनम्रता से रखेंगे

**जो भी निर्देश-फैसला होगा शिद्दत के साथ मानेंगे : मान :** मान ने आगे कहा कि जो भी निर्देश या फैसला अकाल तख्त साहिब की तरफ से आएगा, उसे पूरी श्रद्धा, मर्यादा और सम्मान के साथ माना जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि अकाल तख्त साहिब की तरफ से कुछ मंत्रियों से खास विषयों पर लिखित में स्पष्टीकरण भी मांगा गया है। ऐसे में सभी संबंधित मंत्री पूरी तैयारी के साथ सोमवार को होने वाली इस पेशी के दौरान अपना जवाब लिखित रूप में वहां सौंपेंगे।

### अपना पक्ष विनम्रता के साथ रखूंगा : मान

मीडिया के एक सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री भगवंत मान ने साफ किया कि फिलहाल उन्हें पर्सनल लेवल पर अकाल तख्त साहिब द्वारा तलब नहीं किया गया है। चूंकि यह बुलावा पार्टी के दूसरे मंत्रियों और विधायकों के लिए है, इसलिए वे सभी वहां जाकर सरकार और पार्टी का पक्ष पूरी मजबूती व विनम्रता से रखेंगे।

### अकाल तख्त साहिब की ओर से गया था बुलावा

ज्ञात हो कि श्री अकाल तख्त साहिब की ओर से 'आप' के मंत्रियों और विधायकों को कुछ वैचारिक मुद्दों पर अपना पक्ष रखने के लिए तलब किया गया था, जिसके बाद पार्टी ने यह फैसला लिया है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने साफ किया कि आम आदमी पार्टी और पंजाब सरकार श्री अकाल तख्त साहिब की सर्वोच्चता का दिल से आदर करती है। हमारे सभी विधायक और मंत्री तय समय पर वहां जाएंगे। हम अकाल तख्त साहिब की सर्वोच्चता को सबसे महान मानते हैं।

# बाघों का संरक्षण वनों, जलक्षेत्रों और समृद्ध जैव विविधता की भी रक्षा करता है : भूपेंद्र यादव

■ अलवर में बाघों के पुनर्वास पर राष्ट्रीय कार्यशाला में दिया संबोधन



हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने रविवार को राजस्थान के अलवर में 'बाघों का पुनर्वास अवसर और चुनौतियां' विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन किया और बाघ संरक्षण और प्रोजेक्ट चीता पर तीन प्रकाशनों का विमोचन किया। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा राजस्थान सरकार के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला में भारत के बाघ बहुल क्षेत्रों के क्षेत्रीय निदेशकों, मुख्य वन्यजीव वार्डन और वन्यजीव विशेषज्ञों को बाघों के पुनर्वास और सक्रिय प्रबंधन के लिए विज्ञान-आधारित रणनीतियों पर विचार-विमर्श करने के लिए एक साथ आए। रिस्का टाइगर रिजर्व में बाघों के पुनर्वास के 18 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए मंत्री यादव ने कहा कि बाघ संरक्षण केवल एक प्रजाति की रक्षा करने के बारे में नहीं है, बल्कि वनों, जलक्षेत्रों और समृद्ध जैव विविधता के संरक्षण के बारे में भी है जो बाघों के आवास का हिस्सा है।

### इनकी रही उपस्थिति

मंच पर उपस्थित लोगों में राजस्थान के वन मंत्री संजय शर्मा, इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस के महानिदेशक एसपी यादव, वन महानिदेशक और विशेष सचिव, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, सुशील कुमार अवस्थी और एनटीसीए के सदस्य सचिव संजय कुमार शामिल थे।

### एक दशक में बाघों की संख्या 58 हो गई

*मंत्री ने बाघ संरक्षण में देश की उपलब्धियों के बारे में बताते हुए कहा कि पिछले एक दशक में बाघ अभ्यारण्यों की संख्या 46 से बढ़कर 58 हो गई है। उन्होंने यह भी बताया कि भारत ने 2022 तक वनों में बाघों की आबादी को दोगुना करने के सेंट पीटर्सबर्ग घोषणा के लक्ष्य को सफलतापूर्वक प्राप्त कर लिया है। उन्होंने उल्लेख किया कि ओडिशा के सतकोसिया बाघ अभ्यारण्य में सामुदायिक सहयोग की कमी के कारण ऐसी सफलता प्राप्त नहीं की जा सकी। प्रोजेक्ट चीता की सफलता में स्थानीय समुदायों की सक्रिय भागीदारी का भी बड़ा योगदान रहा है।*

# शेख हसीना ने कहा- इसी साल बांग्लादेश लौटूंगी, मुझे मौत से डर नहीं लगता

एजेंसी ▶▶। नई दिल्ली

बांग्लादेश से निकाले जाने और भारत में शरण लेने के लगभग 2 साल बाद पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अपनी वापसी को लेकर अहम बयान दिया है। उन्होंने कहा कि वह इसी साल वापस बांग्लादेश लौटेंगी। मीडिया से खास बातचीत में हसीना ने आरोप लगाया कि उनके खिलाफ आया फैसला उनकी पार्टी अवामी लीग को 'नेतृत्वहीन' बनाने की कोशिश है, जो सफल नहीं होगी। बता दें कि बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने हसीना को मौत की सजा सुनाई है। हसीना ने कहा, अपने 77 वर्षों के सफर में अवामी लीग पर कई बार हमले हुए हैं और कई बार प्रतिबंध भी लगाया गया है। लेकिन हर बार यह जनता की ताकत से फिर से उठ खड़ी हुई है। अवामी लीग जनता के साथ अपना रास्ता खुद बनाती है। जनता का समर्थन हमेशा हमारे साथ रहा है।



### न्यायपालिका को हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया गया

हसीना ने कहा, मेरे खिलाफ आया फैसला न्याय नहीं है। यह अवैध, असंवैधानिक और राजनीतिक रूप से प्रेरित प्रक्रिया का हिस्सा है। न्यायपालिका को अवामी लीग को नेतृत्वहीन बनाने के लिए राजनीतिक प्रतिशोध का हथियार बना दिया गया है। ऐसे प्रयास पहले भी किए गए हैं। तब भी वे विफल रहे थे और वे फिर से विफल होंगे। अवामी लीग केवल संगठन नहीं है, यह बंगाल की धरती, जनता, इतिहास और राष्ट्र की पहचान में निहित एक राजनीतिक शक्ति है। हसीना ने कहा, मुझे मृत्यु से भय नहीं है। 1975 में मैंने माता-पिता, भाइयों और लगभग पूरे परिवार को खो दिया। ग्रेनेड से मेरी हत्या का प्रयास किया गया। अनेक षड्यंत्र रचे गए, लेकिन हर षड्यंत्र को तोड़ते हुए मैं बांग्लादेशी जनता के साथ खड़ी रही। मेरा पूरा जीवन बांग्लादेश की जनता, अवामी लीग, लोकतांत्रिक संघर्ष और विकास से जुड़ा रहा।

# नशे के लिए पैसे नहीं देने पर मां को मौत के घाट उतारा

**जयपुर।** राजस्थान में जयपुर जिले के खो-नागोरियान थानाक्षेत्र के बुन्दू विहार कॉलोनी बंध्या मोड़ पर एक बेटे ने नशे के पैसों के विवाद में अपनी ही मां की कथित रूप से हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी पुत्र को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस उपायुक्त (पूर्व) रंजीता शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अनिल बैरवा (27) नशे का आदी है और पैसों के लिए आए दिन अपने परिवार वालों से झगड़ा करता रहता था। उन्होंने बताया कि शनिवार को जब आरोपी के दो भाई और भाभी मजदूरी करने गये थे, तब घर में अनिल और उसकी मां पन्नी देवी अकेले थे। शर्मा के अनुसार अनिल ने अपनी मां से नशे के लिए पैसे मांगे लेकिन उन्होंने पैसे देने से इनकार कर दिया, ऐसे में वह अपना आपा खो बैठा एवं मां का सिर दीवार पर दे मारा और फिर चाकू से चेहरे एवं शरीर पर ताबड़तोड़ प्रहार किया जिससे उनकी मौत हो गई।पुलिस उपायुक्त का कहना है कि वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी अपना मोबाइल फोन बंद कर मौके से फरार हो गया। थानाधिकारी प्रकाश विश्नोई ने बताया कि आरोपी को पकड़ने के लिए आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया एवं फिर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ0ग0)

क्रमांक 1445/न.पा.नि./ 2026 रायगढ़ दिनाँक 25/06/26

**।। ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना ।।**

नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा सी.सी. सड़क, आर.सी.सी. नाली, पुलिया, सामुदायिक भवन, छतदार चबुतरा आदि सिविल निर्माण कार्य एवं उसमें विद्युतीकरण स्थापना तथा सभी तरह में मरम्मत कार्य एवं आवश्यकतानुसार नये निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | सि.नि.क्र. | कार्य का विवरण | अनु. लागत राशि रू. (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 194129 | वार्ड क्र. 01 जोनल कार्य।(तृतीय निविदा) | 10.00 | 07.07.2026 |
| 2 | 194140 | वार्ड क्र. 02 जोनल कार्य।(तृतीय निविदा) | 10.00 | 07.07.2026 |
| 3 | 194145 | वार्ड क्र. 03 जोनल कार्य।(तृतीय निविदा) | 10.00 | 07.07.2026 |
| 4 | 194153 | वार्ड क्र. 04 जोनल कार्य।(तृतीय निविदा) | 10.00 | 07.07.2026 |
| 5 | 194160 | वार्ड क्र. 05 जोनल कार्य।(तृतीय निविदा) | 10.00 | 07.07.2026 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता न.पा.नि., रायगढ़**


## राशिफल

**मेष** — आज आत्मविश्वास और ऊर्जा चरम पर रहेगी। करियर में नई पहल और रचनात्मक कामों से सफलता मिलेगी। धन लाभ के योग हैं।

**वृष** — आदित्य मंगल योग से लाभ और तरक्की के संकेत हैं। धन आगमन प्रबल है, लेकिन खर्चों पर नियंत्रण रखें। प्रेम संबंध मजबूत होंगे।

**मिथुन** — दिन व्यस्त रहेगा। कार्यक्षेत्र में मेहनत का फल मिलेगा, लेकिन भावनाओं पर नियंत्रण रखें। अनावश्यक खर्च न करें। प्रेम में उतार-चढ़ाव संभव।

**कर्क** — भावनात्मक संतुलन बनाए रखें। करियर में स्थिरता रहेगी, लेकिन नई योजनाओं में सतर्कता जरूरी। धन स्थिति सामान्य। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**सिंह** — आज का दिन खास रहेगा। करियर में अवसर और लाभ के मजबूत योग हैं। रचनात्मक कामों में सफलता मिलेगी। प्रेम और वैवाहिक जीवन सुखमय।

**कन्या** — स्वास्थ्य और दिनचर्या पर ध्यान केंद्रित रहेगा। कार्य क्षेत्र में व्यावहारिक निर्णय फायदेमंद साबित होंगे। भावनात्मक रूप से संवेदनशील रहें।

**तुला** — संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। पार्टनरशिप और बिजनेस में फायदा हो सकता है। करियर स्थिर, लेकिन यात्रा से थकान हो सकती है। धन स्थिति बेहतर रहेगी।

**वृश्चिक** — गुप्त मामलों में सावधानी बरतें। करियर में मेहनत से प्रगति होगी। धन लाभ के अवसर, लेकिन निवेश में जोखिम न लें। प्रेम संबंध गहरे होंगे।


**धनु** — यात्रा और उच्च शिक्षा से लाभ। करियर में नई जिम्मेदारियां आएंगी। परिवार में खुशहाली। स्वास्थ्य अच्छा, लेकिन थकान से बचें।

**मकर** — करियर और आर्थिक मामलों में स्थिरता। पुरानी योजनाएं पूरी हो सकती हैं। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। परिवार का साथ मिलेगा। अनावश्यक बहस से बचें।

**कुंभ** — सामाजिक गतिविधियां बढ़ेंगी। दोस्तों से मदद मिलेगी। करियर में छोटे बदलाव संभव। धन में वृद्धि के योग। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। वादे पूरे करें।

**मीन** — दैनिक कार्यों और जिम्मेदारियों में व्यस्तता रहेगी। योजना बनाकर आगे बढ़ें। धन स्थिति स्थिर, लेकिन खर्च नियंत्रित रखें। प्रेम संबंधों में संतुलन जरूरी।

## शब्द पहेली - 6271



**बाएँ से दाए-**
1.सेवक,दास-3
3.निवास करना-3
5.खुजली-2
6.परोपकारी-5
9.प्याला,जाम-2
11.टोंटी,नलका-2
12.आनंद,जूस-2
13.प्रतिज्ञा,शपथ-3
16.सिमरन,सुमरन-3
18.सुअर-3
20.पेन,लेखनी-3
22.कमल,जलज-3
23.क्रोध,गुस्सा-2
24.पाश,फंदा-2
25.शोषण करना-3
28.गौरव,प्रशंसा-3
30.सूत कातने का साधन-3
31.गौरव-3
33.देवर्षि-3
35.अंधकार-2
36.यमराज-2
38.अलमस्त-2
40.सलाह देने वाला-5
41.बीता दिन-2
42.रसदार-3
43.इंद्रियों को जीतने वाला-3

**ऊपर से नीचे**
1.उर्वरक-2
2.विशाल,श्रेष्ठ-3
3.धनवान,संपन्न-3
4.घ्राणेद्रिय,इज्जत-2
5.दैत्य,असुर-3
7.मायाजाल-3
8.उद्धार,पार लगाना-3
10.शरण,आश्रय-3
14.चूर-चूर,ढहा-5
15.टोंटी,नलका-2
17.युद्ध,संग्राम-2
18.दूल्हा-2
19.राजपुत्र-5
21.मद्रास का समुद्र तट-3
22.नीले रंग का बहुमूल्य रत्न-3
26.मित्र,दोस्त.मीत-2
27.हूर,अप्सरा
29.मेहंदी-2
30.शीर्ष,पराकाष्ठा-3
31.इसमें पौधा लगाते हैं-3
32.पीहर,नैहर-3
34.युक्तिवाद,पैरवी-3
35.टब,परात,तगारी-3
37.इच्छा-3
39.परत,तह-2
41.कदर,सम्मान-2

**शब्द पहेली -6270 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6281

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

**सूडोकु नवताल - 6280 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

■ *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
■ *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
■ *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
■ *पहेली का केवल एक ही हल है.*

## खबर संक्षेप



### बीते सप्ताह सभी तेल की कीमतों में मामूली सुधार

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में खाद्य तेलों के दाम मजबूत होने के कारण बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में सभी खाद्य तेल-तिलहनों के दाम में मामूली सुधार रहा। इसके चलते सरसों, सोयाबीन एवं मूंगफली तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के दाम मजबूत बंद हुए। बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि विदेशों में बाजार मजबूत हुए हैं पर देश के हाजिर कारोबार में मांग कमजोर रहने से कारोबारी गतिविधियां धीमी हैं।

### आईटीसी प्रमुख पुरी के वेतन में 6.8 प्रतिशत की कमी

**नई दिल्ली।** विभिन्न कारोबार से जुड़ी कंपनी आईटीसी के चेयरमैन संजीव पुरी का कुल पारितोषिक वित्त वर्ष 2025-26 में 6.8 प्रतिशत घटकर 23.91 करोड़ रुपये रहा। प्रदर्शन आधारित बोनस और दीर्घकालीन प्रोत्साहन/ कमीशन में कमी के कारण वेतन में कमी आई। आईटीसी की सालाना रिपोर्ट में यह कहा गया। पुरी के पारितोषिक में 3.85 करोड़ रुपये का मूल/एकीकृत वेतन, 88 लाख रुपये की परिलब्धियां और प्रदर्शन आधारित बोनस और दीर्घकालीन प्रोत्साहन/कमीशन के रूप में 19.17 करोड़ रुपये शामिल थे।

ITC Limited

### भारत ने 'हॉट रोल्ड स्टील' के आयात की डंपिंग रोधी जांच शुरू

**नई दिल्ली।** भारत ने चीन, जापान और रूस से कुछ ''हॉट रोल्ड स्टील'' उत्पादों के सस्ते आयात के खिलाफ डंपिंग रोधी जांच शुरू की है। वाणिज्य मंत्रालय की एक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। यह जांच जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड, जेएसडब्ल्यू विजयनगर मेटालिक्स लिमिटेड और जिंदल स्टील ओडिशा लिमिटेड की ओर से दायर आवेदन के बाद शुरू की गई है।



### पावर ग्रिड ने कंपनी के कर्ज लेने की सीमा 2.2 लाख करोड़ की

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की पावर ग्रिड कॉरपोरेशन के निदेशक मंडल ने कंपनी की कर्ज लेने की सीमा 1.80 लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर 2.20 लाख करोड़ रुपये करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि निदेशक मंडल की शुक्रवार को हुई बैठक में यह मंजूरी दी गयी। हालांकि, इस प्रस्ताव पर अंतिम मुहर आगामी वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में शेयरधारकों की मंजूरी के बाद लगेगी।



### 'कॉरपोरेट मित्र' योजना 2,000 प्रतिभागियों के साथ होगी शुरू



**नई दिल्ली।** कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने कहा है कि केंद्रीय बजट 2026-27 में घोषित 'कॉरपोरेट मित्र' योजना की शुरुआत 2,000 प्रतिभागियों के साथ की जाएगी। इनमें पूर्वोत्तर क्षेत्र के 200 प्रतिभागी भी शामिल होंगे। मंत्रालय के अनुसार, योजना में 30 वर्ष तक की आयु के युवा भाग लेने के पात्र होंगे। योजना के तहत तैयार किए जाने वाले कॉरपोरेट मित्र सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को नियामकीय अनुपालन, माल एवं सेवा कर (जीएसटी), लेखांकन, वित्तीय परामर्श, लागत लेखांकन तथा कंपनी सचिवीय सेवाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में किफायती सहायता उपलब्ध कराएंगे।

# वीआईपी फैमिलिया को मिला शानदार रिस्पॉन्स, लॉन्चिंग ऑफर ने खरीदारों को किया आकर्षित

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के तेजी से विकसित हो रहे सड्डू क्षेत्र में आरसीपी इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड के नए आवासीय प्रोजेक्ट 'वीआईपी फैमिलिया' को लॉन्चिंग के साथ ही ग्राहकों का शानदार प्रतिसाद मिल रहा है। आधुनिक सुविधाओं, प्राइम लोकेशन और आकर्षक लॉन्चिंग ऑफर के चलते प्रोजेक्ट ने होम बायर्स और निवेशकों का ध्यान अपनी ओर खींचा है। कंपनी का दावा है कि किफायती कीमत में प्रीमियम लाइफस्टाइल उपलब्ध कराने की सोच के साथ तैयार किए गए।

छत्तीसगढ़ की प्रतिष्ठित रियल एस्टेट कंपनी आरसीपी इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 300 एकड़ में विकसित 'वीआईपी सिटी' के अंतर्गत शुरू किए गए इस प्रोजेक्ट में कुल 94 फ्लैट्स और 4 प्रीमियम पेंटहाउस विकसित किए जा रहे हैं। यहां 1 बीएचके, 2 बीएचके और 3 बीएचके फ्लैट्स के विकल्प उपलब्ध हैं। विशेष रूप से 2 बीएचके और 3 बीएचके यूनिट्स को बड़े और खुले स्पेस के साथ डिजाइन किया गया है। इसके अलावा परिसर में 22 कमर्शियल दुकानों की भी व्यवस्था की गई है।

निवासियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए प्रोजेक्ट में स्विमिंग पूल, लैंडस्केप गार्डन, स्पोर्ट्स एरिया, बच्चों के लिए प्लेग्राउंड, लॉन एरिया, विशाल एंट्रेंस लॉबी, पार्सल रूम, चार लिफ्ट और 24 घंटे सुरक्षा व्यवस्था जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। वीआईपी सिटी में पहले से 300 से अधिक परिवार निवास कर रहे हैं। भवंस स्कूल के सामने स्थित यह प्रोजेक्ट रिंग रोड नंबर-3 से सीधे जुड़ा हुआ है। एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन के साथ अस्पताल, शैक्षणिक संस्थान, होटल, कैफे, रेस्टोरेंट, फिटनेस सेंटर और अंबुजा शॉपिंग मॉल जैसी आवश्यक सुविधाएं 15 मिनट की दूरी पर उपलब्ध हैं।

### लॉन्चिंग ऑफर के तहत पहले पांच ग्राहकों को 2699 रुपये प्रति वर्गफुट में प्लॉट



#### परिवार की जरूरतों के अनुरूप विकसित

*कंपनी के सीएमडी राकेश पांडे ने बताया कि वीआईपी फैमिलिया को आधुनिक परिवारों की जरूरतों के अनुरूप विकसित किया गया है। लॉन्चिंग ऑफर के तहत पहले के पांच शुरूआती ग्राहकों को 2699 रुपये प्रति वर्गफुट में प्लॉट उपलब्ध कराए गए। इसके बाद 10 ग्राहकों को 3000 रुपये प्रति वर्गफुट में प्लॉट उपलब्ध कराए गए। अब 10 ग्राहकों को मात्र 3300 रुपये प्रति वर्गफुट की विशेष दर पर प्रॉपर्टी उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही न्यूनतम मेंटेनेंस कॉस्ट रखी गई है।*

## सरकार का ध्यान कर प्रक्रियाओं को सरल बनाने पर केंद्रित

# जीएसटी के 10 साल: अब सरकार का ध्यान एआई आधारित अनुपालन, तेज रिफंड पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) प्रणाली लागू होने के 10 साल पूरे होने जा रहे हैं। ऐसे में अब सरकार का ध्यान केवल कर संग्रह बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित अनुपालन, तेज रिफंड, डेटा एकीकरण और कर प्रक्रियाओं को सरल बनाने पर केंद्रित हो गया है। इसका उद्देश्य कारोबार क्षेत्रों, विशेषकर सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के लिए अनुपालन लागत कम करना और कर चोरी पर प्रभावी अंकुश लगाना है। सरकार जीएसटी, आयकर और सीमा शुल्क के डेटाबेस को आपस में जोड़ रही है ताकि जोखिम का बेहतर आकलन किया जा सके, कर चोरी की पहचान आसान हो और मैन्युअल हस्तक्षेप कम किया जा सके।

- सरकार का ध्यान केवल कर संग्रह बढ़ाने तक सीमित नहीं

#### खास बातें

- एमएसएमई के लिए लागत कम करने पर जोर
- सरकार जीएसटी, आयकर और सीमा शुल्क का डेटा आपस में जोड़ रही




#### सरकार के राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि

साथ ही एआई और डेटा विश्लेषण के जरिये अनुपालन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और दक्ष बनाया जा रहा है। जीएसटी को देश के सबसे बड़े आर्थिक सुधारों में गिना जाता है। इसने अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाया है, करदाताओं का दायरा बढ़ाया है, अनुपालन को मजबूत किया है और सरकार के राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि की है।

#### शुरुआत में जीएसटी के चार कर स्लैब थे

शुरुआत में जीएसटी में चार कर स्लैब-5, 12, 18 और 28 प्रतिशत थे। वहीं विलासिता वाली वस्तुओं और अहितकर उत्पादों मसलन तंबाकू आदि पर 28 प्रतिशत के कर के अलावा अतिरिक्त उपकर भी लगाया गया। बाद में कर प्रणाली में सुधार के तहत 22 सितंबर, 2025 से नई दो-स्तरीय जीएसटी व्यवस्था लागू की गई। इसके तहत अधिकांश आवश्यक वस्तुओं को पांच प्रतिशत और सामान्य वस्तुओं एवं सेवाओं को 18 प्रतिशत कर स्लैब में रखा गया।

#### पहले 17 प्रकार के कर तथा 13 तरह के उपकर लागू थे

एक जुलाई, 2017 को आधी रात में संसद के केंद्रीय कक्ष में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने जीएसटी की शुरुआत की थी। उस समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे 'गुड एंड सिंपल टैक्स' बताते हुए कहा था कि इससे व्यापारियों और छोटे कारोबारियों को अनावश्यक परेशानियों से राहत मिलेगी। जीएसटी लागू करने से पहले देश में केंद्र और राज्यों के 17 प्रकार के कर तथा 13 तरह के उपकर (सेस) लागू थे।

#### लागू करने में जेटली की महत्वपूर्ण भूमिका रही

जीएसटी में इन्हें समाहित कर पूरे देश के लिए एक समान अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था लागू की गई, जिससे 'एक राष्ट्र, एक कर' की अवधारणा को बल मिला। इस व्यापक सुधार को लागू करने में तत्कालीन वित्त मंत्री स्व. अरुण जेटली की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने राज्यों और विभिन्न राजनीतिक दलों के बीच सहमति बनाने के लिए लंबी बातचीत की थी।

#### पंजीकृत करदाता बढ़कर 1.6 करोड़

जेटली ने इसे दुनिया की सबसे जटिल अप्रत्यक्ष कर प्रणालियों में से एक के पुनर्गठन की बड़ी उपलब्धि बताया था। जीएसटी लागू होने के समय देश में पंजीकृत करदाताओं की संख्या करीब 66.5 लाख थी, जो वर्ष 2026 तक बढ़कर लगभग 1.6 करोड़ हो गई है। इसे अर्थव्यवस्था के तेजी से संगठित होने का संकेत माना जा रहा है।

# 200 नहीं 10 शिपमेंट माल ही भेजा : एसबीएल एनर्जी

**रायपुर।** एसबीएल एनर्जी ने अमेरिका के ट्रेजरी डिपार्टमेंट द्वारा जारी प्रतिबंध के बारे में अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि वर्ष 2024 में नहीं वर्ष 2022 से आज तक मात्र 10 शिपमेन्ट के लगभग एक्सपोसिव सप्लाई किया है। साथ ही यह भी साफ़ किया है कि कम्पनी कोई रक्षा उत्पाद का निर्माण नहीं करती है। अमरीका ट्रेजरी के प्रतिबंध सम्बन्धी खबरों पर कम्पनी ने अपनी स्थिति को पारदर्शी तरीक़े से स्पष्ट किया है। आज यहाँ जारी बयान में कम्पनी का कहना है कि जैसा कि मीडिया रिपोर्ट्स में बताया जा रहा है। उस बारे में कम्पनी की ओर से जल्द ही अमरीका के ट्रेजरी डिपार्टमेन्ट के सामने तथ्यों, दस्तावेज़ों और सबूतों के साथ अपना पक्ष रखा जाएगा और प्रतिबंधों को हटाने के लिए अनुरोध किया जाएगा। कम्पनी ने रायपुर में जारी विज्ञप्ति में कहा कि एस.बी.एल. एनर्जी लिमिटेड, खनन और नागरिक निर्माण के लिए उपयोग किए जाने वाले औद्योगिक विस्फोटकों की अग्रणी निर्माताओं में से एक है, जिसे भारत सरकार द्वारा लाइसेंस प्राप्त है और कम्पनी, भारत में विभिन्न सरकारी कंपनियों, अन्य संस्थागत खनन कंपनियों और विदेशी कंपनियों को भी औद्योगिक विस्फोटकों का विपणन और निर्यात करने में कार्यरत है। इन उत्पादों का उपयोग केवल नागरिक निर्माण और खदानों में किया जा सकता है और एस.बी.एल. एनर्जी कोई रक्षा उत्पाद नहीं बना रही है।

- एसबीएल एनर्जी ने जारी प्रतिबंध पर अपनी स्थिति स्पष्ट की
- जल्द ही यूएस ट्रेजरी को वस्तुस्थिति से अवगत करायेंगे

#### 18 से अधिक देशों को निर्यात

*कम्पनी अपने औद्योगिक श्रेणी के उत्पादों का सूडान सहित 18 से अधिक देशों में निर्यात कर रही है। जिसके अंतर्गत भारत सरकार द्वारा बनायी गयी नीतियों और क़ानूनों के तहत सभी प्रक्रियाओं, नियमों और विनियमों का पालन के साथ कार्य कर रही है। साथ ही कम्पनी आयात करने वाले देशों के विनियमों का भी पूरी तरह से पालन करती है।*

# संकट में सरकारी पेट्रोलियम विपणन कंपनियां बनीं ऊर्जा सुरक्षा की रीढ़

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने जब-जब किसी बड़े संकट का सामना किया है हर बार देश की सरकारी पेट्रोलियम विपणन कंपनियों (ओएमसी) ने निर्बाध ईंधन आपूर्ति सुनिश्चित कर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। चाहे 2015 की विनाशकारी बाढ़ हो, कोविड-19 महामारी हो या फिर वैश्विक कच्चे तेल की आपूर्ति का संकट उत्पन्न करने वाला पश्चिम एशिया का हालिया संघर्ष। विश्लेषकों और उद्योग जगत के अधिकारियों का कहना है कि हर राष्ट्रीय आपातकाल ने इस बात को और मजबूत किया है कि सरकारें देश की ऊर्जा जीवनरेखा को नियंत्रित करने वाली इन कंपनियों पर से अपनी पकड़ ढीली करने में क्यों कतराती रही हैं। दशकों से भारत की सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) की अक्सर कम मुनाफे, ईंधन मूल्य निर्धारण में सरकारी हस्तक्षेप और बड़े परिचालन के लिए आलोचना की जाती रही है।

- विश्लेषकों और उद्योग जगत के अधिकारियों का कहना



#### लॉकडाउन में बिना बाधा के काम किया

इसी तरह, कोविड-19 महामारी के दौरान देशव्यापी लॉकडाउन के बावजूद इन कंपनियों ने लगभग बिना किसी बाधा के काम किया। उन्होंने बताया कि सख्त आवाजाही प्रतिबंधों के बीच भी ईंधन स्टेशन खुले रहे, रिफाइनरियां न्यूनतम कर्मचारियों के साथ चलती रहीं, करोड़ों घरों में एलपीजी सिलेंडर पहुंचाए गए और राहत एवं चिकित्सा उड़ानों के लिए विमान ईंधन (एटीएफ) की आपूर्ति बनाए रखी गई।

#### कच्चे तेल की खरीदी में विविधता लाई

ईरान युद्ध के कारण जब कच्चे तेल के व्यापार मार्ग प्रभावित हुए और होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से आपूर्ति को लेकर चिंताएं बढ़ीं, तो भारत की सरकारी रिफाइनरियों ने तेजी से अपने परिचालन को व्यवस्थित किया। उन्होंने पेट्रोरसायन से ध्यान हटाकर एलपीजी उत्पादन बढ़ाया, विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों से कच्चे तेल की खरीद में विविधता लेकर आईं और स्थानीय स्तर पर किल्लत से बचने के लिए देश भर में ईंधन की आपूर्ति का समन्वय किया।

# बीज कंपनियों के पास खरीफ के लिए अतिरिक्त भंडार उपलब्ध

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की निजी बीज कंपनियों ने खरीफ फसल सत्र के लिए 20-30 प्रतिशत अतिरिक्त भंडार रखा है, लेकिन इस साल अल-नीनो के कारण मानसून के कमजोर और देरी से आने के खतरे के बीच बारिश की कमी वाले मुख्य इलाकों में समय पर बीज पहुंचाना एक बड़ी चुनौती है। फेडरेशन ऑफ सीड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एफएसआईआई) ने यह बात कही। एफएसआईआई के चेयरमैन अजय राणा ने कहा कि मक्का, धान और मोटे अनाज (मिलेट्स) के रिकॉर्ड बीज उत्पादन से इस वर्ष उद्योग पूरी तरह तैयार है। हाल ही में एक हजार किसानों पर किए गए सर्वेक्षण में पाया गया कि 75 प्रतिशत किसान पहले ही बीज खरीद चुके हैं, जबकि 25 प्रतिशत किसान मानसून का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में बुवाई की अवधि समाप्त होने से पहले अतिरिक्त भंडार वाले क्षेत्रों से प्रभावित जिलों तक बीज पहुंचाना बेहद महत्वपूर्ण होगा। राणा ने कहा, ''हम आम तौर पर 15 से 20 प्रतिशत बफर रखने की योजना बनाते हैं, लेकिन इस वर्ष बेहतर उत्पादन के कारण कई कंपनियों के पास 20 से 30 प्रतिशत तक अतिरिक्त बीज उपलब्ध है।




# आर्थिक आंकड़े तय करेंगे शेयर बाजार की चाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजार की दिशा पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और भारत के प्रमुख वृहद आर्थिक आंकड़ों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिका और ईरान के बीच हालिया सैन्य घटनाक्रम के साथ-साथ विदेशी निवेशकों की गतिविधियां और दक्षिण-पश्चिम मानसून की प्रगति पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि निवेशक औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) के आंकड़ों, एचएसबीसी के अंतिम विनिर्माण, सेवा और समग्र पीएमआई (खरीद प्रबंधक सूचकांक) तथा विदेशी मुद्रा भंडार के आंकड़ों पर विशेष नजर रखेंगे। इन आंकड़ों से घरेलू अर्थव्यवस्था की स्थिति के बारे में महत्वपूर्ण संकेत मिलेंगे। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों की दिशा और पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक घटनाक्रम बाजार की धारणा को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारक बने रहेंगे। इसके अलावा, एक जुलाई को जारी होने वाले विभिन्न वाहन कंपनियों के मासिक बिक्री आंकड़ों पर भी निवेशकों की नजर रहेगी।

- कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव बना रहेगा




#### बाजार में जोखिम लेने की धारणा मजबूत हो सकती है

पोनमुडी ने कहा कि यदि दोनों पक्षों के बीच बातचीत दोबारा शुरू होने या तनाव कम होने के संकेत मिलते हैं तो इससे बाजार में जोखिम लेने की धारणा मजबूत हो सकती है। वहीं, यदि तनाव और बढ़ता है तो वैश्विक आर्थिक वृद्धि और ऊर्जा बाजार को लेकर निवेशकों की चिंताएं बढ़ सकती हैं।

# आईसीआईसीआई बैंक बाजार पूंजीकरण में रही सबसे आगे

**नई दिल्ली।** कम कारोबारी सत्रों वाले बीते सप्ताह में शेयर बाजार में सीमित बढ़त के बीच देश की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से88,678.10 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। इस दौरान आईसीआईसीआई बैंक को सबसे अधिक लाभ हुआ। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 297.57 अंक यानी 0.38 प्रतिशत और एनएसई निफ्टी 42.90 अंक यानी 0.17 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए। सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), बजाज फाइनेंस और लार्सन एंड टुब्रो के बाजार पूंजीकरण में वृद्धि दर्ज की गई। वहीं भारती एयरटेल, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई।

ICICI Bank

# ईरान संकट पर निर्भर करेगी सोना और चांदी की दिशा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका-ईरान के बीच बढ़ते तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और कई वृहद आर्थिक आंकड़ों के बीच अगले सप्ताह सोने और चांदी की कीमतों पर दबाव बना रह सकता है। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषक का कहना है कि फेडरल रिजर्व के नीतिगत फैसले की दिशा के अनुरूप अगले सप्ताह प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के पीएमआई, यूरो क्षेत्र के मुद्रास्फीति के आंकड़े तथा अमेरिका के गैर-कृषि रोजगार तथा बेरोजगारी के आंकड़े बाजार की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इसके साथ ही अमेरिका-ईरान के बीच वार्ता ठप होने तथा दोनों देशों के बीच बढ़े सैन्य तनाव पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव भी सर्राफा बाजार को प्रभावित कर सकता है। जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के ईबीजी - जिंस एवं मुद्रा शोध के उपाध्यक्ष प्रणव मेर ने कहा, ''सोने और चांदी की कीमतों में अब भी गिरावट का रुख बना हुआ है और बाजार फिलहाल 'करेक्शन' के दौर से गुजर रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में पिछले सप्ताह कॉमेक्स पर सोना 149.6 डॉलर यानी 3.5 प्रतिशत गिरकर 4,096.3 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ। वहीं चांदी 7.13 डॉलर यानी 10.7 प्रतिशत टूटकर 59.67 डॉलर प्रति औंस रह गई। 'मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज' पर सप्ताह के दौरान अगस्त में आपूर्ति होने वाले सोने का वायदा 3,041 रुपये यानी 2.06 प्रतिशत गिरकर 1.44 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ।

- कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव भी डालेगा असर



#### सोने के वायदा भाव में गिरावट

त्रिवेदी ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में करीब 10 प्रतिशत की गिरावट से महंगाई संबंधी चिंताएं कम हुईं, जिससे मुद्रास्फीति से बचाव के साधन के रूप में सोने की मांग कमजोर पड़ी। वैश्विक बाजार में सोने का वायदा भाव पिछले सप्ताह 149.6 डॉलर यानी 3.5 प्रतिशत गिरकर 4,096.3 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ। वहीं अमेरिका में चांदी 10.7 प्रतिशत टूटकर 59.67 डॉलर प्रति औंस रह गई।

## कंपनी की वर्ष 2030-31 तक चार नए मॉडल लाने की योजना

# टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स ईवी पर बड़ा दांव लगाएगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) का चलन अपने 'अर्ली अडॉप्टर्स' चरण को पार कर गया है। ऐसे में टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स बिजलीचालित वाहन खंड में अपनी अग्रणी स्थिति को बनाए रखने के लिए वित्त वर्ष 2030-31 तक चार नए ईवी उत्पाद और 10 से ज्यादा उन्नत संस्करण वाले मॉडल लाने की तैयारी कर रही है। 'अर्ली अडॉप्टर्स' वे ग्राहक हैं जो प्रतिस्पर्धी बढ़त पाने के लिए कोई नया विचार या प्रौद्योगिकी चुनते हैं। निवेशकों के समक्ष एक प्रस्तुतीकरण में कंपनी ने कहा कि वह अपने इलेक्ट्रिक वाहन खंड में वृद्धि के अगले चरण की तैयारी कर रही है, और 2030-31 तक 30 प्रतिशत से ज्यादा की ईवी पहुंच पर नजर रखे हुए है।

- कंपनी 10 से ज्यादा उन्नत संस्करण वाले मॉडल की तैयारी कर रही




**कंपनी उत्पादों को बेहतर बनाएगी :** कंपनी ने कहा, ''अभी, ईवी पर 'अर्ली मैजोरिटी' विचार कर रही है। हम अर्ली और लेट मैजोरिटी ग्राहकों के बीच ईवी को बढ़ावा देने के लिए अपने उत्पादों को बेहतर बनाएंगे।'' 'अर्ली मैजोरिटी' ग्राहक वे होते हैं जिन्हें खरीदने से पहले सफल 'केस स्टडीज' देखने की जरूरत होती है, जबकि 'लेट मैजोरिटी' वाले ग्राहक आम आदमी के नए विचार या प्रौद्योगिकी को अपनाने के बाद ही उसे स्वीकार करते हैं।

#### बाजार अर्ली अडॉप्टर्स से अर्ली मैजोरटी की ओर बदला

*कंपनी का कहना है कि भारत का ईवी बाजार अर्ली अडॉप्टर्स से अर्ली मैजोरटी की ओर स्थानांतरित हो गया है। कंपनी के मुताबिक, ईवी के बाजार में अर्ली अडॉप्टर्स की हिस्सेदारी 13.5 प्रतिशत है, जबकि अर्ली मैजोरटी और लेट मैजोरटी का हिस्सा 34-34 प्रतिशत है। वहीं पीछे रहने वालों की संख्या 16 प्रतिशत है। नवोन्मेषक की संख्या ढाई प्रतिशत है।*

#### 10 ईवी गाड़ियों का पोर्टफोलियों होगा

भविष्य की वृद्धि को बढ़ाने के लिए कंपनी ने प्रस्तुतीकरण में कहा गया , ''2030-31 तक, हमारे पास 10 ईवी गाड़ियों का पोर्टफोलियो होगा। हमारे पोर्टफोलियो को पूरी तरह से मजबूत करने के लिए वृद्धि के अगले चरण के लिए हम लगातार नई पेशकश लाएंगे।'' कंपनी के मौजूदा ईवी पोर्टफोलियो में एक्सप्रेस-टी, कर्व.ईवी, हैरियर ईवी, नेक्सॉन ईवी, पंच ईवी और टियागो ईवी शामिल हैं।

#### कंपनी तेज चार्जिंग पर काम कर रही

कंपनी की योजना 2030-31 तक चार नए ईवी उत्पाद जोड़ने और 10 से ज्यादा उन्नत संस्करण वाले मॉडल पेश करने की है। आने वाले उत्पादों में सिएरा.ईवी शामिल है, जो इसके अविन्या कॉन्सेप्ट पर आधारित एक उत्पाद है और दो अन्य मॉडल हैं। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स ने कहा कि वह अपनी ईवी की श्रृंखला की रेंज को दो से तीन गुना और तेज चार्जिंग को तीन गुना बढ़ाने के लिए भी काम कर रही है।



# मेस्सी का ‘मैजिक’

## लगातार 7 विश्व कप में गोल करने वाले बने पहले खिलाड़ी

ग्रुप चरण के अंतिम मैच जॉर्डन पर अर्जेंटीना की 3-1 से जीत

एजेंसी ▶▶| अर्लिंग्टन

लियोनेल मेस्सी का विश्व कप में रिकॉर्ड बनाने का सिलसिला जारी है और अब वह विश्व फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर लगातार सात मैचों में गोल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। इस स्टार स्ट्राइकर ने अर्जेंटीना की जॉर्डन के खिलाफ ग्रुप चरण के अंतिम मैच में 3-1 से जीत के दौरान अपना 19वां गोल करके विश्व कप में सर्वाधिक गोल के अपने रिकार्ड को भी आगे बढ़ाया। अर्जेंटीना के सुपरस्टार ने दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में आकर यह कारनामा किया।

### फ्री किक से किया 72वां गोल

39 साल के होने के बाद अपना पहला मैच खेल रहे मेस्सी ने 80वें मिनट में पेनल्टी बॉक्स के ठीक बाहर गिराए जाने के बाद फ्री किक पर गोल किया। घास की सतह से थोड़ा ऊपर उठी उनकी नीची किक जॉर्डन के दो डिफेंडरों को भेदकर दनदनाती हुई नेट के बाएं कोने में चली गई। इससे पहले मेस्सी फ्रांस के स्ट्राइकर जस्ट फॉन्टेन और ब्राजील के महान खिलाड़ी जैरज़िन्हो के साथ विश्व कप के लगातार छह मैचों में गोल करने वाले केवल तीन खिलाड़ियों में से एक थे। यह उनके करियर का फ्री किक पर किया गया 72वां गोल था। इनमें से 12 गोल उन्होंने अर्जेंटीना के लिए किए हैं। मेस्सी ने अब तक 202 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 123 गोल किए हैं और वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सर्वाधिक गोल करने के रिकॉर्ड के मामले में क्रिस्टियानो रोनाल्डो के 145 गोल के बाद दूसरे स्थान पर हैं।

**मेस्सी ने 19वें गोल के साथ विश्व कप में फिर बनाया नया रिकॉर्ड**

### अर्जेंटीना ने ग्रुप चरण में जीते सभी मैच

अर्जेंटीना ने अपने पिछले नौ विश्व कप मैचों में सात जीत और दो ड्रॉ हासिल किए हैं। वह शुक्रवार को वह राउंड ऑफ 32 में केप वर्दे के खिलाफ खेलेगा, जो नॉकआउट राउंड में जगह बनाने वाला सबसे छोटा देश है। यह मैच मियामी में खेला जाएगा, जो मेस्सी की मेजर लीग सॉकर टीम का घरेलू मैदान है। यह पांचवां अवसर है जब अर्जेंटीना ने ग्रुप चरण में अपने सभी मैच जीते हैं। 2010 और 2014 में लगातार दो टूर्नामेंट में उसने अपने सभी तीनों मैच जीते थे। उसके बाद उसने पहली बार ऐसा किया। अर्जेंटीना ने अपने पिछले 19 ग्रुप मैचों में 14 जीत, दो हार और तीन ड्रॉ दर्ज किए हैं। इस 48 टीम के टूर्नामेंट में अर्जेंटीना के अलावा फ्रांस और मैक्सिको ही ऐसी टीमें रही, जिसने ग्रुप चरण के अपने सभी मैच जीते।




## कोलंबिया ने पुर्तगाल को ड्रॉ पर रोका



**मियामी गार्डन्स।** पुर्तगाल और कोलंबिया की टीम मैच शुरू होने से पहले ही विश्व का फुटबॉल के नॉकआउट राउंड में अपनी जगह पक्की कर चुकी थी लेकिन अब मुकाबला ग्रुप विजेता बनने के लिए था। मैच गोलरहित ड्रॉ रहा, जिससे कोलंबिया ग्रुप के में पहले स्थान पर रहा। इस मैच को लेकर काफी चर्चा थी लेकिन यह किसी भी समय रोमांच की पराकाष्ठा तक नहीं पहुंचा। कोलंबिया ने तीन मैच में से दो मैच जीते और एक ड्रॉ कराया और उसने सात अंक के साथ ग्रुप चरण का समापन किया। पुर्तगाल एक जीत और ड्रॉ के साथ पांच अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहा। दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो की खिताब की प्रबल दावेदार पुर्तगाल की टीम को ग्रुप में उपविजेता होने के कारण अब क्रोएशिया की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। दोनों टीम ने गोल करने के लिए अपनी तरफ से भरपूर प्रयास किए।

# आयरलैंड ने सीरीज की क्लीन स्वीप, महज 1 रन से हारा भारत

एजेंसी ▶▶| बेलफास्ट

राजस्थान के टोंक के साफ्टवेयर इंजीनियर जय मूंदड़ा ने आईपीएल सितारों से भरे भारत के बल्लेबाजी क्रम की नींव हिला दी और आयरलैंड ने करिश्माई प्रदर्शन करते हुए भारत को दूसरे टी20 में 1 रन से हराकर श्रृंखला 2-0 से अपने नाम करके इतिहास रच डाला।

वनडे विश्व कप 2011 में इंग्लैंड पर मिली जीत के बाद आयरलैंड के क्रिकेट इतिहास का यह सबसे बड़ा पल है। भारत जैसी मजबूत टीम को हराने से इस टीम का आत्मविश्वास अब सातवें आसमान पर होगा। भारतीय पासपोर्ट धारक मूंदड़ा ने चार ओवर में 32 रन देकर 3 विकेट लिए। उन्होंने संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा को खाता भी नहीं खोलने दिया और भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर का भी विकेट चटकाया।



### भारत की 16 सीरीज जीतने के अभियान पर विराम

जीत के लिए 155 रन के जवाब में भारत 9 विकेट पर 153 रन ही बना सका। आखिरी ओवरों में हर्षित राणा ने दस गेंद में 21 रन बनाकर पूरी कोशिश की लेकिन आखिरी ओवर की पांचवीं गेंद पर आउट हो गए। इस हार के साथ ही भारत का टी20 क्रिकेट में लगातार 16 श्रृंखलाएं जीतने के अभियान पर भी विराम लग गया। भारत 2023 के मध्य से टी20 श्रृंखला नहीं हारा है। एक बार 19 रन पर 9 विकेट गंवाने के बाद बने दबाव से भारतीय टीम उबर ही नहीं सकी। तिलक वर्मा (46 गेंद में 55 रन) को छोड़कर कोई भारतीय बल्लेबाज नहीं टिक सका।

## स्टोक्स ने किया संन्यास का ऐलान

**नाटिंघम।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के दौरान रविवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का नाटकीय ढंग से ऐलान कर दिया। इंग्लैंड क्रिकेट ने वीडियो जारी किया, जिसमें स्टोक्स ड्रेसिंग रूम के भीतर अपने साथी खिलाड़ियों से कह रहे हैं ,’ यह आपके कप्तान के तौर पर मेरे आखिरी दो दिन हैं और इंग्लैंड के लिए खेलते हुए भी आखिरी दो दिन हैं। ’ श्रृंखला फिलहाल 1-1 से बराबर है और मैच पांचवें दिन तक चलेगा। इसके साथ ही स्टोक्स के 15 साल के कैरियर पर विराम लग जाएगा, जिसमें वह 2019 वनडे विश्व कप फाइनल में इंग्लैंड की न्यूजीलैंड पर जीत के नायक रहे। वह टी20 विश्व कप 2022 जीतने वाली इंग्लैंड टीम के भी अहम सदस्य थे और उसी साल टेस्ट कप्तान बने थे।

**विमेंस टी20 वर्ल्ड कप**

## टी20 में टूटा भारत का सपना सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया



एजेंसी ▶▶| लंदन

वनडे विश्व चैंपियन भारतीय टीम टी20 प्रारुन में उस प्रदर्शन को नहीं दोहरा सकी और एलिसे पैरी तथा एशले गार्डनर की शानदार पारियों के दम पर आस्ट्रेलिया ने 6 विकेट से हराकर महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप चरण से ही बाहर कर दिया।

भारत की टी20 कप्तान के रूप में हरमनप्रीत कौर के सफर पर भी विराम लग सकता है। जीत के लिए 171 रन का लक्ष्य एक ओवर बाकी रहते हासिल करके छह बार की चैंपियन आस्ट्रेलिया ने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। अपना 10वां विश्व कप खेल रही पैरी ने 38 गेंद में 56 और गार्डनर ने 29 गेंद में नाबाद 53 रन बनाए। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 100 रन की साझेदारी की।

INDIAN NAVY
COMBAT READY COHESIVE AATMANIRBHAR







JOIN AS SHORT SERVICE COMMISSION OFFICERS FOR VARIOUS ENTRIES
COURSE COMMENCING - JUN 2027 (AT 27)

Scan this QR Code to Apply Online

Online applications are invited from unmarried men & women candidates for grant of Short Service Commission in Executive, Education and Technical Branches at Indian Naval Academy (INA), Ezhimala, Kerala.

DATE OF OPENING – 25 JUN 26 | LAST DATE FOR ONLINE APPLICATION – 27 JUL 26
EMPLOYMENT NEWS DATED 27 JUNE 2026

| Branch / Cadre | Vacancies | vacancies |
|---|---|---|
| Executive Branch {GS(X)}/Hydro Cadre} | 90 (including 10 Hydro) | Men and Women {maximum of 10 vacancies in GS (X) and 02 vacancies in Hydro for women} |
| Pilot | 25 | Men and Women (maximum of 03 vacancies for women) |
| Naval Air Operation Officer (Observers) | 18 | Men and Women (maximum of 03 vacancies for women) |
| Air Traffic Controller | 15 | Men and Women |
| Logistics | 10 | Men and Women (maximum of 02 vacancies for women) |
| Naval Armament Inspectorate Cadre (NAIC) | 14 | Men and Women |
| Education | 13 | Men and Women |
| Engineering Branch {General Service (GS)} | 24 | Men and Women (maximum of 04 vacancies for women) |
| Submarine Tech Engineering | 08 | Only for Men |
| Electrical Branch {General Service (GS)} | 32 | Men and Women (maximum of 05 vacancies for women) |
| Submarine Tech Electrical | 08 | Only for Men |
| Naval Constructor | 18 | Men and Women |

CBC 10701/13/0015/2627

For eligibility criteria and details visit www.joinindiannavy.gov.in
Safeguarding Seas for a Viksit Samriddha Bharat



# आज क्षितिज के बहुत करीब दिखाई देगा खूबसूरत स्ट्रॉबेरी मून

**नई दिल्ली।** स्ट्रॉबेरी मून जून की पूर्णिमा 29-30 जून की रात दिखाई देगा। मून का यह खास अंदाज दुनिया के कई हिस्सों समेत भारत में भी दिखाई देगा। स्ट्रॉबेरी नाम सुनते ही लगता है कि चांद का रंग स्ट्रॉबेरी जैसा लाल या गुलाबी होगा, लेकिन ऐसा बिल्कुल भी नहीं है। इस पूर्णिमा की खासियत इसका क्षितिज के बहुत ही करीब दिखाई देना और सुनहरी चमक के साथ नजर आना है। ऐसे में अगर आप भी इस खूबसूरत नजारे को अपने आंखों में कैद करना चाहते हैं, आप 29-30 जून को चांद निकलने का इंतजार कर सकते है। स्ट्रॉबेरी मून अपने नाम के उलट, यह चांद असल में गुलाबी या लाल रंग का नहीं दिखाई देता। इस चांद का नाम स्ट्रॉबेरी मून अमेरिकी मूल-निवासियों ने रखा था, इसके पीछे का कारण है कि वहां इस समय वाइल्ड स्ट्रॉबेरी यानी स्ट्रॉबेरी की फसल पककर तैयार होती है।

## अमेरिकी मूल-निवासियों ने रखा था चांद का यह नाम

### क्या होता है स्ट्रॉबेरी मून?

जून में दिखाई देने वाले इस स्ट्रॉबेरी मून की सबसे खास बात यह है कि यह आसमान में काफी नीचे दिखाई देता है। यह दक्षिण-पूर्वी आसमान से उगता है और धीरे-धीरे ऊपर चढ़ता है। सर्दियों के पूरे चांद की तरह यह आसमान में बहुत ऊपर नहीं जाता, बल्कि पूरी रात दक्षिणी आसमान में नीचे ही बना रहता है। द ओल्ड फार्मर्स अल्मनाक के अनुसार, एल्गोनक्विन जनजातियों ने जून के इस फुल मून का नाम स्ट्रॉबेरी की कटाई के सीजन पर रखा था।



### भारत में देखने का सबसे अच्छा समय क्या है?

यह स्ट्रॉबेरी मून 29 जून को भारतीय समयानुसार रात 11:57 बजे पर अपने पूरे पीक पर होगा। हालांकि, कुछ जानकारों का यह भी कहना है कि भारत में इसका सबसे सटीक समय 30 जून की सुबह 5:27 बजे होगा, जब यह पूरी तरह से चमकीला दिखेगा।

### देखने का सही तरीका

**सबसे बेस्ट व्यू :** भारत में इस चांद को देखने का सबसे अच्छा समय 29 जून की शाम को चांद निकलने के ठीक बाद होगा।

**फोटोग्राफी के लिए:** अगर आप तस्वीरें लेना चाहते हैं, तो चांद उगने के पहले एक घंटे के भीतर फोटो खींच लें, जब इसका रंग हल्का सुनहरा और नारंगी होता है। इसे देखने के लिए किसी टेलीस्कोप की जरूरत नहीं है, यह सीधे आंखों से साफ दिखेगा। बस किसी ऐसी जगह जाएं जहां अंधेरा हो और प्रदूषण कम हो।

### क्या यह चांद बड़ा दिखाई देता है?

स्ट्रॉबेरी मून को लेकर यह भी दावा किया जाता है, कि इस दिन चांद का आकार बड़ा दिखाई देता है। दरअसल, वैज्ञानिकों के अनुसार यह सामान्य चांद से बड़ा नहीं होता है, लेकिन जब यह जमीन के करीब होता है, तो मून इल्यूजन के कारण यह पेड़ों और इमारतों के पीछे से काफी बड़ा दिखाई देता है। इसके साथ ही, नीचे होने के कारण से इसकी रोशनी को धरती के वायुमंडल से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे यह हल्के सुनहरे या नारंगी रंग का बहुत ही खूबसूरत दिखाई देता है। यह इस साल की गर्मियों का पहला फुल मून भी है।

---

## रोचक खबरें




### भारत की सबसे खतरनाक जेल, चारों तरफ सिर्फ समुद्र का पानी ही पानी

**नई दिल्ली।** भारत में कई ऐसी जेलें हैं, जो अपनी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के लिए जानी जाती हैं। लेकिन, एक ऐसी ऐतिहासिक जेल भी है, जिसके चारों ओर सिर्फ समुद्र का अथाह पानी फैला हुआ है। यहां से भाग निकलना किसी कैदी के लिए लगभग असंभव माना जाता है। यही वजह है कि इस जेल को भारत की सबसे खतरनाक जेलों में गिना जाता है। यह जेल आज भी अपनी भयावह कहानी और इतिहास के कारण लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के पोर्ट ब्लेयर में स्थित सेल्युलर जेल, जिसे 'काला पानी' के नाम से भी जाना जाता है। इसका निर्माण ब्रिटिश शासन ने वर्ष 1896 से 1906 के बीच कराया गया था। इस जेल को खासतौर पर उन भारतीय क्रांतिकारियों और स्वतंत्रता सेनानियों के लिए बनाया गया था, जो अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आवाज उठाते थे। जेल समुद्र के बीच स्थित होने के कारण कैदियों के लिए भागने का रास्ता लगभग बंद हो जाता था। अगर कोई कैदी किसी तरह जेल से निकल भी जाए, तो चारों तरफ फैले गहरे समुद्र, तेज धाराओं और समुद्री जीवों के बीच बचकर निकल पाना बेहद मुश्किल था। इस जेल की सबसे बड़ी खासियत इसकी अनोखी वास्तुकला थी। इसमें कुल सात शाखाएं बनाई गई थीं, जो एक केंद्रीय टावर से जुड़ी थीं। हर कैदी को अलग-अलग कोठरी में रखा जाता था ताकि वे एक-दूसरे से संपर्क न कर सकें और किसी तरह की योजना न बना सकें।

### २२ साल से खड़े रहने वाले खड़ेश्वर बाबा की 1000 किमी की दंडवत यात्रा

**जयपुर।** राजस्थान का शेखावाटी क्षेत्र अपनी अनूठी संस्कृति, वीरों और चमत्कारी संतों की तपोभूमि के रूप में जाना जाता है। इसी कड़ी में सीकर जिले से आस्था और कठिन साधना की एक ऐसी विहंगम कहानी सामने आई है, जो हर किसी को हैरान कर रही है। उम्र 75 वर्ष से अधिक हो चुकी है, लेकिन हौसला और संकल्प किसी युवा से भी कहीं अधिक मजबूत है। पिछले 22 वर्षों से कभी न बैठने (आसन ग्रहण न करने) का अनूठा संकल्प निभाने वाले एक संत अब करीब 1000 किलोमीटर लंबी अत्यंत कठिन दंडवत यात्रा पर निकल पड़े हैं। सीकर जिले की दांतारामगढ़ तहसील के बाय गांव के रहने वाले संत शंकर दास महाराज, जिन्हें क्षेत्र के श्रद्धालु 'खड़ेश्वर बाबा' के नाम से जानते हैं, अपनी इस अनोखी तपस्या और कठिन संकल्प के कारण इन दिनों पूरे देश में चर्चा का विषय बने हुए हैं। खड़ेश्वर बाबा ने हाल ही में संपन्न हुई निर्जला एकादशी के पावन पर्व पर अपने बाय गांव स्थित आश्रम में मां दुर्गा की विशेष पूजा-अर्चना और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ इस महायात्रा की शुरुआत की है। उनका यह सफर जम्मू-कश्मीर में स्थित सुप्रसिद्ध मां वैष्णो देवी धाम के लिए शुरू हुआ है। यह यात्रा कोई सामान्य पदयात्रा नहीं है, बल्कि बाबा पूरी दूरी जमीन पर लेटकर यानी दंडवत प्रणाम (कनक दंडवत) करते हुए तय करेंगे।



# समुद्र की गहराइयों में रहता है ये दिलचस्प जीव, शरीर में हैं तीन दिल



**नई दिल्ली।** इंसान एक दिल से प्यार करता है, ब्रेकअप से वो टूटता है और फिर शख्स उसे जोड़ने की कोशिश करता है। कई शायरों ने लिखा है कि अगर उनके दो दिल होते तो वो एक ही इंसान से दो बार दिल लगाते। लेकिन, समुद्र की गहराइयों में एक ऐसा जीव है जिसके शरीर में तीन दिल हैं। ये दिल भावनाओं या प्यार के लिए नहीं बल्कि सिर्फ खून को शरीर में पंप करने के लिए काम करते हैं। यह जीव है ऑक्टोपस। इसे समुद्र का सबसे बुद्धिमान और रहस्यमयी प्राणी माना जाता है। ऑक्टोपस को आठ पैरों वाला समुद्री जीव भी कहा जाता है। यह मुख्य रूप से प्रशांत और अटलांटिक महासागर की गहराइयों में पाया जाता है। इसके तीन दिलों की वजह से यह ठंडे पानी में भी सक्रिय रह सकता है।

## बॉडी में खून के फ्लो को नियंत्रित करते हैं ये दिल

### कैसे काम करते हैं तीन दिल?

ऑक्टोपस के दो दिल उसके गिल्स (सांस लेने वाले अंग) के पास होते हैं। ये दिल पानी से ऑक्सीजन लेकर खून को शुद्ध करते हैं। तीसरा दिल पूरे शरीर में यह ऑक्सीजन युक्त खून पंप करता है। जब ऑक्टोपस तैरता है तो यह तीसरा दिल अस्थायी रूप से धीमा हो जाता है। यही वजह है कि ऑक्टोपस ज्यादा देर तक तेजी से तैर नहीं पाता. वैज्ञानिकों का कहना है कि तीन दिल होने की वजह से इसकी चयापचय प्रक्रिया बेहद कुशल है।

### सबसे स्मार्ट समुद्री जीव

ऑक्टोपस को समुद्र का सबसे बुद्धिमान जीव माना जाता है। इसका दिमाग इतना विकसित है कि यह समस्या का समाधान निकाल सकता है, जार का ढक्कन खोल सकता है, छिपकर शिकार कर सकता है और यहां तक कि मानव हाथों की नकल भी कर सकता है। कुछ ऑक्टोपस तो प्लास्टिक के कंटेनर खोलकर उसमें से केकड़ों को निकाल लेते हैं।



### प्रेग्नेंसी और जीवन चक्र

मादा ऑक्टोपस अंडे देती है और फिर उन्हें तब तक संभालती है जब तक वे फूट ना जाएं. इस दौरान वह खुद कुछ नहीं खाती। बच्चे निकलने के बाद मां अक्सर मर जाती है। ऑक्टोपस का औसत जीवनकाल 1 से 2 साल ही होता है। ऑक्टोपस का दिमाग उसके शरीर के आठों पैरों में भी फैला होता है। हर भुजा में अपना न्यूरल सिस्टम होता है। यह 3 किलोमीटर से ज्यादा गहरे पानी में भी रह सकता है। दुनिया में इसकी 300 से ज्यादा प्रजातियां हैं। सबसे बड़ा ऑक्टोपस 9 मीटर तक लंबा हो सकता है। ऑक्टोपस कैनिबल भी हो सकता है, जो भूख लगने पर छोटे ऑक्टोपस को खा जाता है। कुछ प्रजातियां जहर भी पैदा करती हैं, जैसे ब्लू-रिंग्ड ऑक्टोपस।

### रंग बदलने का कमाल

ऑक्टोपस अपनी त्वचा में मौजूद विशेष कोशिकाओं (क्रोमैटोफोर्स) की मदद से रंग बदल सकता है। यह छिपने, शिकार करने और संचार के लिए रंग बदलता है। कुछ प्रजातियां तो मिनटों में अपने आसपास के वातावरण में घुल-मिल जाती हैं। इसकी अनोखी शारीरिक बनावट होती है। इसकी आठ लचीली भुजाएं हैं, जिनमें सैकड़ों चूषक लगे होते हैं। इसकी बॉडी में तीन दिल और नीला खून (कॉपर आधारित हीमोसायनिन की वजह से) होता है। इसकी बॉडी में कोई हड्डी नहीं होती। सिर्फ नरम शरीर है जो छोटी जगहों से भी गुजर सकता है। तीन दिलों के अलावा यह बेहद तेजी से रंग और आकार बदल सकता है।

## पैरों से भी सुन सकते हैं आवाज!

# दुनिया का रहस्यमयी जानवर सबसे बड़े दिमाग का मालिक



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हाथी का विशाल शरीर देखकर हर कोई हैरान रह जाता है। लेकिन, इसके शरीर और व्यवहार से जुड़े कई ऐसे रहस्य हैं, जो आपको हैरत में डाल देंगे। हाथी सिर्फ बड़ा जानवर नहीं है, बल्कि प्रकृति का एक अद्भुत चमत्कार है। सबसे बड़ा दिमाग, लंबी याददाश्त, सूंड का जादू, पैरों से सुनने की क्षमता और 22 महीने की गर्भावस्था- ये सब हाथी को दुनिया का सबसे रहस्यमयी जानवर बनाते हैं। हाथी का दिमाग पांच किलो तक वजन का होता है, जो किसी भी स्थलीय जानवर का सबसे बड़ा दिमाग है। इंसान का दिमाग औसतन 1.4 किलो का होता है। इतने बड़े दिमाग की वजह से हाथी की याददाश्त बेहद तेज होती है। वैज्ञानिकों का मानना है कि हाथी 50 साल पुरानी घटनाओं, जगहों और साथियों को आसानी से याद रख सकता है।

### सूंड-हाथी के सबसे काम का अंग

हाथी की सूंड ना सिर्फ सूंघने का काम करती है, बल्कि यह एक मल्टीपर्पज टूल है। छोटे-छोटे तिनके, फल, मिट्टी के ढेले से लेकर 300-400 किलो की भारी लकड़ी तक आसानी से उठा लेता है। सूंड में 40,000 से ज्यादा मांसपेशियां होती हैं, जो इसे बेहद निपुण बनाती हैं। हाथी सूंड से पानी पीता है, नहाता है, खाना खाता है, दूसरे हाथियों से संपर्क करता है और यहां तक कि पेड़ की पत्तियां तोड़कर मुंह तक पहुंचाता है।

# बारिश बुलाने की सदियों पुरानी अनोखी परंपरा आज भी जिंदा

**हैदराबाद।** तेलंगाना में कई गांव बारिश के लिए केवल मौसम विभाग की भविष्यवाणियों का इंतजार नहीं करते। बारिश हो इसके लिए वो अपनी पुरानी परंपराओं का सहारा लेते हैं। ऐसा ही एक अनोखा और दिलचस्प अनुष्ठान इन दिनों तेलंगाना के चिन्ना बोनाला गांव में देखने को मिला, जहां गांव वालों ने अच्छी बारिश की कामना के लिए 'कप्पा थल्ली अट्टा' नामक पारंपरिक अनुष्ठान किया। दरअसल, मानसून लगातार करवटें बदल रहा है। इसने केरल के तटों पर दस्तक तो तय समय के आसपास ही दी थी पर देश के बाकी हिस्सों में ये आंखमिचौली खेल रहा है। मौमस विभाग मानसून को लेकर लगातार अपडेट देता रहता है। इसने बताया है कि दक्षिण-पश्चिम मानसून तेजी से आगे बढ़ रहा है और इसने महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, ओडिशा, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, झारखंड और बिहार के कई हिस्सों में दस्तक दे दी है। उत्तर भारत और दिल्ली-एनसीआर में भी प्री-मानसून बारिश शुरू हो गई है और अगले कुछ दिनों में मानसून के यहां पहुंचने की संभावना है।

## मेंढक की शादी नहीं, कप्पा थल्ली अट्टा!



### बारिश के लिए प्रचलित लोक परंपराएं

भारत के अलग-अलग हिस्सों में बारिश के लिए कई लोक परंपराएं प्रचलित रही हैं। कहीं मेंढकों की प्रतीकात्मक शादी कराई जाती है, तो कहीं विशेष पूजा-पाठ और यज्ञ आयोजित किए जाते हैं। तेलंगाना का 'कप्पा थल्ली अट्टा' भी ऐसी ही एक लोक परंपरा है, जो गांव के समाज की सांस्कृतिक विरासत और प्रकृति पर उनकी निर्भरता को दर्शाती है। विशेषज्ञ मानते हैं कि भले ही इन रस्मों का मौसम विज्ञान से सीधा संबंध न हो, लेकिन इनसे गांव में सामाजिक एकता मजबूत होती है। साथ ही किसानों और ग्रामीणों को कठिन समय में मानसिक संबल भी मिलता है। यही वजह है कि आधुनिक दौर में भी ऐसी परंपराएं कई गांवों में जीवित हैं। आज जब जलवायु परिवर्तन और अनियमित मानसून किसानों के लिए नई चुनौतियां पैदा कर रहे हैं, तब चिन्ना बोनाला गांव में आयोजित 'कप्पा थल्ली अट्टा' यह याद दिलाता है कि भारतीय ग्रामीण समाज में प्रकृति, आस्था और सामुदायिक जीवन का रिश्ता कितना गहरा रहा है।

### अनुष्ठान में क्या करते हैं ग्रामीण?

इस अनुष्ठान के दौरान गांव वाले जलाभिषेक करते हैं और गांव के देवी-देवताओं से प्रार्थना करते हैं कि समय पर अच्छी वर्षा हो, खेतों में हरियाली लौटे और जल स्रोत फिर से भर जाएं. गांव वालों का मानना है कि यह परंपरा प्रकृति और देवताओं के प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक तरीका है। गांव के निवासी बोलगम नागराजू ने बताया कि जब बारिश की कमी से किसान परेशान हो जाते हैं, तब पूरा गांव एकजुट होकर यह अनुष्ठान करता है। उन्होंने कहा कि सभी आयु वर्ग के लोग इसमें शामिल होते हैं और गांव के देवताओं से पर्याप्त वर्षा, अच्छी फसल, संसाधनों की उपलब्धता, पशुधन के स्वास्थ्य और पूरे गांव की समृद्धि की प्रार्थना करते हैं।

SHREE NARAYANA HOSPITAL
Quality Health Care for All..
NABH
प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग
- नॉर्मल/सिजेरियन डिलीवरी एवं हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी केयर
- मेनोपॉज (रजोनिवृत्ति) क्लीनिक (Pap Smear, Sonography, Colposcopy एवं BSE)
- Adolescent Clinic (माहवारी में तकलीफ/बंद होना)
- बच्चेदानी में गांठ या रसौली, बच्चेदानी के मुंह के कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, स्तन कैंसर आदि की सर्जरी

परामर्श हेतु - सोमवार से शनिवार, समय : 10.00 से 5.00 बजे तक
सभी कार्पोरेट, शासकीय योजनाओं एवं इंश्योरेंस से मान्यता प्राप्त
देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)
www.snh.org.in
9300373737



कालड़ा हॉस्पिटल यूनिट ऑफ कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर
फाइलेरिया
हाथी पांव एवं अन्य अंगों का ईलाज
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9424201700



Divisa
www.divisastore.com
Clinically Tested*
*For efficacy and safety.
हर बार नया क्यों ? बार बार आज़माइश छोड़ियें
अपनी त्वचा पर प्रयोग करना बंद कीजिए, क्यूंकि आपका आयुर्वेदिक रूप मंत्रा ही है सर्वश्रेष्ठ जोकि आपके चेहरे की त्वचा को भीतर से निखारने एवं चमकदार बनाने में अति सहायक है, साथ ही यह डार्क सर्कल्स एवं छाइयों को कम करके आपके चेहरे को उज्जवल रखने में भी मदद करता है।
1 Paraben Free
2 Alcohol Free
3 Steroids Free
4 Silicon Free
5 Mineral Oil Free
शुद्ध आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों से निर्मित
रूप मंत्रा आयुर्वेदिक क्रीम में मौजूद ऐलोवेरा, तुलसी, द्राक्षा, हरिद्रा, चंदन, बादाम इत्यादि आयुर्वेदिक जड़ी बूटियाँ चेहरे पर प्राकृतिक नमी सुरक्षित रख एक ट्रीटमेंट की तरह कार्य करती हैं। यह कोई कॉस्मैटिक नहीं आयुर्वेदिक औषधि है।
Helpline : 87259 66666 | www.roopmantra.com






हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com